डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
सोमवार
14.11.2022
मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 06
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास


# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-29 अंक-30 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50


**रश्मि प्रवाह**

मनुष्य को हमेशा यह नहीं सोचना चाहिए कि वह अपने जीवन में कितना खुश है, बल्कि यह सोचना चाहिए की उस मनुष्य की वजह से दूसरे कितने खुश हैं।



# खूंटी में हो रहे बिरसा जयंती समारोह में शामिल होंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू



## कार्यक्रम में बदलाव, 14 की जगह 15 नवम्बर को झारखंड पहुंचेंगी राष्ट्रपति

## राष्ट्रपति के सरकारी कार्यक्रम में शामिल नहीं होने को लेकर कई चर्चाएं

**रांची।** झारखंड स्थापना दिवस के आधिकारिक कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के शामिल नहीं होने को लेकर कई तरह की चर्चाएं हैं। चर्चाओं के मुताबिक, हाल के दिनों में पश्चिम बंगाल के मंत्री अखिल गिरि ने राष्ट्रपति को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस टिप्पणी को लेकर झामुमो या झारखंड की सरकार की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी, इसे लेकर नाराजगी बतायी जा रही थी। दूसरी ओर झारखंड के सत्ताधारी लोगों में से कई लोगों के खिलाफ चल रही कार्रवाई को भी एक कारण बताया जा रहा है। गौरतलब है कि राज्य में अवैध खनन व उससे जुड़े मनी लाउंड्रिंग के केस में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ के लिए समन भेजा जा चुका है। इन वजहों से राष्ट्रपति के सरकारी कार्यक्रम में शामिल नहीं होने की वजह के तौर पर देखा जा रहा है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के झारखंड दौरे में बदलाव हुआ है। राष्ट्रपति अब 14 की जगह 15 नवम्बर को झारखंड पहुंचेंगी। वहीं, राष्ट्रपति मोरहाबादी मैदान में होनेवाले राज्य स्थापना दिवस समारोह में शामिल नहीं होंगी। पूर्व कार्यक्रम के तहत राष्ट्रपति को 14 नवम्बर को देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करना था। उसके बाद रांची का कार्यक्रम था। 14 नवम्बर को राजभवन में रात्रि विश्राम के साथ ही राज्य के कई प्रमुख नेताओं के साथ डिनर की भी तैयारी की जा रही थी, लेकिन इसी बीच उनके शेड्यूल में परिवर्तन की खबर आयी है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक राष्ट्रपति का शेड्यूल बदल गया है। अब वह 15 नवम्बर को रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगी और वहीं से भगवान बिरसा की जन्मस्थली खूंटी स्थित उलीहातू चली जायेंगी। उलीहातू में भगवान बिरसा की जयंती समारोह में शिरकत करने के बाद हेलीकॉप्टर से रांची एयरपोर्ट लौटकर सीधे जबलपुर के लिए रवाना हो जायेंगी। मोरहाबादी में राज्य स्थापना दिवस समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन को लेकर जोर-शोर से तैयारी की जा रही थी। रांची एयरपोर्ट से राजभवन तक के मार्ग को दुरुस्त किया जा रहा था। पुलिस की तरफ से स्पेशल सिक्योरिटी जांच की कवायद भी चल रही थी। तमाम प्रशासनिक और पुलिस के अधिकारी व्यवस्था को लेकर मीटिंग कर रहे थे। राष्ट्रपति के राज्य स्थापना दिवस समारोह में आने को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी ट्वीट कर खुशी जाहिर की थी, लेकिन अचानक उनके शेड्यूल में परिवर्तन से कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गयी हैं।

# छतरपुर से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना की पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना पर शनिवार की देर रात थाना क्षेत्र के मंदेया गांव में छापेमारी कर एक घर से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। पुलिस के अनुसार अवैध शराब की खेप को बिहार ले जाने की तैयारी थी। छत्तरपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि न्यू प्राथमिक विद्यालय मंदेया गांव के पास से एक घर में भारी मात्रा में अवैध शराब की बोतलें छिपा कर रखी गई थी। मौके से पुलिस ने लगभग व्हिस्की की 10320 बोतल, 624 छोटी-बड़ी बोतल बरामद की है। जिसकी कीमत लाखों में आंकी गई है। छापेमारी टीम का नेतृत्व एसआई प्रियरंजन कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि वरीय पदाधिकारी को सूचना मिली थी कि मंदेया गांव निवासी राजू राम गांव में ही अवैध रूप से शराब का निर्माण और भंडारण कर रहा है। सूचना के सत्यापन के लिए जब छतरपुर पुलिस मंदेया गांव पहुंची तो एक घर से तीन- चार लोगों को भागते हुए देखा गया। संदेह होने पर पुलिस ने घर में छापेमारी की। जिसमें पुलिस को यह सफलता मिली है। पुलिस इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# स्पीकर ने राज्यपाल को दिया आमंत्रण



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने रविवार को राजभवन में राज्यपाल रमेश बैस से शिष्टाचार भेंट की और 22 नवम्बर 2022 को झारखंड विधानसभा की स्थापना दिवस समारोह में सम्मिलित होने के लिए उन्हें आमंत्रित किया। इस अवसर पर राज्यपाल को उन्होंने अपनी पुस्तक विचारों के ग्यारह अध्याय सप्रेम भेंट भी की।

# राज्यसभा सांसद समीर उरांव पर जानलेवा हमला



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड से राज्यसभा सांसद और भाजपा के एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव पर जानलेवा हमला बरमुरा से अगरतला लौटने के दौरान हमला हुआ, जिसमें वह घायल हो गये हैं। हमला उस वक्त हुआ जब एक बैठक के बाद लौट रहे थे। टिपरा मोथा समर्थकों पर हमले का आरोप है। समीर उरांव के साथ पार्टी नेता विकाश देववर्मा और विद्युत देववर्मा भी मौजूद थे। समीर उरांव इन दिनों त्रिपुरा में होनेवाले आगामी विधानसभा चुनाव के लिए बूथ विजय अभियान में भाग लेने त्रिपुरा के दौरे पर हैं।

# सोन नदी पर पुल बनने से तीन किमी. में पहुंच जायेंगे बिहार : सांसद

## श्रीनगर व पढ़ुका के बीच आज केंद्रीय मंत्री करेंगे शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सांसद विष्णुदयाल राम ने कहा कि झारखंड के गढ़वा जिले के कांडी प्रखंड के श्रीनगर गांव और बिहार राज्य के रोहतास जिले के पढ़ुका गांव स्थित सोन नदी पर पुल निर्माण का शिलान्यास भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के मंत्री नितिन गड़करी 14 नवंबर को करेंगे। यह एक ऐतिहासिक कार्य है। यह पुल जितना बिहार के लिए महत्वपूर्ण है उससे भी कही अधिक पलामू व गढ़वा जिले सहित झारखंडवासियों के लिए है। रविवार को वे आरकेभीएस बीएड कॉलेज में पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पुल निर्माण की मांग यहां के लोग वर्षों से कर रहे थे। पुल निर्माण की स्वीकृति के लिए वर्ष 2014 से ही प्रयासरत था। इस मामले को लोकसभा में शून्यकाल के दौरान एवं नियम 377 के अंतर्गत कई बार सदन में उठाता रहा। साथ ही पत्राचार के माध्यम से व व्यक्तिगत रूप से मंत्री नितिन गड़करी से भी मिलकर स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया था। जिसका परिणाम रहा कि 15 मार्च 2021 को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा ब्रीज निर्माण की स्वीकृति मिली। जिसके अनुसार पहुंच पथ सहित टू-लेन उच्चस्तरीय आरसीसी पुल (लंबाई 2.15 कि0मी0) के लिए 210.13 करोड़ (दो सौ दस करोड़ तेरह लाख) की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके कार्यन्वयन की अवधि 24 महीने की होगी। सांसद ने कहा कि पुल के निर्माण से न केवल गढ़वा से बिहार, उत्तर प्रदेश की दूरी कम होगी। बल्कि यहां से लखनऊ पीजीआई ईलाज कराने जाने वाले को भी अत्यधिक आसानी होगी। शायद यह दूसरी जगहों के लोगों को यह पता नहीं होगा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दोनों जिले पलामू व गढ़वा से सैकड़ों की संख्या में मरीज इलाज के लिए प्रतिमाह पीजीआई लखनऊ जाते हैं। सोन नदी पर बनने वाले इस पुल से न सिर्फ गढ़वा जिले को लाभ होगा। बल्कि छतीसगढ़ के सीमावर्ती इलाके के लोग भी लाभान्वित होंगे। व्यापार बढ़ने के साथ-साथ रोजगार के नए-नए अवसर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## कमलदेव गिरि हत्याकांड : शव यात्रा में नारेबाजी करने पर पथराव

# पुलिस ने किया लाठीचार्ज, छोड़े आंसू गैस के गोले



**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** चक्रधरपुर के हिंदूवादी युवा नेता कमल देवगिरि हत्याकांड के बाद उनके शव का रविवार को पोस्टमार्टम किया गया। शव को लाने के क्रम में पवन चौक पर तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी, जिसमें कई लोग घायल हो गये। हालांकि, पुलिस ने हालात को संभाल लिया। चक्रधरपुर में तनाव के बाद पश्चिम सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल और एसपी आशुतोष शेखर चक्रधरपुर पहुंच गये हैं। पोस्टमार्टम के बाद लोगों ने शव को पवन चौक पर रखा, वहां पहले से ही लगभग तीन हजार लोगों की भीड़ जमा थी। शव लाने के क्रम में लोगों ने पुलिस-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसी दौरान वहां एक गुट की तरफ से अचानक पथराव होने लगा। जिसके बाद दोनों तरफ से पत्थरबाजी शुरू हो गयी। भीड़ ने आधा दर्जन से अधिक दुकानों में तोड़फोड़ की। भीड़ ने एक पुलिस वाहन को भी तोड़ डाला। इस दौरान कुछ देर तक पुलिस जवान मुखदर्शक बने रहे। बाद में रैपिड एक्शन फोर्स को आदेश दिया गया और भीड़ पर लाठी चार्ज किया गया और भीड़ तीतर-बित्तर हो गयी। इस दौरान कुछ लोगों को चोटें आयी हैं।

आक्रोशित भीड़ को काबू में करने के लिए पुलिस ने हल्का बल का प्रयोग किया और आंसू गैस दागी गयी। पुलिस को भी स्थिति नियंत्रण करने में भारी मशक्कत करनी पड़ी, जिसके बाद कमल देव गिरि के शव को अंत्येष्टि के लिए श्मशान ले जाया गया। वर्तमान में चक्रधरपुर शहर की स्थिति तनावपूर्ण है, लेकिन पुलिस ने स्थिति नियंत्रण में कर रखा है। इस दौरान अनुमंडल अस्पताल परिसर में पोड़ाहाट एसडीओ रीना हांसदा, चाईबासा हेडक्वार्टर डीएसपी सुधीर कुमार, चाईबासा इंस्पेक्टर परवीन कुमार, चक्रधरपुर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# इंग्लैंड ने जीता टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब




**मेलबर्न (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेले गये आईसीसी टी-20 विश्व कप के फाइनल मैच में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया है। इंग्लैंड ने सैम करन की शानदार गेंदबाजी (12 रन देकर तीन विकेट) की बदौलत पाकिस्तान को 137 रन पर रोकने के बाद बेन स्टोक्स (52) की अर्धशतकीय पारी की बदौलत एक ओवर शेष रहते 138 रन बनाते हुए खिताबी जीत अपने नाम की।

इससे पहले इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पाकिस्तान को बल्लेबाजी के लिए बुलाया और विपक्षी खिलाड़ियों को कभी तेज रफ्तार से रन बनाने का मौका नहीं दिया। सैम करन ने पांचवें ओवर में मोहम्मद रिजवान (15) को आउट करके इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई, जबकि मोहम्मद हारिस रन गति बढ़ाने के प्रयास में 12 गेंदों पर आठ रन बनाकर आउट हो गये। कप्तान बाबर आजम ने 32 रन बनाए, लेकिन इसके लिये उन्होंने 28 गेंदें खेलीं। पाकिस्तान के छह बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके और टीम ने लगातार विकेट गंवाने के कारण आखिरी पांच ओवरों में सिर्फ 31 रन जोड़े। इंग्लैंड के लिए करन ने किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में सिर्फ 12 रन देकर तीन विकेट लिये, जिनमें पाकिस्तान के लिए सर्वाधिक रन बनानेवाले शान मसूद (38) का विकेट भी शामिल था। इसके अलावा आदिल रशीद ने चार ओवर में 22 रन देकर बाबर सहित दो बल्लेबाजों को आउट किया। इसके अलावा क्रिस जॉडर्न ने दो विकेट लिये जबकि बेन स्टोक्स ने एक विकेट अपने नाम किया।

# यह सुनिश्चित करना सबकी जिम्मेदारी है कि कानून दमन का साधन नहीं बने, बल्कि न्याय का साधन बना रहे : डीवाई. चंद्रचूड़

**- ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ ने हिंदुस्तान टाइम्स लीडरशिप समिट में जो कहा उसको लेकर लोगों में कई तरह की बातें होने लगी हैं। कुछ का कहना है- लगता है न्यायपालिका इनके दो वर्ष के कार्यकाल में सत्ता की पड़ रही छाया से थोड़ा उबरने की कोशिश करेगी। यदि इसमें पचास प्रतिशत भी सफलता मिल गयी, तो बहुत से लोगों का भला हो जायेगा। विशेषकर वे जो केंद्रीय हुक्मरानों के इशारे पर टारगेट बना केंद्रीय जांच एजेंसियों द्वारा की जा रही मनमानी व प्रताड़ना से बहुत ही परेशान हैं। कई के तो घर, परिवार, धंधा, राजनीति, कैरियर सब बरबाद हो गये। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने हिंदुस्तान टाइम्स लीडरशिप समिट में कहा- 'यह सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है कि कानून दमन का साधन नहीं बने, बल्कि न्याय का साधन बना रहे। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि नागरिकों को अपेक्षा रखना बहुत अच्छा है, लेकिन हमें सीमाओं के साथ-साथ संस्थानों के रूप में अदालतों की क्षमता को भी समझने की जरूरत है।' उन्होंने कहा कि कभी-कभी कानून और न्याय एक ही ट्रैजेक्टरी का पालन नहीं करते हैं। कानून न्याय का एक साधन हो सकता है, लेकिन कानून उत्पीड़न का भी एक साधन हो सकता है। हम जानते हैं कि कैसे औपनिवेशिक काल में वही

- **औपनिवेशिक काल में वही कानून जैसा कि आज कानून की किताबों में मौजूद है**
- **दमन के एक साधन के रूप में किया जा सकता है इस्तेमाल**

कानून जैसा कि आज कानून की किताबों में मौजूद है, दमन के एक साधन के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। हम नागरिकों के रूप में यह कैसे सुनिश्चित करें कि कानून न्याय का साधन बने और कानून उत्पीड़न का साधन न बने? भारत मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मुझे लगता है कि कानून को संभालने में सभी निर्णयकर्ता शामिल हों, न कि केवल न्यायाधीश। जो चीज लंबे समय तक न्यायिक संस्थानों को बनाये रखती है, वह करुणा की भावना, सहानुभूति की भावना और नागरिकों के रोने का जवाब देने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि जब आपके पास अपने सिस्टम में अनसुनी आवाजों को सुनने की क्षमता है, सिस्टम में अनदेखे चेहरे को देखने की क्षमता है और फिर देखें कि कानून और न्याय के बीच संतुलन कहां है, तो आप वास्तव में एक न्यायाधीश के रूप में अपना मिशन पूरा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया ने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक को पेश किया है। क्योंकि एक जज द्वारा कोर्ट रूम में कहे जाने वाले हर छोटे शब्द की रियल-टाइम रिपोर्टिंग होती है और एक जज के रूप में आपका लगातार मूल्यांकन किया जाता है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि हम इंटरनेट और सोशल मीडिया के युग में रहते हैं, जो यहां रहने के लिए है। मेरा मानना है कि हमें फैशन, री-इंजीनियरिंग, नये समाधान खोजने, फिर से प्रशिक्षित करने, फिर से तैयार करने, यह समझने की कोशिश में अपनी भूमिका पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है कि हम जिस उम्र में रह रहे हैं, उसकी चुनौतियों का सामना कैसे करते हैं। इस बारे में सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ कील बीएस बिल्लोरिया का कहना है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश के इस कहे से एक बड़ी उम्मीद बनी है। कानून का जिस तरह से प्रयोग अपने विरोधियों को, उनके समर्थक उद्योगपतियों, सहयोगियों को दबाने, डराने के लिए किया जा रहा है या जो लोग सर्वोच्च सत्ता के किसी भी नीति से असहमत हैं, उसे चाहे सोशल मीडिया या अन्य मीडिया के मार्फत कहना चाहते हैं, उनको प्रताड़ित किया जा रहा है। इससे लोगों में दहशत है। इन हालात में यदि ईडी या सीबीआई या निया के जो मामले में अदालतों में गये हैं यदि उन पर न्यायपालिका नीर-क्षीर विवेचना के हिसाब से अमल शुरू करना शुरू करे, तो हुक्मरानों व केंद्रीय एजेंसियों के लिए अपनी तमाम करनी सही साबित करनी मुश्किल हो जायेगी। लगभग यही बात वरिष्ठ वकील वी. चतुर्वेदी का भी कहना है।

## न्यूज गैलरी

### सुवरदह नदी पर साढ़े तीन करोड़ की लागत से होगा पुल निर्माण

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद विस क्षेत्र के विधायक कमलेश कुमार सिंह के अनुशांसा पर हुसैनाबाद प्रखंड के झरगाड़ा उतरी में सुवरदह नदी पर पुल निर्माण कार्य की निविदा निकाल दी गई है। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि दौरे के क्रम में ग्रामीणों ने पुल की मांग की थी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग को पुल निर्माण कराने की अनुशासा की थी। अनुशांसा के आलोक में ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा पुल निर्माण कार्य की निविदा निकाल दी है। उन्होंने कहा कि पुल निर्माण हो जाने से बड़ी आबादी को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। विधायक ने बताया कि ग्रामीणों की मांग पर क्षेत्र के अन्य कई स्थानों पर भी पुल निर्माण की अनुशांसा की गई है। जल्द ही अन्य पुलों के निर्माण के लिए भी निविदा निकाली जायेगी। पुल निर्माण कार्य की निविदा निकलने से ग्रामीणों में खुशी है। पंचायत के लोगों ने विधायक का आभार जताया है।

### दिवंगत भाजपा नेता की मनी पहली पुण्यतिथि

**हरिहरगंज।** भाजपा युवा मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष दिवंगत सुमित श्रीवास्तव की पहली पुण्यतिथि रविवार को थाना रोड स्थित होटल अमृत में मनायी गयी। दिवंगत नेता के पिता अधिवक्ता विजय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी संवेदना व्यक्त की। मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि स्व. सुमित श्रीवास्तव के निधन से समाज में एक खालीपन आ गया है। काफी कम समय में ही उन्होंने अपनी जीवटता व जुझारूपन से राजनीति में एक मुकाम हासिल किया था। सुमित श्रीवास्तव के अधूरे कार्यों को उनके सपने को पूरा करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान दिवंगत सुमित श्रीवास्तव के पुण्यतिथि पर सैकड़ों गरीब, असहाय व जरूरतमंदों के बीच कंबल व नगद राशि का वितरण किया गया। साथ ही भोज का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर दिवंगत के पिता विजय कुमार सिन्हा, अखिल भारतीय कायस्थ समाज के जिला महामंत्री बिपिन बिहारी सिन्हा, भाजपा नेता सूर्यांशु सिंह, चंदन प्रजापति, शिक्षिका अमृता सिन्हा, समाजसेवी संतोष प्रजापति, कृष्णा प्रसाद लाल, ममता सिन्हा, अशोक सिन्हा, सुनीता देवी, किशन राज, दीपा सिन्हा, कृष राज, जतिन श्रीवास्तव, सौरभ सिंह, रवि सिंह, गोलू, नीरज आदि उपस्थित थे।

### विधायक ने चेक डैम का शिलान्यास किया

**पाटन।** खाम्ही बंका नाला पर पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद मनोज कुमार ने चेक डैम का शिलान्यास किया। यह चेक डैम 66 लाख के रुपए की लागत से निर्माण कराया जायेगा। शिलान्यास के मौके पर पुष्पा देवी ने ग्रामीण जनता को बताया कि चेक डैम निर्माण होने पर जल संचयन होगा और किसानों को सिंचाई करने में सहूलियत होगी। पूर्व सांसद मनोज कुमार ने बताया कि क्षेत्र में विकास की लकीर खींची जायेगी। शिलान्यास के मौके पर विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, संजय सिंह, निर्भय सिंह, चंद्रकांत उपाध्याय, शुभम क्रांति, अजीत मेहता, कन्हाई चौधरी, समेत अन्य ग्रामीण कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम बैनर की चोरी

**सतबरवा।** जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष श्रवण कुमार ने आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का बड़ा बैनर मेला टांड़ सतबरवा से चोरी हो जाने का आवेदन सतबरवा थाना में रविवार को दिया है। आवेदन में जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष श्रवण कुमार ने कहा है कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा आपकी योजना, आपकी सरकार ,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जो ऐतिहासिक रहा है। इसी संदर्भ में मेला टांड सतबरवा में बैनर लगाया गया था। जो चोरी हो गया है। झामुमो नेता ने कहा कि झारखंड के हेमंत सोरेन सरकार के द्वारा जो ऐतिहासिक विकास जनता के लिए किया जा रहा है ,इससे कुछ लोगों को टेंशन हो गया। जिससे लोग यह कार्य कर रहे हैं।

### हिंदुस्तान फर्नीचर खुलने से लोगों को मिलेगी सहूलियत: राजेन्द्र

**हैदरनगर।** मोहम्मदगंज मुख्य पथ के हाई स्कूल के समीप हिंदुस्तान फर्नीचर का शोरूम व दुकान का विधिवत उद्घाटन झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने फीता काटकर किया। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि श्री सिन्हा ने कहा कि हिंदुस्तान फर्नीचर खुल जाने से हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र के लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि शादी विवाह के मौके पर लोगों को हैदरनगर से 90 किलोमीटर दूर मेदिनीनगर अपनी बिटिया के शादी में देने के लिए जाना पड़ता है। किन्तु अब यहां ही क्षेत्र के लोगों को उचित दामों पर फर्नीचर उपलब्ध होगा। मौके पर हिंदुस्तान फर्नीचर के प्रोपराइटर जितेंद्र कुमार सिंह के अलावा झामुमों के जिला मीडिया प्रभारी विवेक कुमार सिंह, जिला सचिव सन्नू सिद्दीकी, श्याम नारायण सिंह, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, राजेश सिन्हा, गुड्डू सिंह, रंजीत सिंह, योगेंद्र सिंह, लल्लू सिंह, रामप्रवेश सिंह, मोजिबुदिन खां, अजहर अली उर्फ चिंटू, रशीद खां, रहमान खां, अनिल सिंह, प्रमोद सिंह, शर्फराज खां, भोला सिंह, विकास सिंह, मंटू सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### रेहला दलित बस्ती के शिव चबूतरे का होगा सुंदरीकरण : मणिभूषण

**बिश्रामपुर।** नगर परिषद के मुख्य कस्बा रेहला में समाजसेवी मणिभूषण पांडेय अपने समर्थकों के साथ भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों का हालचाल जाना। रेहला दलित बस्ती में महिलाओं ने एक प्राचीन शिव चबूतरे का जीर्णोद्वार कराने की मांग श्री पांडेय से की। मणिभूषण पांडेय ने पहले भगवान शिव की पूजा अर्चना की। उसके बाद उन्होंने शिव चबूतरे का जीर्णोद्वार अपने निजी खर्च से करवाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आस्था के प्रतीक इस शिव चबूतरे का सुंदरीकरण भी कराया जायेगा। मौके पर विश्वनाथ सिंह, लव कुमार सिंह,मनोज राम,सविता देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

### आसेहार विद्यालय में छात्र-छात्राओं के बीच ट्रैक सूट का वितरण

**सगालीम।** स्टोन माइंस संचालक कुमार सौरभ ने स्तरोन्नत उच्च विद्यालय आसेहार के 48 छात्र छात्राओं के बीच ट्रैक सूट का वितरण किया। उन्होंने विद्यालय में हो रहे खेलकूद में विजेता को ड्रेस देकर उत्साहित करने का काम किया है। मौके पर कुमार सौरभ ने कहा कि खेल में हार जीत से नहीं घबराना चाहिए । खेल से उनका कौशलता निखरती है। खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि आसेहार विद्यालय के छात्रा - छात्राएं खेल कूद के लिए बाहर जाते हैं । तो उनकी कोई पहचान नहीं होती है। पहचान नहीं होने के कारण अपने आप में काफी कुछ कमी महसूस करते हैं। लेकिन किसी से कह नहीं पाते हैं। इसको देखते हुए मैने 48 छात्र छात्राओं के बीच खिलाड़ियों वाला ड्रेस का वितरण किया है।

# गजना महोत्सव की तैयारी को लेकर बनी रणनीति

## आयोजन समिति का हुआ विस्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखंड व बिहार के सीमावर्ती क्षेत्र गजना महोत्सव 2022 के आयोजन की रूपरेखा तय करने हेतू गजना धाम परिसर में बैठक हुई। जिसमें गजना महोत्सव की तैयारी को लेकर रणनीति बनाई गई। इसकी अध्यक्षता भाजपा के वरिष्ठ नेता रामप्रवेश सिंह ने की। इस बैठक में गजना महोत्सव आयोजन समिति जो पूर्व से चली आ रही थी। उसका विस्तार किया गया। जिसमें संरक्षक मंडल में पूर्व के लोगों के साथ रामप्रवेश सिंह, उपाध्यक्ष प्रोफेसर सुनील सिंह, रामजीत शर्मा, मुस्ताक अहमद, भुनेश्वर प्रसाद मेहता, भाजपा राष्ट्रीय किसान मोर्चा के सदस्य अशोक कुमार सिंह, सचिव आमोद चंद्रवंशी, सह सचिव राजकुमार रजक, शंकर प्रसाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता, गणेश पासवान, करेस पासवान, अरविंद पासवान, निर्मल सिंह एवं रमेश सिंह गौतम आदि के अलावा महोत्सव के संयोजक जयप्रकाश सिंह एवं नरेश गुप्ता होंगे। बैठक में प्रस्ताव पारित कर उपस्थित सभी व्यक्ति महोत्सव समिति के कार्यसमिति सदस्य होंगे । जबकि बैठक में अरविंद कुमार, संतोष कुमार सिंह, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, कर्मदेव रजवार, गौरव कुमार सिंह, शंकर सिंह,रामलाल विश्वकर्मा, अशोक मेहता, दिलीप ठाकुर, सरोज प्रसाद, भृगुनाथ सिंह, रामजीत शर्मा, सुनील कुमार, निर्मल सिंह, राजेश कुमार, उमेश प्रसाद मौजूद थे । वर्ष 2004 से गजना महोत्सव मनाने का आयोजन अभी तक होते आ रहा है । वर्ष 2019 में बिहार सरकार के द्वारा महोत्सव मनाने हेतु 15 लाख रुपए स्वीकृत किया गया था, जो कि 2020 एवं 2021 में करोना काल के कारण यह आयोजन हेतु बिहार सरकार राशि उपलब्ध नहीं करा पाई थी।अब यह आगामी 6, 7 एवं 8 दिसंबर 2022 को आयोजन समिति के द्वारा तिथि निर्धारित की गई है। जिसमें उक्त तिथि को बिहार सरकार पर्यटन, संस्कृति एवं युवा कल्याण मंत्रालय से सरकारी राजस्व प्राप्त करने हेतु समिति का गठन किया गया है। जिसमें आमोद कुमार, दूधेश्वर मेहता, गणेश पासवान, सुनील सिंह, राजकुमार रजक आदि का नाम शामिल है।

# डिवाइडर से टकराई कार एयर बैग ने बचाई जान

## मामला हुसैनाबाद बक्शी स्कूल के अंडर पास का



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** बक्शी उच्च विद्यालय जपला रेलवे अंडर पास के नजदीक शनिवार की रात्रि करीब 8 बजे एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें कार चालक नबीनगर थाना क्षेत्र के नॉउर गांव निवासी भरत पांडेय उम्र 32 वर्ष घायल हो गये । जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या बीआर 24 जीरो 175 जिसमें चालक सहित दो लोग सवार थे। कार चालक रेल फाटक बंद होने के कारण पटेल चौक से होते हुए अपने घर जा रहा था। तभी अंडर पास पुल में आगे से मोटरसाइकिल के लाइट से चकाचौंध होकर तेज रफ्तार में अनियंत्रित होकर पुल के गेट के डिवाइडर से टकरा गया। टक्कर इतना जबरदस्त था कि कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। लेकिन एयर बैग खुल गया जिसके कारण चालक घटना स्थल पर घायल हो गया और उसके दूसरे साथी डर से चालक को छोड़ कर भाग गये। लेकिन चालक की जान बच गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना हुसैनाबाद थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस उक्त स्थल पर पहुँचकर स्थानीय लोगों की सहयोग से अनुमंडलीय अस्पताल पहुँचाया । वहीं क्षतिग्रस्त गाड़ी को हुसैनाबाद थाना में लाया गया हैं।

# जिला पार्षद ने कोचिंग सेन्टर का किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** नगर परिषद अंतर्गत गोदरमा खुर्द के बरवाडीह टोला में रविवार को डॉ. भीम राव अंबेडकर शिक्षण संस्थान का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि विश्रामपुर जिला पार्षद विजय रविदास व समाजसेवी सुनील चौधरी ने सामूहिक रूप से अम्बेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्वलित करते हुए फीता काट कर किया। संस्थान के निदेशक सुरेंद्र भारती ने बताया कि सभी छात्र छात्राओं को यहां फ्री में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दी जायेगी। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पार्षद विजय रविदास ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा की फ्री कोचिंग संस्थान में अपने बच्चों को जरूर भेजें। क्योंकि शिक्षा शेरनी का वह दूध है जिसको जो जितना पियेगा, वह उतना ही दहाड़ेगा। पार्षद ने बच्चों को किसी भी सूरत में नशा से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा की बच्चे नशा को दुश्मन और किताब को दोस्त समझे। साथ ही इन्होंने इस संस्थान को हर संभव मदद करने का भरोसा भी दिया। मौके पर,बसपा नेता गोपाल राम, सुदामा यादव, सुरेश चंद्रवंशी, वसंत राम, बृजमोहन रवि, सहित कई अन्य ग्रामीण और बच्चे मौजूद थे।

# भाजपा मोहम्मदगंज मंडल के तत्वधान में निकाली जनाक्रोश रैली

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** भारतीय जनता पार्टी मोहम्मदगंज मंडल के तत्वावधान में शनिवार को प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ सड़कों पर जनाक्रोश रैली निकालकर प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान शामिल नेताओं ने रविवारीय बाजार स्थित बाबा भीमराव अंबेडकर और स्टेशन रोड में जगदेव प्रसाद की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। प्रखंड कार्यालय पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कार्यक्रम प्रभारी विनय जायसवाल ने सरकार पर विफलता का आरोप लगाते हुए कहा कि जहां केंद्र में नमो की सरकार देश के चौतरफा विकास में जुटी है। वहीं झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है। हेंमत सरकार अपने चुनावी वादे को भूल गई है। वरिष्ठ भाजपा नेता कामेश्वर कुशवाहा ने कहा कि इस सरकार में विकास के सारे काम अवरुद्ध हैं। सभी योजनाओं में भ्रष्टाचार व्याप्त है। जिसे सहन नहीं किया जा सकता है। भाजपा राष्ट्रीय किसान मोर्चा की केंद्रीय समिति के सदस्य और त्रिपुरा प्रभारी अशोक कुमार सिंह ने कहा कि यह सरकार गरीब, दलित आदिवासी, महिला और किसान विरोधी है। डा. कर्नल संजय कुमार सिंह ने कहा कि इस सरकार ने सपने खूब दिखाये। मगर उसे पूरा नहीं किया। यहां झामुमो नहीं, बल्कि झारखंड माइनिंग मैनेजमेंट मोर्चा की सरकार है। किसानों को न तो बिजली न ही पानी की ही सुविधा उपलब्ध है। भूमि सुधार में व्यापक भ्रष्टाचार है। हेंमत सरकार झारखंड को दोनों हाथों से लूट रही है। प्रेमतोष सिंह ने कहा कि सरकार किसानों के प्रति संवेदनशील नहीं है। सुखाड़ को झेलने वाले किसानों को राहत राशि भी नहीं मिली है। किसान त्रस्त हैं। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह ने की। संचालन व धन्यवाद ज्ञापन मानिकचंद शर्मा व नर्वदेश्वर सिंह ने किया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह, के साथ ही सीबीरमन सिंह, आनंद कुमार सिंह, सुशील मेहता , रुपेश कुमार सिंह पिंटू , विजय कुशवाहा, दिलीप कुमार सिंह मुन्ना, सुनील कुमार सिंह, लोकगायक कुश कुमार शर्मा, धीरेंद्र बैठा, मुखिया कमला देवी, विकास सिंह सहित काफी संख्या में महिलाओं ने शिरकत की।

# हुसैनाबाद की महिला दो बच्चों के साथ सासाराम से लापता



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना के दंगवार ओपी अंतर्गत नदीआयीं गांव निवासी लल्लू सिंह, पिता सूचित सिंह ने हुसैनाबाद थाना में आवेदन देकर अपनी पत्नी बिंदा देवी व दो बच्चों के गुम होने का मामला दर्ज कराया है। लल्लू सिंह ने आवेदन में कहा है कि बिंदा देवी 9 सितंबर को अपने घर से सासाराम मेरी बहन के यहां एक बच्चे के बर्थडे पार्टी में शामिल होने गई थी। उन्होंने आवेदन में कहा है कि सासाराम के सपुलहगंज मुहल्ले में मेरी बहन रहती है। मेरी पत्नी बर्थडे में शामिल होने के बाद बच्चों के साथ वहां से यह कहकर निकली थी वह घर नदीआयीं आ रही है। किंतु अब मेरी पत्नी और बच्चे लौट कर घर नही आई है। काफी खोजबीन के बाद भी उनका पता नही चल सका है। उन्होंने आवेदन में कहा है कि पत्नी बिंदा देवी का कद 5 फीट, रंग साँवला व दोनों बच्चे सृष्टि कुमारी व गोलू कुमार एक 8 वर्ष व एक 6 वर्ष दोनों का रंग साँवला है। लल्लू ने आवेदन में कहा है कि इसकी सूचना सासाराम टाउन थाना को 16 सितंबर को ही दिया हूँ । किन्तु अब तक मेरी गायब पत्नी व दोनों बच्चे घर नही लौटे। इस घटना के बाद पूरे परिवार की स्थिति खराब हो गई है। सभी का रो रो कर बुरा हाल है। अगर किसी भी व्यक्ति को इनके बारे में पता चले व मेरे मोबाइल नम्बर पर 7369064087, 7970768032 पर या पुलिस को जानकारी दें ।

# नारायण सेवा समिति ने किया वस्त्र वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र रबदा पंचायत सलैया गांव के परहिया टोला में रविवार को नारायण सेवा समिति ट्रस्ट के द्वारा गरीब, असहाय, जरुरतमंदों एवं ग्रामीणों के बीच धोती, साड़ी एवं गर्म वस्त्र का वितरण किया । वस्त्र वितरण करने के पश्चात नारायण सेवा समिति के अध्यक्ष निर्दोष कुमार ने कहा कि ईश्वर की कृपा से 10 माह से वस्त्र वितरण कर रहा हूं। बड़ा ही आनंद आता है गरीबों की सेवा करने में, बढ़ती ठंड देखते हुए गर्म वस्त्र का भी वितरण कर रहा हूं। साथ ही संदेश देता हूं कि अपने बच्चों को हमेशा शिक्षित करें ,जितना हो सके घर या अगल-बगल साफ सफाई रखें। तभी आप स्वस्थ्य होंगे और आपका कल्याण होगा। मौके पर निर्दोष कुमार, नीरज जी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# पलामू प्राकृतिक प्रतिभाओं का खान है : अविनाश




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इंडियाज रियलिटी शो सर्च टैलेंट पलामू द्वारा मेदिनीनगर गांधी स्मृति नगर भवन में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया। बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। सर्च टैलेंट के निदेशक सूर्यकांत ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। जिले भर से आये छोटे छोटे बच्चे नगर भवन के रंगमंच पर नृत्य प्रतिस्पर्धा के जलवा निर्णायक मण्डली के सामने बिखेरा,बच्चों ने एक से बढ़ कर एक नृत्य पेश की, जिसको दर्शकों ने खूब सराहा। अपने संबोधन में प्रतिभागियों श्रोता दर्शकों को संबोधित करते कहा कि यह पलामू की धरती है जहां कलमकार से लेकर साहित्यकार तक, फिल्मकार से लेकर फनकार तक पैदा लिए हैं। आज भी नाटककार चित्रकार व नृत्यकला के दुनियां में पलामू को लोग लोहा मानते हैं। जरूरत है अकुढ़ जंगल में पड़े अनगढ़ पत्थर के रूप में प्रतिभा तलाशने की फिर तराशने की। मुझे पूरा यकीन है कि पलामू की प्रतिभाशाली बच्चे विश्व पटल पर अपना नृत्यकला का जौहर बिखेरेंगे और पलामू का नाम रौशन करेंगे। अपने माता पिता गुरु फर्क से टी वी की तरफ इशारा कर कहेंगे कि यह मेरा बच्चा है। जिला प्रशासन व सम्बंधित सरकार को ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहना चाहेंगे कि पलामू में एक बेहतर अत्याधुनिक तकनीक से सजा सँवरा रंगमंच देने की कृपा करें । ताकि यहां के बच्चे माया नगरी का रुख कर सकें। मैं तमाम प्रतिभागी बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

# भाकपा की बैठक में जनसमस्याओं पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी गढ़वा जिला के रमुना प्रखंड अंतर्गत सुनील मुखर्जी नगर में कार्यकर्ताओं की बैठक कामरेड नवरंगी पाल के अध्यक्षता में हुई। संचालन पार्टी के वरिष्ठ साथी गणेश सिंह ने कहा कि शुरूआत में गढ़वा जिला सचिव ने राज्य सचिव महेंद्र पाठक एवं पलामू जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी को माला पहनाकर स्वागत किया। सभा को सम्बोधित करते हुए पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि आज देश की आर्थिक हालत चरमरा गई है। देश विदेशी कर्जों एवं जीएसटी से चल रह है और आम जनता पर मंगहाई का बोझा लादा जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री अपने कारपोरेट मित्रों के साथ मुस्कुरा रहे हैं। ऐसी परिस्थिति में जनसमस्याओं को लेकर जिले के सभी प्रखंडों का घेराव किया जायेगा और उसके बाद पलामू उपायुक्त का घेराव किया जायेगा। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा के पलामू जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि देश में आज भाजपा की नीती के कारण मंगहाई दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है । आज जनता कंगाल और कारपोरेट मालोमाल होते जा रहे हैं । नौजवान बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं । वहीं झारखंड सरकार आम जनता के हित में कोई काम नहीं कर रहा है । स्थानीय मंत्री मिथलेश ठाकुर सिर्फ बड़े लोगों और ठेकेदारों का काम करने में लगे हुए है। आनलाईन और ऑफलाइन के चक्कर में आम जनता परेशान हैं । जमीन का मोटेशन कराने,भूमिधारन पत्र लेने एवं जमीन का रसीद कटवाने में आम जनता का चप्पल टुट रहा है और सरकार आपके द्वारा का नौटंकी करने में लगी हुई है। सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता गणेश सिंह ने कहा कि रमुना के सुनील मुखर्जी नगर में कंपनियों और इनके दलालों को घुसने नही दिया जायेगा। सभा को गढ़वा जिला सचिव राजकुमार राम के पूर्व सचिव रामेश्वर प्रसाद अकेला,देवी दयाल, राज्य परिषद सदस्य सुरेश ठाकुर, चन्द्रशेखर तिवारी, आलोक कुमार तिवारी ने संबोधित किया।

## शिवघाट पर सूर्य मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ

# स्थानीय गणयमान लोगों ने मंदिर निर्माण स्थल का लिया जायजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** शिवघाट पर सूर्य मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। शनिवार को कई स्थानीय गन्यमान लोगों ने निर्माण स्थल का जायजा लिया। सभी के मौजूदगी में रास्ता को लेकर जो थोड़ा सा विवाद था,उसे भी आम सहमति से सुलझा लिया गया। यहां बताते चलें कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संस्थापक सदस्यों में शुमार वयोवृद्ध समाजसेवी बिहारी लाल गुप्ता अपने निजी खर्च से शिवघाट पर 51 फीट ऊंचा भव्य सूर्य मंदिर का निर्माण करा रहे हैं। जिसकी सराहना सभी लोग कर रहे हैं। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव,सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय,गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र उपाध्याय, नप के प्रथम उपाध्यक्ष अजय बक्स राय उर्फ बढकू सिंह, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय,पंकज कुमार लाल, युवा समाजसेवी विजय कुमार रवि, निवर्तमान पार्षद सुनील कुमार चौधरी, डॉ चांदसी, विजय पेंटर, ललन सोनी, एएसआई अनंत कुमार सिंह, पनकुलिया कुंवर, विनोद विश्वकर्मा, प्रवेश मौर्या सहित कई लोग मौजूद थे।

# जोरकट में स्वामी प्रज्ञानंद हॉस्पिटल का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जोरकट स्थित स्वामी प्रज्ञानंद मगध सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का रविवार को भव्य शुभारंभ हुआ। इस अस्पताल में डिजिटल एक्स रे, अल्ट्रा साउंड, पैथोलॉजी, हाई टेक आईसीयू कई आधुनिक सेवाएं उपलब्ध हैं। जिससे आमजनों को काफी सहूलियत होगी और उन्हें बड़े शहरों का रुख नहीं करना होगा। इस मौके पर पलामू सिविल सर्जन, झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री व अस्पताल के चेयरमैन के एन त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थें। इस दौरान के एन त्रिपाठी ने कहा जब भी कोई दुर्घटना होती है तो पलामू के डॉक्टर उसे रांची रेफर कर देते हैं । क्योंकि यहां लोगों को विश्वास नहीं हो पाता कि उन्हें बचा लिया जाएगा। पलामू से रिम्स पहुंचते पहुंचते हजारों लोगों ने अपनों को दम तोड़ते देखा है। उन्होंने कहा कि यहां के डॉक्टर ये सुनिश्चित कर लें कि मरीज की जान हर हाल में बचाना है। उन्होंने कहा कि यहां के प्रबंधन समिति ये सुनिश्चित करे कि ये अस्पताल न प्रॉफिट न घाटे के मापदंड पे चल रहा है। जो रांची के बड़े बड़े अस्पताल है जो 20 से 30 हजार प्रतिदिन आईसीयू में देते हैं। यहां 5000 में अपना उपचार करा सकेंगे। मौके पर मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ विजय सिंह, गुरु टी रघु, डॉ राजीव रंजन, डॉ आर के सिंह,डॉ सतीश सिंह, डॉ सुधा कुमारी, डीपीएम दीपक कुमार गुप्ता, इंटक प्रदेश सचिव मनोज पांडेय, इंटक पलामू जिलाध्यक्ष रामप्रवेश सिंह प्रबंधन समिति के सी एस दुबे, समाजसेवी धनंजय त्रिपाठी, इंटक प्रदेश सचिव विवेका त्रिपाठी, अरविंद पासवान, आशीष तिवारी, कौटिल्य द्विवेदी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### आज सुप्रीम कोर्ट में अवमानना वाद की सुनवाई

**मेदिनीनगर।** सुप्रीम कोर्ट में हाई स्कूल नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर रविवार को अवमानना वाद की सुनवाई होगी। सुनवाई कोर्ट संख्या पांच में न्यायधीश एमआर शाह और न्यायधीश हिमा कोहली के बेंच में होगी। ज्ञात हो कि नियोजन नीति को लेकर सुप्रीम कोर्ट के द्वारा 2 अगस्त को अंतिम निर्णय दिया गया था । उसके बाद आयोग के द्वारा नियुक्ति को लेकर अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र के जांच का कार्य शुरू किया गया है, जो अभी प्रक्रियाधीन ही है। अवमानना वाद करने वाले सोनी कुमारी के द्वारा आयोग के द्वारा कोर्ट के निर्णय के अनुसार डीवी रिजल्ट नहीं देने के कारण एक बार पुनः सुप्रीम कोर्ट के शरण मे गए है। हाई स्कूल नियुक्ति प्रक्रिया में लगभग 18 हजार पदों में नियुक्ति की जानी है। जिसमें कोर्ट के द्वारा स्टेट मेरिट बनाकर नियुक्ति पूरी करने का फैसला दिया गया है।

### लैब असिस्टेंट परीक्षा की तिथि जारी

**मेदिनीनगर।** माध्यमिक स्कूलों में लैब असिस्टेंट के लिए परीक्षा की तारीख जारी किया गया है। ये परीक्षा अगले महीने आयोजित होगी। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की तरफ से जारी शेड्यूल के मुताबिक सीबीटी मोड में परीक्षा आयोजित की जायेगी। 7 दिसंबर से 10 दिसंबर तक परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। हालांकि परीक्षा को लेकर प्रवेश पत्र अभी अपलोड नहीं किया गया है। आयोग के अनुसार एडमिड कार्ड को डाउनलोड करने को लेकर जल्द ही सूचना दी जायेगी। गौरतलब है कि इससे पहले अक्टूबर महीने में परीक्षा का फार्म भरा गया था। जेएसएससी ने दो बार परीक्षा फार्म भरने की तारीख बढ़ायी थी। पहले 28 सितंबर परीक्षा की तिथि रखी गयी थी, जिसे बाद में बढ़ाकर 16 अक्टूबर कर दिया गया था। इस विज्ञापन के जरिये विद्यालयों में कुल 690 प्रयोगशाला सहायकों की नियुक्ति होनी है। भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र तथा जीव विज्ञान तीनों विषयों में प्रत्येक में 230 पदों पर नियुक्ति होगी।

### सदर एसडीओ ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कम्बल

**मेदिनीनगर।** पलामू में बढ़ती ठंड को देखते हुए शनिवार की देर रात सदर एसडीओ ने शहर के कई स्थानों में जरुरतमंदो के बीच कम्बल का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने लाभुकों से सेहत की जानकारी ली और कम्बल का सही ढंग से उपयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिले का कोई भी व्यक्ति ठंड में नही सोये, इसके लिए जिला प्रशासन लोगों को कंबल मुहैया करा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा प्रतिवर्ष जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया जाता है । ताकि लोगों को ठंड से राहत मिल सके। इस दौरान उन्होंने शहर के छह मुहान चौक, हॉस्पिटल चौक, ओवरब्रिज के समीप, रेलवे स्टेशन चौक सहित अन्य जगहों पर जरूरतमंदों के बीच कम्बल भेंट किया। जरूरतमंदों के बीच लगभग 100 से अधिक कम्बल बांटे गये। मौके पर जिला प्रशासन के अन्य कर्मचारी भी मौजूद थे।

### वार्ड पार्षद ने वार्ड नंबर 33 में रोड का किया शिलान्यास



**मेदिनीनगर।** शाहपुर सेमरताड़ में रविवार को वार्ड नंबर 33 में मेन रोड से सरना स्थल तक पीसीसी पथ का शिलान्यास वार्ड पार्षद चंचला देवी के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना एवं नारियल फोड़कर किया गया। मौके पर उपस्थित पार्षद चंचला देवी ने कहा कि मेरी कोशिश है कि हमारे क्षेत्र का कोई भी सड़क ना छूटे जिससे कि लोगों को परेशानी हो। उन्होंने कहा कि सेमरताड़ वार्ड नंबर 33 में सड़क काफी जर्जर स्थिति में थी । जिसका निर्माण कराना अति आवश्यक था। मौके पर समाजसेवी विजय चंद्रवंशी ,शीला कुजूर,रंजीत टोप्पो ,फ्रांसिस मिंज ,जेजे लकड़ा ,शाहनवाज खान,मुस्तकीम मियां,बिलाल अंसारी,भीम सेठ सुरीन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### श्रीराम सेना ने कई कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपा

**मेदिनीनगर।** श्रीराम सेना झारखंड प्रदेश की इकाई ने स्थानीय शिवाला घाट स्थित कोयल नदी का जल लेकर राजा हरिश्चंद्र घाट मुक्तिधाम में भूतनाथ मंदिर में पुजारी राहुल के सानिध्य में जलाभिषेक किया एवं पूजा अर्चना की। भगवान से सनातन संस्कृति एवं सनातनी के संगठित होने एवं उनकी उन्नति हेतु प्रार्थना की गई । मौके पर श्रीराम सेना के कुछ अधिकारियों के दायित्वों की भी घोषणा की गई । जिनमें संजय प्रसाद केसरी को जिला समरसता प्रमुख, अंकित कुमार लाल को मेदिनीनगर नगर प्रमुख, अरविंद पांडे को मठ मंदिर प्रमुख एवं मनीष गोस्वामी को वार्ड नंबर 30 का वार्ड प्रमुख का दायित्व सौंपा गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने भगवान को साक्षी मानकर एवं भगवा ध्वज की शपथ लेकर श्रीराम सेना एवं सनातन संस्कृति सनातन समाज के हित में कार्य करने हेतु सनातन संस्कृति के उत्थान हेतु जीवन पर्यंत प्रयासरत रहने का संकल्प लिया और जीवन पर्यंत श्री राम सेना के एवं हिंदू सनातनी संस्कृति के मान सम्मान हेतु अपने जीवन को समर्पित करने की प्रतिज्ञा ली। श्रीराम सेना के राज्य प्रमुख पंकज कुमार जायसवाल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को उपरोक्त शपथ दिलाई एवं उन्हें अंग वस्त्र प्रदान कर शुभकामना दी। श्रीराम सेना के सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने उन्हें इस हेतु सहायता करने का वचन दिया। इस मौके पर श्रीराम सेना के उप राज्य प्रमुख जितेंद्र प्रसाद, राजेंद्र पासवान ,दिनेश पासवान ,प्रदेश सचिव मंटू कुमार, सोनू जयसवाल ,संजय प्रसाद केसरी, अंकित कुमार लाल ,दिनेश कुमार शर्मा, मनीष गोस्वामी, बृजमोहन पांडे ,अरविंद पांडे, सतीश प्रसाद, प्रेम राम, सुनील राम, रोहित राम ,संजय राम, प्रकाश पासवान, झगड़ू भैया, प्रदीप राम, लक्की केसरी, विशाल कुमार एवं कई श्रीराम सैनिक उपस्थित थे । इसके पश्चात श्रीराम सेना की इकाई श्री राम जानकी मंदिर शिवाला घाट मेदिनीनगर पहुंची और भगवान श्री राम सीता जी की भी पूजा अर्चना की एवं समग्र हिंदू समाज के उत्थान हेतु प्रार्थना किया। मंदिर के पुजारी बृजमोहन पांडे को भी अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। श्रीराम सेना हिंदू संस्कृति एवं धरोहर की रक्षा हेतु सदैव कृत संकल्पित है और सदैव ही रहेगी ।ऐसा देखा जा रहा है कि हिंदू धर्म स्थलों का लगातार अतिक्रमण किया जा रहा है। जिस पर श्रीराम सेना की पैनी नजर है और इसके समाधान के लिए श्रीराम सेना अति शीघ्र आवश्यक कदम उठायेगी।

# बिरसा हरित ग्राम योजना से किसानों की आमदनी बढ़ाने का प्रयासः उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में ग्रामीण विकास से संबंधित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे सक्रीय है। जिले का प्रभार ग्रहण करने के पश्चात ही ग्रामीण विकास से संबंधित योजनाओं को धरातल पर उतारने को लेकर गभीर हैं। उपायुक्त की सक्रियता के सकारात्मक परिणाम आने लगे हैं।

**वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के परिणाम चौंकाने वाले :** मनरेगा के तहत जिले में स्थानीय खिलाड़ियों के प्रतिभा को निखारने को लेकर वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना अंतर्गत जिले के प्रत्येक पंचायतों में खेल का मैदान निर्माण कराया जाना है । लेकिन जिले में खिलाड़ियों के हित में लक्ष्य से अधिक खेल के मैदान निर्माण कराये जा रहें हैं। जिले में 324 खेल मैदान को चिन्हित करते हुए कार्य प्रारंभ किया गया । जिसमें 161 खेल के मैदान का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है । वहीं शेष पर कार्य अंतिम चरण में है।

**सितंबर व अक्टूबर में आवास पूर्ण कराने में पलामू पूरे राज्य में अव्वल :** उपायुक्त श्री दोड्डे के पर्यवेक्षण व उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत आवास को पूर्ण कराने में भी भारी तेजी आयी है । जिसका परिणाम है कि सितंबर व अक्टूबर माह में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास पूर्ण करने के मामले में पलामू पूरे राज्य में अव्वल रहा है। सितंबर माह में



जिले में 6667 इकाई आवास पूर्ण कराया गया है। जबकि अक्टूबर में 3933 आवास पूर्ण कराया गया है जो राज्य में सबसे अधिक है।

**मजदूरों का पलायन रोकने में वरदान साबित होगा मानव दिवस सृजन का बढ़ना :** जिले में मानव दिवस सृजन में भी बेहतर कार्य हुआ जिसका सीधा लाभ सुखाड़ से प्रभावित किसानों को होगा। खेती नहीं होने के वजह से कई किसान पलायन कर दूसरे प्रदेश चले जाते है। लेकिन जिले के 31 लाख श्रमिकों को उनके गांव में ही रोजगार देने की पहल की जा रही है। ज्ञातव्य है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 अंतर्गत 56 लाख 91 हजार 956 मानव दिवस सृजन करने का लक्ष्य पलामू जिले को दिया गया है । जिसके विरुद्ध जून 2022 तक 4 लाख 14 हजार 182 मानव दिवस का सृजन हो पाया था । वहीं उपायुक्त श्री दोड्डे के जुलाई में पदभार ग्रहण करने के पश्चात इसमें भी तेजी आयी है। 11 नवंबर 2022 तक कुल 31 लाख 34 हजार 335 मानव दिवस का सृजन कर लिया गया है।

**बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत किसानों की आमदनी बढ़ाने का हो रहा प्रयास :** इसी तरह बिरसा हरित ग्राम योजना के माध्यम से जिले के किसानों को आत्मनिर्भर बनाने व उनकी आमदनी बढ़ाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है । जिसकी गवाही आंकड़े खुद दे रहें हैं। बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत कुल 863 एकड़ भूमि को चिन्हित कर योग्य लाभुकों का चयन करते हुए कार्य प्रारंभ किया गया । जिसमें कुल 96,656 फलदार पौधे लगाये गये एवं 69040 इमारती पौधा लगाया गया है। इसके अलावे रैखिक वृक्षारोपण के लिये योग्य स्थल का चयन कर 90 यूनिट्स में कुल 900 पौधारोपण किया गया है।

## सौ साल से भी पुराना विद्यालय की चमक अभी भी है बरकरार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के विश्रामपुर प्रखंड स्थित भंडार गांव का राजकीय मध्य विद्यालय की स्थापना 1850 ईस्वी में किया गया था। उन दिनों भारत आजाद नहीं अंग्रेजों का गुलाम था। भंडार गांव में विद्यालय की स्थापना अपने आप में एक गौरव से कम नहीं था। जहां भंडार ही नहीं जिले के कई अन्य प्रखंड क्षेत्र के गांव से भी छात्र पढ़ने आया करते थे। कारण उस समय हर जगह विद्यालय सुलभ नहीं थे। कभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामप्रवेश मेहता हुआ करते थे। उन्होंने विद्यालय की बेहतरी और शैक्षणिक व्यवस्था को बनाए रखने में कोई कसर नहीं छोड़ा था। यह विद्यालय हर आते-जाते लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता था। आज भी विद्यालय के प्रधानाध्यापक और शिक्षक उसे बनाए रखने में सार्थक पहल दिखा रहे हैं। इसमें शिक्षक जय बहादुर पासवान की भूमिका सराहनीय है। आश्चर्य तो इस बात का है कि राजकीय मध्य विद्यालय का पुराना भवन कब बना इसकी समुचित जानकारी किसी से नहीं मिल पा रहा। लेकिन विद्यालय का पुराना भवन आज भी अपनी सुंदरता और मजबूती को बनाए हुए हैं। भवन के निर्माण कार्य में उन दिनों उपयोग में लाए गए लोहे का एक बड़ा बीम जिस पर मेड इन बर्मिंघम लिखा है, जंग की क्या मजाल आज भी उसकी चमक बनी है। लोगों की माने तो भवन का निर्माण कार्य विद्यालय की स्थापना के कुछ हीं दिनों बाद अंग्रेजो के द्वारा कराया गया था। ऐसे में 100 वर्ष से भी अधिक समय हो जाने के बाद भी विद्यालय की मजबूती और चमक आज भी बेमिसाल है।

## जिला केंद्रीय पुस्तकालय में वेबिनार का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय साहित्य सामाज चौक के पास स्थित जिला केन्द्रीय पुस्तकालय , पलामू में कैरियर एवं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी को लेकर शनिवार को वेबिनार का आयोजन किया गया। पुस्तकालय अध्यक्ष मंजीत सिन्हा ने बताया कि इस मार्गदर्शन वेबिनार में मुख्य अतिथि के रूप से भवप्रीता सोनी उप मुख्य सुरक्षा आयुक्त आरपीएफ/ उत्तर पश्चिम रेलवे-जयपुर, राजस्थान से जुडी थी। उन्होंने परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों से सिलसिलेवार तरीके से सिविल सेवा, एस.एस.सी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी को लेकर छात्रों का मार्गदर्शन किया । उन्होंने कहा कि कोई भी निर्णय लेने में जल्दी बाजी नहीं करें । गलतियों से सबक ले ,निराश नहीं हो, बल्कि अपनी खामियों को पहचान कर आगे की तैयारी में जुट जाना चाहिए । मन को एकाग्र रखकर दे सवालों का जवाब तथा अपने व्यक्तित्व का विकास करें । वेबिनार में भवप्रीता सोनी ने छात्रों से प्रतियोगी परीक्षा से संबन्धित कुछ सवाल भी पूछे एवं छात्रों ने अपने तैयारी कर रहे परीक्षा से संबन्धित अपने प्रश्न भी पूछे और उनका जवाब पाया । इस कैरियर वेबिनार में छात्र-छात्राएं ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों तरीके से जुड़े थे। राज्य के अन्य जिलो के पुस्तकालय के छात्र भी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े थे । ऑनलाइन माध्यम से वेबिनार होने से छात्र आसानी से कही से भी वेबिनार में जुड़कर परीक्षा की तैयारी से संबन्धित जानकारी प्राप्त कर रहे है और इसका पूरा लाभ उन्हें मिल रहा है। शिक्षा सचिव के आदेशानुसार जिला केन्द्रीय पुस्तकालय में विशेष गतिविधि का आयोजन प्रत्येक शनिवार को किया जाता है। पुस्तकालय में हो रहे पाठयेतर विशेष गतिविधि का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य छात्रों को पुस्तकालय की ओर आकर्षित करना एवं उनके व्यक्तित्व का विकास करना एवं उचित मार्गदर्शन करना है । जिससे वे अपने लक्ष्य की ओर सकरात्मक रूप से आगे बढ़े सके। जिला केन्द्रीय पुस्तकालय का संचालन सुबह 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक सोमवार से शनिवार संचालन किया जाता है।



## सामाजिक अंकेक्षण संघ ने पांच सूत्री मांग रखी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय भारत ज्ञान विज्ञान समिति के कार्यालय में रविवार को सामाजिक अंकेक्षण श्रोत व्यक्ति संघ जिला इकाई के तत्वाधान में प्रेस वार्ता किया गया। जिसमे संघ के पलामू जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह पांच सूत्री मांगों को रखे- जिसमें सामाजिक अंकेक्षण इकाई के राज्य समन्वयक की बहाली 15 दिनों के अंदर करते हुए सामाजिक अंकेक्षणं प्रक्रिया को शुरू करते हुए सभी जनकल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता एवम जवाबदेही सुनिश्चित करना । सामाजिक अंकेक्षण कार्य कर चुके पलामू जिला के बीआरपी ,वीआरपी, बीआरपी एसडी, वीआरपी डब्ल्यूडी एवं सहयोगी दल के पिछले 2 वर्ष का कुल 4496527 रु बकाया भुगतान एवं यात्रा भत्ता का भुगतान जल्द से जल्द किया जाए। बीआरपी और वीआरपी बीआरपी एसडी को अंशकालिक की जगह पूर्णकालिक करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। एवं सभी बीआरपी एसडी, वीआरपी , वीआरपी डब्ल्यूडी एवं सहयोगी दल को नियमित कार्य उपलब्ध कराते हुए मानदेय 550 प्रतिदिन की जगह 800 निर्धारित करते हुए निर्धारित यात्रा भत्ता दिया जाए। 4 सामाजिक अंकेक्षण इकाई को स्वतंत्र इकाई के रूप में निबंधित कर सभी स्रोत व्यक्तियों की सुरक्षा, बीमा पॉलिसी एवं उनके लिए नीति बनाई जाए। सामाजिक अंकेक्षण दल द्वारा सत्यापित और ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित मुद्दों पर ससमय उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मौके पर रीना देवी ने कहा कि हमलोगों का मानदेय पिछले 2 साल से बकाया है। मौके पर धर्मेंद्र मेहता सुनील कुमार कुशवाहा, पांडू से रमेश मेहता नंदलाल महतो, हुसैनाबाद से रमेश पासवान , अरुण कुमार मोहम्मदगंज से कृष्णा राम हैदरननगर से रंजित पासवान ,छतरपुर से गीता देवी, माया कुमारी ,हरिहरगंज से बादल कुमार ,पिपरा से ममता कुमारी शोभा देवी ,पड़वा, से मोहन कुमार पाटन से रीना देवी ,किरण देवी नवाबजार से सचिदानंद पासवान चंदन कुमार, बिसारामपुर से बबलू पासवान जय प्रकाश पासवान , नीलांबर पीतांबर पुर से सुधीर कुमार सिंह उपेंद्र कुमार सिंह ,डाल्टनगंज से अनिल पासवान विभा कुमारी ,चैनपुर से विवेक कुमार पांडे ममता देवी ,रामगढ़ से सुशील कुमार, तरहसी से रामटहल प्रजापति अवधेश मेहता , पांकी से नवीन कुमार गुप्ता अजय कुमार महतो सतबरवा से उषा देवी चंदन मेहता शामिल थे।

## पैनल अधिवक्ता कारा बन्दियों के लिए बेहद उपयोगी : संतोष

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पैनल अधिवक्ता कारा बन्दियों के लिए बरदान साबित हो रहे हैं। उक्त बातें पैनल अधिवक्ता संतोष कुमार पाण्डेय ने कही। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में सभी लोगों को मौलिक अधिकार मिले हैं। हमें अधिकार पाने के लिए विशेष रूप से जागरूक होना होगा। वे हक हमारा भी तो है @ 75 के तहत केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में समापन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत लोगों को मौलिक अधिकार के लिए काम किया जा रहा है। लोगों को सशक्त बनाने में कार्यपालिका के साथ-साथ न्यायपालिका भी लगी हुई है । उन्होंने कहा कि कानूनी मदद से कोई भी वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि कारा में बंद बन्दियों को भी पैनल अधिवक्ता पर भरोसा जताना होगा। कहा कि कैदियों को कानूनी मदद के लिए पैनल अधिवक्ता कोई कसर नहीं छोड़ते हैं । मौके पर अधिवक्ता वीणा मिश्रा ने कहा कि कारा में बंद लोग अपने को कमजोर नहीं समझे । उनके साथ भी कानून है। जाने अनजाने अगर गलती हो गई है तो पश्चाताप करें ।और जेल से बाहर निकल कर शेष जीवन परिवार व समाज हित मे लगाए। उन्होंने कहा कि जिसका कोई नहीं है उसके लिए डालसा है।

## जरासंध जयंती सह मिलन समारोह का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नावाजयपुर में अखिल भारतीय चंद्रवंशी महासभा के तत्वाधान में जरासंध जयंती सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज चन्द्रवंशी ने की। व संचालन वीरेंद्र चन्द्र, व ब्रजेश चंद्रवंशी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी जुगल किशोर चन्द्रवंशी उपस्थित थे। मौके पर विशिष्ट अतिथि शैलेन्द्र कुमार शैलु, जिला अध्यक्ष विकास कुमार विक्की वीरेन्द्र चंद्रवंशी पूर्व अध्यक्ष, विजय चंद्रवंशी, कौशल किशोर बचन, अमित चंदेल, पप्पु , रंजीत कुमार, विशुन राम, संजय कुमार, जितेंद्र , गुड्डन सहित कई लोग उपस्थित थे। मौके पर शैलेन्द्र कुमार शैलू ने कहा कि चंद्रवंशी समाज का बदलाव बड़ी तेजी से रहा है। समाज हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहा है। आने वाला समय एतिहासिक होगा। जुगल किशोर ने कहा कि समाज के लोग संगठित हो रहे है, बिना संगठित हुए हम सफल नहीं हो सकते। एकजुटता से हर कार्य हो सकता है। वही वीरेन्द्र चंद्रवंशी ने कहा कि राजनीति सफलता जी कुंजी है। इससे साथ जुड़कर चलना होगा । मुखिया मनोज कुमार ने कहा कि सबका साथ सबका सम्मान सबका हो काम यही भावना के साथ सबका विकास होगा।

## मिशन समृद्धि ने किया भोजन का वितरण

**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि के द्वारा भोजन वितरण का कार्य कभी नहीं थकती और न ही कभी रुकती है। सड़को पर दोना व पत्तल और दातून बेचने वाले निहायत जरूरतमंद को रोटी वितरण करना इनका कर्म बन गया है। इन्हें भोजन और कपड़ा देने में टीम आगे रहती है। क्योंकि ये लोग अभाव में जीवन जीते हुए भी हाथ नहीं पसारते । बल्कि कड़ी परिश्रम के बावजूद प्रतिदिन इनकी आय बहुत ही कम होती है फिर भी मांगना इनके फितरत में नहीं है। यही कारण है कि मिशन समृद्धि संस्था रोटी सब्जी कपड़े जो भी संग्रहित करती है उनके बीच वितरण कर सुकून पाती है।

## अखिल भारतीय ब्रह्मण महासभा की बैठक में संगठन को सशक्त बनाने पर चर्चा




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय ब्रह्मण महासभा की बैठक रविवार को रेड़मा स्थित ठाकुरबाड़ी परिसर में हुई। महासभा के पदाधिकारियों ने मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद भगवान परशुराम के तस्वीर पर फूलमाला अर्पित किया। इसके बाद महासभा के संरक्षक सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विजय कुमार तिवारी एवं अध्यक्ष अजय कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। संरक्षक श्री तिवारी ने महासभा के उद्देश्यों को हासिल करने के लिए समन्वय बनाकर काम करने की जरूरत बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा अध्यक्ष अजय कुमार तिवारी ने की। संचालन राजा पाठक एवं धन्यवाद ज्ञापन मनीष उपाध्याय ने किया। बैठक में शामिल ब्राह्मण महासभा के प्रबुद्ध लोगों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। बैठक में महासभा के सांगठनिक ढांचा को सशक्त बनाने,सदस्यता अभियान की गति को तेज करने,सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कराने,सभी प्रखंडों में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन करने,भगवान परशुराम की प्रतिमा स्थापित करने ,संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि महासभा के द्वारा चलो गांव की ओर कार्यक्रम चलाया जाएगा। महासभा के अध्यक्ष अजय कुमार तिवारी ने कहा कि चलो गांव की ओर कार्यक्रम समाज हित में कारगर साबित होगा।

## युवा सोच बदले व ऊर्जा के साथ करें इनोवेटिव कार्य : आयुक्त




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** युवाओं को एकजुट होकर बेहतर कल के लिए मंथन करने की आवश्यकता है। एकजुटता ही बेहतर समाज का निर्माण कर सकता है। समाज सुरक्षित, आत्मनिर्भर एवं विकास के पथ पर अग्रसर रहे, इसकी सोच विकसित करने की जरूरत है। जीवन में कोई भी सफल व्यक्ति के पीछे उस व्यक्ति की मेहनत, परिवार का सहयोग एवं समाज का योगदान होता है। इसलिए जीवन को सही रास्ते पर लाने के लिए सभी युवाओं को सोच बदलने एवं ऊर्जा के साथ इनोवेटिव कार्य करने की आवश्यकता है। यह बातें आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने कही। वे स्थानीय टाउन हॉल में आयोजित युवा सम्मेलन में युवाओं को मोटिवेट कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज में गलत प्रवृतियां पनप रही है और युवा वर्ग उसी प्रवृत्ति को लेकर आगे बढ़ते हैं। इससे नैतिक मूल्यों का ह्रास होता है, जो चिंता का विषय है। युवा अच्छे सोच के साथ आगे बढ़ेंगे, तो बेहतर समाज निर्माण संभव हो सकेगा। इसके लिए युवाओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने की भी जरूरत है। इससे उनके मन में अच्छी सोच विकसित होगी। आयुक्त ने युवाओं से अपील किया कि वे अच्छी सोच रखें और आपस में चर्चा करते रहें। इससे अच्छा करने की प्रवृत्ति आएगी। युवाओं के नजरिया बदलेंगे, तो बेहतर कल हो सकेगा। डॉ.अभिषेक सिंह ने समाज को निरोग होने के लिए शारीरिक रूप से सफल होने, ज्ञान अर्जन एवं बुद्धिमता बढ़ाने के लिए पुस्तकों से दोस्ती करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही अध्यात्म का ज्ञान दिया। उन्होंने कहा कि जीवन की ऊर्जा को समाज एवं राष्ट्र निर्माण के लिए लगाएं। उन्होंने पलामू के युवाओं को उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यहां के युवाओं में अद्भुत ऊर्जा है। इस ऊर्जा को सही दिशा में लगाकर झारखंड को नई पहचान दिलाने में सहयोग करने की आवश्यकता है। सेवानिवृत्त डीआईजी राजीव रंजन ने सभी युवाओं को लक्ष्य निर्धारित करने एवं उस लक्ष्य के अनुरूप इमानदारी पूर्वक मेहनत करते हुए उसे प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद की उक्ति का वर्णन करते हुए कहा-'उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको। उन्होंने युवाओं को सेल्फ इंपावर करने की जरूरत बताई और युवाओं को अपने आपको ऐसेट में बदलने, लक्ष्य निर्धारित करने और उसे प्राप्त करने की सीख दी। युवा सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को अच्छे कार्य के लिए प्रेरित करना एवं युवाओं का समग्र विकास करना था। कार्यक्रम में अमित कुमार जर्मनी से ऑनलाइन जुड़कर युवाओं को मार्गदर्शन किया। साथ ही अन्य व्यक्तियों ने अपने विचारों से युवाओं को बेहतर जीवन निर्माण हेतु प्रेरित किया। युवाओं ने अतिथियों से प्रश्न-जवाब भी किया। कार्यक्रम में उक्त अतिथियों के अलावा डॉ. विकास गुप्ता, डॉ चंदन सिंह के साथ-साथ आयोजन को सफल बनाने में नितेश सिंह,रूपेश पांडेय आदि जुटे थे।

## बंदरों के आतंक से लोग परेशान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के कान्दू मुहल्ला में बंदरो के बढ़ते आतंक से मुहल्ले में दहशत व्याप्त है। बंदरों ने पिछले तीन महीनों के अंदर आधा दर्जन से अधिक महिला, पुरुष और बच्चों को अपना शिकार बनाकर घायल कर दिया है। मुहल्लेवासी भी अपनी तरफ से बंदरों को भगाने की काफी कोशिश कर रहे हैं, मगर उन्हें कोई सफलता नहीं मिल रही है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग और जिला प्रशासन से आग्रह किया हैं कि इन बंदरों को जल्द से जल्द भगाया जाए। वही बंदरों के आतंक से भयभीत मुहल्ले के लोगों ने अपनी छतों पर जाना तक बंद कर दिया है। बंदरों के भय से स्कूल आने जाने वाले छात्र और बाहर खेलने वाले बच्चे घरों से निकलने में कतराने लगे हैं। वहीं महिलाओं ने भी घरेलू कार्यों से छतों पर जाना बंद कर दिया है। परेशान लोग अब पहरेदारी करने को मजबूर हैं। बंदरो के आतंक से यहां के स्थानीय लोग काफी परेशान हैं। यहां पर जो गरीब तबके के लोग रहते है,जिनका खपड़ा का मकान है वो लोग इन बंदरों के आतंक से काफी परेशान हैं। यहां के स्थानीय लोगों ने वन विभाग से आग्रह किया है कि इन बंदरों को यहां से जल्द से जल्द हटाया जाए ,ताकि लोग राहत की सांस ले सके। स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में बंदर इस मोहल्ले में पहुंचकर लोगों के घरों की चीजें बर्बाद कर रहे हैं। जिससे लोगों को भारी नुकसान हो रहा है। बंदर घरों में रखी खाने पीने की चीजों को भी अपना निशाना बना रहे हैं। साथ ही कीमती चीजों को भी बंदर घरों से उठाकर ले जाते हैं। जब लोग इनकी तरफ भागते हैं तो बंदर उन पर हमला कर देते हैं।

## न्यूज गैलरी

### ग्रामीणों द्वारा तार के बनाये फंदे में फंसा जंगली जानवर, गंभीर रूप से घायल



**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत मकरी पंचायत के दूधमनिया जंगल के बहेरवाखाड़ी में ग्रामीणों के द्वारा जंगली जानवरों को तार के बने फांसे में फंसा कर मारने के लिए लगाए गये फांसे में बीती रात एक स्ट्राप हाईमा जानवर के फंसने से बुरी तरह घायल हो गया हैं। मीडिया द्वारा इसकी सूचना रेंजर प्रमोद कुमार ठाकुर को दी गई। रेंजर प्रमोद ठाकुर के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पहुंची। बड़ी मुश्किल से फंदे में फंसे जानवर को निकाला गया। फंदे में फंसने से स्ट्राप हाईमा जानवर का पैर एवं गर्दन पूरी तरह जख्मी हो गया। समाचार लिखे जाने तक गंभीर रूप से घायल जानवर का इलाज वन विभाग द्वारा किया जा रहा था। वही क्लच तार से बनाए गए फंदे को जब्त कर लिया। वन विभाग के प्रभारी फॉरेस्टर ओम प्रकाश उरांव, राहुल सिंह, सचित कच्छप, सुनील राय, दयाशंकर सिंह, अरविंद मेहता, निशांत कुमार उपस्थित थे।
**वन्यजीवों की सुरक्षा पर खड़े हुए सवाल:** स्ट्राप हाईमा जानवर के फंदे में फंसने की इस ताजा घटना में वन्यजीवों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए। इस घटना से साफ है कि जंगल और गांव के सीमाओं पर फंदा लगाकर वन्यजिवों की धड़ल्ले से शिकार किया जा रहा है। इससे पूर्व में भी कैलान, बरवारी, घागरा, लहरहा के जंगलो में फंदा लगाकर जानवरों का शिकार किया जा चुका है। वन विभाग द्वारा शिकारियों को जेल भेजा गया है।
रेंजर प्रमोद ठाकुर से ने कहा कि घटनास्थल पर क्लच तार से बनाए गए फंदे किसी वन्यजिवों के शिकार के लिए लगाए गए थे। उन्होंने बताया कि मामले की जांच कर जो भी दोषी होंगे इन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के लोहरगाडा.पंचायत के मेरौनी गांव निवासी संतोष पासवान (उम्र 34वर्ष)की मृत्यु रविवार को इलाज के दौरान रांची के रिम्स में हो गई। मृतक को फेफड़ा में कैंसर हो गया था। मृतक अपने ससुराल में ही रहता था।इसके मृत्यु से इनका घर बिखर गया। मृतक का दो पुत्र और एक पुत्री हैं। मृतक का शव मेरौनी गांव पहुंचते ही मृतक की पत्नी सहित अन्य सदस्य दहाड़ मारकर रोने लगे, गांव में मातम पसर गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सिताराम शर्मा, रामाकांत भारती, कुलदीप चौधरी सहित सैकड़ों ग्रामीण पहुंचकर मृतक के आत्मा के शांति के लिए प्राथना की और परिजनों को ढांढस बढ़ाया। मुखिया प्रतिनिधि सिताराम शर्मा ने सरकारी सहयोग एवं व्यक्तिगत सहयोग करने की बात कही।

### 48 मतदान केंद्रों पर विशेष कैंप आयोजित

**खरौंधी(गढ़वा)।** प्रखंड के 48 मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 को लेकर रविवार को विशेष कैम्प आयोजित किया गया। इस दौरान सम्बंधित मतदान केंद्र के बीएलओ द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिये प्रपत्र 6,मतदाता सूची से नाम हटाने के लिये प्रपत्र 7 तथा मतदाता सूची में नाम,पता,उम्र आदि गलत होने पर सुधार के लिये प्रपत्र 8 प्राप्त किया गया।साथ ही मतदाताओं को वोटर कार्ड से आधार एवं मोबाइल नंबर लिंक करने के लिए 6बी प्रपत्र भरा गया। पुन: आगामी 19नवम्बर शनिवार एवं 19 नवम्बर रविवार को विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा।

### कुएं में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में लोगों के बीच दहशत

रमना। भागोडीह पंचायत के चुंदी ग्राम के गड़ई टोला निवासी कमलेश चंद्रवंशी के 25 वर्षीय पुत्र ओमप्रकाश चंद्रवंशी उर्फ गुडु का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के मुताबिक रविवार सुबह ग्रामीणों ने खेदु सिंह के पानी भरे कुवे में शव को तैरता हुआ देखा इसके बाद आस-पास के लोगो को जानकारी दिया। कुए मे शव देखे जाने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की सैकड़ो की संख्या घटनास्थल पर इकट्ठा हो गई।इसकी सुचना रमना थाना को दिया गया।मृतक के पिता होमगार्ड जवान कमलेश चंद्रवंशी ने बताया कि तीन दिन पूर्व मेरा पुत्र अपने दो दोस्तों के साथ घर से निकला था।उसके बाद आज रविवार को अचानक टोला के कूआ से शव मिला। घटना के सूचना पाकर थाना प्रभारी सुधांशु कुमार व एस,आई विवेक पंडित पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिये और मृत्यु के कारणों का जांच आरंभ कर दिया।

### राजी में शिव-शिष्य बसंत लाल श्रीवास्तव के घर पर शिव चर्चा का आयोजन

**खरौंधी (गढ़वा)।** रविवार को प्रखंड के राजी में शिव शिष्य बसंत लाल श्रीवास्तव के घर पर शिव चर्चा परिचर्चा का आयोजन किया गया। शिव चर्चा का संचालक गुरु भाई बसंत लाल श्रीवास्तव ने कहा कोरोना काल में शिव चर्चा को स्थगित किया गया था। लंबे समय के पश्चात प्रखंड में भगवान शिव का परिचर्चा होना शुरू हो गया है। संचालक बसंत लाल श्रीवास्तव ने कहा भगवान शिव अनादि काल से गुरु है। भगवान शिव की महिमा सभी धर्म गन्थों में दरसाया गया है। भगवान शिव की दया से ही आपके घर परिवार सहित आसपास के क्षेत्रों में खुशिया ही खुशिया रहेगी। इस दौरान प्रमिला देवी, सिंधु देवी, अनीता देवी, पूजा श्रीवास्तव, गणेशी प्रसाद गुप्ता, हरिदास प्रसाद, कृष्णा साह, शांति कुंवर, उर्मिला देवी, शंभू उरांव, नताशा श्रीवास्तव, सरस्वती देवी, कमला देवी, उषा देवी,सहमनिया देवी शिव शिष्य उपस्थित थे।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखण्ड के भोजपुर पंचायत सचिवालय परिसर में आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में कुल 1454 आवेदन प्राप्त हुये, जिसमे 1030 आवेदन का त्वरित निष्पादन किया गया.कार्यक्रम का उदघाटन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्रवण राम,प्रखण्ड 20सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे,जिला परिषद सदस्य बाला रानी,मुखिया ओमप्रकाश उराँव ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर किया.इस अवसर पर बीडीओ श्रवण राम ने उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विस्तार से दिया.उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम लोगो को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देना तथा इसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है.उन्होंने कहा कि आप अपनी समस्याओं को लिखितरूप में सम्बंधित विभाग के स्टॉल पर जमा करावें.आपकी समस्याओं का निदान करने की दिशा में त्वरित कार्रवाई किया जायेगा. कार्यक्रम में सभी विभागों का अलग अलग स्टॉल लगाया गया था.कार्यक्रम में कुल 1454 आवेदन प्राप्त हुये।

### डीलर द्वारा कम राशन दिए जाने से नाराज लाभुकों ने लेने से किया इनकार

# पिछले छह माह से राशन में कटौती कर रहा है विकास महिला समूह के डीलर : ग्रामीण

नवीन मेल संवाददाता

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बरवाडीह के चफला गांव में रविवार को राशन कार्ड धारी लाभुकों ने डीलर के द्वारा दीए जाने वाली राशन को लेने से इनकार कर दिया है । ग्रामीणों ने डीलर पर यह आरोप लगाते हुए कहा कि विकास महिला समूह के डीलर मुन्नी देवी पति राम प्रताप यादव के द्वारा हम लोगों को आज पिछले 6 महीने से राशन मे कटौती किया जा रहा है । किसी महीने ढाई किलो तो किसी महीने 3 किलो तो किसी महीने 4 किलो राशन देकर हम लोगों को भगा दिया जाता है । तथा डिलर के द्वारा कहा जाता है कि मुझे इतना ही राशन मिलता है जहां जाना है वहां जाओ हमे कोई



फर्क पडने वाला नहीं है । तथा कहते हैं कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चफला गांव के लोगों का राशन कम कर दिया है । वहीं अगस्त माह का फ्री वाला राशन हम लोगों को 3 किलो दिया जा रहा था जिसे हम लोगों ने लेने से इनकार कर दिया है । जबकि हम लोगों के द्वारा पूर्व में ही पोस मशीन में अंगूठा भी लगा दिया गया है ।

### राशनकार्डधारियों पर हो रहा दोहरा मार: उपमुखिया

पंचायत के उप मुखिया मंदिप कुमार यादव ने बताया कि हमारे पंचायत के चफला गांव में सैकड़ों राशन कार्ड धारियों के द्वारा यह शिकायत मिली है कि डीलर के द्वारा पिछले छह महीनों से राशन में कटौती किया जाता रहा है । किसी को ढाई किलो तो किसी को 3 किलो तो किसी को 4 किलो पिछले 6 महीनों से राशन दिया जा रहा है । जो यह काफी निंदनीय है । एक तो ईस अकाल मे लोगों के सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हुई है और ऊपर से डीलर के द्वारा राशन में कटौती कर राशन कार्ड धारियों पर दोहरा मार किया जा रहा है । हम लोग जांच के लिए तथा कार्रवाई के लिए लिखित आवेदन उच्च अधिकारियों को देकर कार्रवाई की मांग करेंगे । मामले में अंचलाधिकारी सह एमो निशात अंजुम से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि चफला गांव के लाभुकों का पिछले 6 महीने से राशन में कटौती होने की जानकारी मिली है । मैं खुद गांव पहुंच कर इसकी जांच करूंगी जांच उपरांत दोषी पाए जाने पर डीलर के ऊपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी । मौके पर शांति देवी, देवंती देवी, लाखों देवी, बंधु भुईयां, महेंद्र भुइया, रुपेश भुइया, मनदीप चौधरी, प्रसाद भुइया, विश्वनाथ चौधरी, राजेंद्र यादव, सौरठ यादव, महेंद्र यादव, गला यादव, सुमन भुइया, प्रशीला देवी, सहित सैकड़ों की संख्या में राशन कार्ड धारी मौके पर उपस्थित थे।

## जीएन कॉन्वेन्ट स्कूल का स्काउट गाइड कैंप का समापन समारोह संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कॉन्वेन्ट (10+20) स्कूल के स्काउट गाइड प्रशिक्षण कैम्प के समापन समारोह में ध्वजारोहण और स्काउट गाइड प्रार्थना के पश्चात कैम्प के सभी बच्चों को कराया गया और योगाभ्यास से होने वाले सभी प्रकार के फायदे बताए गए। कैम्प मास्टर विकास कुमार ने कैडेटों को योग अपनाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि नियमित योग करने से बीमारियों से बचा जा सकता है, उन्होंने ने योग व विभिन्न आसन उनके उपयोगों को बताया। वहीं रंगोली प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आगाज रहा। कैम्प फायर की भी प्रशिक्षण दिया गया। अपने उदबोधन में निदेशक मदन केशरी ने कहा कि यह प्रशिक्षण जीवनोपयोगी गतिविधि उन्हें सर्वांगीण रूप से विकास कर स्थानीय, रास्ट्रीय, अन्तरराष्ट्रीय समुदाय का उत्तरदायी नागरिक




बनने में मदद करती है। उन्होंने ने विश्वास जताया कि कैडेट्स निःस्वार्थ भाव से राष्ट्र एवं मानव सेवा के पथ पर हमेशा की तरह निरंतर सक्रिय रहेंगे तथा प्रतिस्पर्धा की विशुद्ध भावना का परिचय देते हुए अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर अपनी संस्था का नाम रौशन करेगें। निदेशक महोदय ने कहा कि कैडेट्स देंगे अनुशासनशीलता का परिचय । प्रशिक्षण के दौरान लिए गये शिक्षा का उपयोग आप अपने जीवन में करेंगे। इस मौके पर राज्य संगठन आयुक्त आमोद सिंह ने भी इस तरह के कैम्प के लिए समस्त विद्यालय परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की। कैम्प में धन्यवाद ज्ञापन अजय वाल्मीकि ने की।

# बाउंड्री कार्य में अनियमितता देख भड़के ग्रामीण

### खुरी गांव में पीएचडी विभाग के द्वारा बन रहा पानी टंकी



नवीन मेल संवाददाता

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खुरी में करोड़ों रुपए की लागत से बन रहा पीएचडी विभाग के द्वारा पानी टंकी के बाउंड्री कार्य में अनियमितता देख रविवार को स्थानीय ग्रामीण भड़क उठे । उन्होंने कार्य स्थल पर पहुंचकर इसका विरोध किया तथा कार्य को बंद करा दिया । वहीं ग्रामीणों ने बताया कि करोड़ों रुपए की लागत से हो रहा इस पानी टंकी के बाउंड्री निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती गई है । बाउंड्री में लगे पिलर में मात्र दो रिंग को ही डाला गया और उसे ढाल दिया गया जबकि बाउंड्री की जुड़ाई कार्य हुए आज 10 दिन से ऊपर का समय होने को चला है लेकिन अभी तक इस बाउंड्री निर्माण कार्य में एक भी बार पानी नहीं पटाया गया है जो यह बाउंड्री ज्यादा दिनों तक टिकाऊ नहीं हो सकती है ।

### गुणवत्ता पूर्ण हो निर्माण कार्य : ग्रामीण

हम ग्रामीण यह चाहते हैं कि कार्य पूरी तरीके से गुणवत्ता पूर्ण हो तथा इस कार्य में स्थानीय मजदूरों से कार्य कराया जाए । जबकि ठेकेदार द्वारा धनबाद से मजदूरों को लाकर कार्य कराया जा रहा है जिसका हम लोग विरोध कर रहे हैं । कारण कि बाहर के मजदूरों के द्वारा इस कार्य में घटिया निर्माण को कराकर लीपापोती किया जा सके । जब हम लोग इसका विरोध करते हैं तो ठेकेदार प्रवीण दुबे के द्वारा हम लोगों को धमकी दी जाती है कि ज्यादा धांधली करोगे तो खिंचवा खिंचवा कर बुलाएंगे हमसे ज्यादा बदमाश कोई नहीं है । इसलिए हम सभी ग्रामीण मिलकर आज काम को बंद करा रहे हैं घटिया निर्माण कार्य को हम लोग नहीं होने देंगे । इसकी जांच होनी चाहिए और नहीं तो हम लोगतब बाध्य होकर इसके लिए आंदोलन भी करने को तैयार हैं । मामले में पीएचडी विभाग के कार्यपालक अभियंता महावीर प्रसाद से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि अगर निर्माण कार्य में अनियमितता बरती गई है तो इसकी जांच की जाएगी । जांच के बाद संबंधित लोगों पर कार्रवाई की जाएगी । मौके पर अशोक यादव, शिबू कोरवा, लक्ष्मण यादव, राम प्रताप यादव, राजेश यादव,अखिलेश यादव, संजय यादव, संजय यादव, प्रकाश यादव, राजबली किसान, राजेंद्र यादव, शांति देवी, कलावती कोरईन राजदेव यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए कमिटी गठित, अध्यक्ष बने शिव प्रसाद

नवीन मेल संवाददाता

**मझिआंव।** प्रखंड मुख्यालय के चन्द्री स्थित नवनिर्मित गायत्री शक्तिपीठ में मां गायत्री की प्रतिमा की प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर 01 मार्च से 05 मार्च तक आयोजित 108कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए यज्ञ महा कमिटी का गठन किया गया। गायत्री परिवार के जिला संयोजक विनोद पाठक के निर्देशन में सर्व सम्मति से राधकृष्ण मंदिर के महंत श्री श्री 1008श्री बाबा केशव नारायण दास को संरक्षक बनाया गया। जबकि सेवानिवृत शिक्षक शिव प्रसाद को यज्ञ महा कमिटी का अध्यक्ष बनाया गया। इसी तरह सेवानिवृत प्रधानाध्यापक महेंद्र नाथ दुबे, सुदेश सिंह, हरिशंकर सोनी, सुनील सिंह, पवन कुमार जायसवाल, अशोक साह, बिरेन्द्र प्रसाद एवं सन्नी चंद्रवंशी



को उपाध्यक्ष बनाया गया। वही बिजय कमलापुरी को सचिव तथा अशोक चौरसिया एवं सेवानिवृत अवर निरीक्षक बेचन राम को कोषाध्यक्ष बनाया गया. यज्ञ महा कमिटी में यज्ञशाला की देख रेख के लिए अनिल कमलापुरी की अध्यक्षता में, बिनय पाठक, महिला मंडल अध्यक्ष सुनीता चौरसिया, उपाध्यक्ष संतोषी देवी, रिंकी देवी, धर्मशीला देवी सहित महिला मंडल को संयुक्त रूप से यज्ञ शाला का प्रभार सौंपा गया।

### एनएच-33 पर सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**गढ़वा।** गढ़वा-रंका मार्ग एन एच 343 पर रविवार को मोटरसाइकिल कार की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों में गढ़वा थाना क्षेत्र के अशोक विहार जोरईया निवासी अमित केरकट्टा एवं विकास कुमार रवि के नाम शामिल हैं। दोनों को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि दोनों एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर रंका की ओर से गढ़वा आ रहा था इसी दौरान अन्नराज घाटी के पास उसी मोटरसाइकिल कार से टकरा गया घटना के बाद आसपास के लोगों ने उसे घायल अवस्था में उठाकर सदर अस्पताल लाया।

## सर्वेश्वरी समूह की ओर से नि:शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**सगमा।** श्री सर्वेश्वरी समूह देवस्थानम संस्थानम पड़ाव वाराणसी के निर्देशन पर श्री सर्वेश्वरी समूह श्री बंशीधर नगर शाखा की ओर से रविवार को सगमा प्रखंड मुख्यालय में स्थित भैया रूद्र प्रताप देव हाईस्कूल के परिसर में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में सगमा प्रखंड सहित विभिन्न प्रखंडों से बड़ी संख्या में विभिन्न बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। शिविर का शुरूआत अवधूत भगवान राम के तस्वीर पर विधिवत पूजा अर्चना कर की गई। स्वास्थ्य शिविर में एलोपैथिक और होम्योपैथिक लखनऊ, इलाहाबाद, बनारस, रांची और धनबाद के नाक, कान, गला, नेत्र, बाल और स्त्री रोग, हृदय, गुर्दा एवं चर्म रोग विशेषज्ञ चिकित्सक लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच किया गया। शिविर में करीब 3 हजार से अधिक विभिन्न बीमारियों से ग्रसित



मरीजों का इलाज एवं दवा निःशुल्क वितरण किया गया तथा चिकित्सकों के द्वारा परामर्श भी दी गई। जांच के दौरान मोतियाबिंद के मरीज का चिन्हित कर उन्हें विधि से लैंस प्रत्यारोपित करते हुए चिन्हित किया गया। मौके पर वाराणसी से आए आश्रम के पदाधिकारी एसपी सिंह, शशि गुप्ता, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, डीडी यादव, सुनील सिंह, चंद्र विक्रम साह व राजा साहब नाम शामिल हैं। जबकि श्री बंशीधर नगर आश्रम के उपाध्यक्ष हेमेंद्र प्रताप देव, मंत्री आनंद जायसवाल, प्रचार मंत्री राजेंद्र यादव, सदस्य मनोज प्रताप देव, अमरेंद्र दास मौजूद आदि थे।

# माफियाओं ने अवैध बालू लदे हाईवा से एसडीओ और सीओ को मारने की असफल कोशिश की



नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडल में बालू माफियाओं का दुस्साहसिक कारनामा सामने आया है। रात के अंधेरे में माफियाओं ने अवैध बालू लदे हाईवा से एसडीओ आलोक कुमार व विशुनपुरा सीओ निधि रजवार को कुचलकर मारने की असफल कोशिश की है। विशुनपुरा सीओ निधि रजवार ने नगर ऊंटारी थाने में इस संबंध में एफआईआर दर्ज करायी है।

### विशुनपुरा रोड में चल रहा था वाहन चेकिंग अभियान

सीओ निधि रजवार के आवेदन के मुताबिक विशुनपुरा के रास्ते अवैध बालू की तस्करी की सूचना मिलने पर उन्होंने विशुनपुरा रोड में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान अवैध बालू लोड हाईवा पहुंचा। प्रशासन को वहां देख ड्राईवर हाईवा को लेकर तेज रफ्तार में भागने लगा।
हाईवा को रोकने के लिये लगातार कोशिश की गई लेकिन वह नहीं रुका। चालक ने उन्हें कुचलने का प्रयास किया। जिससे बचने के क्रम में वे वाहन चालक सड़क के दूसरी ओर गिर पड़ीं। किसी तरह अपनी जान बचाते हुये उन्होंने इसकी सूचना एसडीओ आलोक कुमार को दी।
सूचना मिलने पर एसडीओ आलोक कुमार ने बंशीधर नगर में पूर्व से गाड़ी खड़ा कर हाईवा को रोकने का प्रयास किया। किंतु हाईवा चालक के द्वारा उन्हें भी गाड़ी समेत रौंदने का प्रयास किया। किंतु वे भी बाल-बाल बच गये। बाद में पीछा कर एचपी पेट्रोल पंप के निकट प्रशासन ने हाईवा को जब्त कर नगर ऊंटारी थाने को सौंप दिया।
पुलिस ने सीओ के आवेदन के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ड्राईवर अशोक साह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार ड्राईवर मझिआंव थाना क्षेत्र का रहने वाला है। चालक के विरुद्ध सरकारी कार्य मे असहयोग करने व सरकारी पदधिकारी को कुचलकर हत्या करने का प्रयास का मामला दर्ज किया गया है।

### मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 को लेकर विशेष कैंप आयोजित



**श्री बंशीधर नगर।** मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 को लेकर प्रखण्ड के सभी मतदान केंद्रों पर रविवार को विशेष कैम्प आयोजित किया गया.इस दौरान सम्बंधित मतदान केंद्र के बीएलओ द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिये प्रपत्र 6,मतदाता सूची से नाम हटाने के लिये प्रपत्र 7 तथा मतदाता सूची में नाम,पता,उम्र आदि गलत होने पर सुधार के लिये प्रपत्र 8 प्राप्त किया गया।

### सुनील मुखर्जी नगर में भाकपा कार्यकर्ताओं की हुई बैठक, बोले राज्य सचिव

# वर्तमान स्थिति में देश की आर्थिक स्थिति चरमरा गई है



नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के गढ़वा जिला के रमना प्रखंड अंतर्गत सुनील मुखर्जी नगर में कार्यकताओं की जीबी बैठक कामरेड नवरंगी पाल के अध्यक्षता में हुई ।इस कार्यक्रम का संचालन पार्टी के वरिष्ठ साथी गणेश सिंह ने किया। प्रारम्भ में गढ़वा जिला सचिव ने राज्य सचिव महेंद्र पाठक एवं पलामू जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी को माला पहनाकर स्वागत किया।सभा को सम्बोधित करते हुए पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि आज देश की आर्थिक स्थिति चरमरा गई है। देश विदेशी कर्जों एवं जीएसटी से चल रह है। आम जनता पर मंगहाई का बोझा लादा जा रहा है और देश के प्रधानमंत्री अपने निजी उद्योगिक पूंजीपति मित्रों के साथ मुस्कुरा रहे हैं। महंगाई की इस परिस्थिति में जनसमस्याओं को लेकर जिले के सभी प्रखंडों का घेराव 15नवंबर से किया जाएगा और उसके बाद गढ़वा उपायुक्त का घेराव किया जाएगा। सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता गणेश सिंह ने कहा कि रमना के सुनील मुखर्जी नगर में कंपनियों और इनके दलालों को घुसने नही दिया जाएगा। सभा को गढ़वा जिला सचिव राजकुमार राम, पूर्व सचिव रामेश्वर प्रसाद अकेला,देवी दयाल, राज्य परिषद सदस्य सुरेश ठाकुर, चन्द्रशेखर तिवारी, आलोक कुमार तिवारी ने संबोधित किया।इस कार्यक्रम में इसहाक अंसारी, गोपाल यादव, सीताराम, मुन्ना राम, राजेंद्र उरांव, मिस्त्र भूइंया, जगमोहन उरांव,सुदामा राम मुरती देवी,मारी देवी, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### गलत नीतियों के कारण बढ़ रही महंगाई : तिवारी

सभा को संबोधित करते हुए भाकपा के पलामू जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि देश में आज भाजपा की नीती के कारण महांगाइ दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है आज जनता कंगाल और कॉपोरेट मालामाल होते जा रहे हैं नौजवान बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं वहीं झारखंड सरकार आम जनता के हित में कोई काम नहीं कर रही है स्थानीय मंत्री मिथलेश ठाकुर सिर्फ बड़े लोगों और ठेकेदारों का काम करने में लगे हुए है। आनलाईन और आंफलाइन के चक्कर में आम जनता परेशान हैं जमीन का मोटेशन कराने,भूमिधारन पत्र लेने एवं जमीन का रसीद कटवाने में आम जनता का चप्पल टुट रहा है और सरकार आपकी योजना आपके द्वार कार्यक्रम का नौटंकी करने में लगी हुई है।

## भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सीएस ने किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** गढ़वा सीएस शनिवार को देर शाम भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया इसके पूर्व उन्होंने केतार उपस्वास्थ्य केंद्र व अन्य सेंटरों का जांच किया एवं केतार माँ भगवती का दर्शन किया। जांचों क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का प्रसूति गृह, वार्ड, इमरजेंसी वार्ड, पुराने भवन का निरीक्षण के पश्चात उन्होंने ने मीडिया को बताया कि भवनाथपुर सामुदायिक केंद्र सी एस पद ग्रहण के बाद पहली बार आया हूं। देखने से प्रतीत होता है कि जो यहां संसाधन है। उस मे बेहतर तरह से कार्य हो रहा है। कार्य से संतुष्ट हु। कुछ कमियां हैं। संसाधन उपलब्ध कराने के लिए गढ़वा उपायुक्त को पत्राचार करूंगा। उन्होंने कहा कि मैंने अपने दो माह के कार्यकाल में लगभग सभी स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया है ताकि तो कमी है संसाधन एवं मानव



संसाधन की उसको पूरी को जा सके। दो स्तर से मानव संसाधन की कमी पूरा किया जाता है एक जिला स्तर से एवं एक संविदा पर। सरकार द्वारा नियुक्त निकाला गया है कुछ उस से पूरा किया जाएगा बचे पद पर संविदा पर नियुक्ति किया जाएगा। इस मौके पर डिप्टी सुपरिटेंडेंट अवधेश कुमार सिंह,डीपीएम प्रवीण सिंह,अनूप कुमार, डॉ. नितेश भारती, डॉ. निशांक निश्रम, डॉ. अभिनीत विश्वास, प्रदीप पाठक, अनूप गुप्ता सहित सभी कर्मी उपास्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### नाबालिग से बलात्कार के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बालूमाथ।** पुलिस ने नाबालिक लड़की से बलात्कार करने के आरोप में सेरेगड़ा निवासी 20 वर्षीय युवक मो. अलाउद्दीन उर्फ आर्यन उर्फ बबलू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जिसके बारे में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रखंड प्रसाद ने बताया कि घटना बीते 8 जुलाई 2022 की है जहां थाना क्षेत्र निवासी नाबालिक युवती शौच के लिए बाहर निकली थी कि उपरोक्त युवक के साथ दो अन्य युवक ने युवती को जबरन उठाकर जंगल की ओर ले गए और युवती का बलात्कार किया। इस मामले में पीड़ित ने बालूमाथ थाना में आवेदन दर्ज कराया था। इस मामले में लातेहार एसपी के निर्देश पर पु अ नी प्रेम कुमार निषाद ने छापामारी कर युवक को सेरेगड़ा से गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसे पोक्सो एक्ट सहित अन्य सुसंगत धाराओं के साथ लातेहार कारा भेज दिया गया है। इस छापेमारी अभियान में अमरवाडीह पुलिस पिकेट प्रभारी प्रेम कुमार निषाद के अलावा सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

### ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनाई सड़क



**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत माल्हन पंचायत के मरमर गांव के ग्रामीणों ने रविवार को श्रमदान कर कच्ची सड़क को चलने योग्य बनाया। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त सड़क गांव की मुख्य सड़क है कई बार अधिकारियों से उक्त सड़क बनाने की गुहार लगा चुके हैं लेकिन अब तक किसी भी अधिकारी ने इस पर ध्यान नहीं दिया बारिश के दिनों में नदी के किनारे चढ़ान में लोगों को पैदल चल पाना कठिन हो जाता है और पुल नहीं होने के कारण प्रखंड मुख्यालय से संपर्क भी कट जाता है। ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिलते ही स्थानीय मुखिया जतरू कुमार मुंडा कार्य स्थल जाकर ग्रामीणों को आश्वासन देते हुवे कहा कि ग्राम सभा से पारित कर मुखिया फंड से जल्द ही पीसीसी पथ का निर्माण कराऊंगा। मुखिया श्री मुंडा ने मरमर के ग्रामीणों को श्रमदान कर चलने लायक पथ बनाने के लिए सभी का आभार जताया। श्रमदान में मुख्य रूप से गोविंद भोक्ता, दीनू मुंडा, रघु गंझू, सूरज गंझू, सुरेश गंझू, राजेंद्र गंझू, पारसनाथ गंझू, विकास गंझू, सुभाष गंझू, विशु लोहरा, विजय लोहरा, राजमोहन गंझू, अर्जुन गंझू, दर्शन गंझू, बालकिशोर भोक्ता समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### चंदवा की युवती ने थाना में आवेदन देकर लगाया बालूमाथ के युवक पर यौन शोषण का आरोप

**चंदवा।** थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने चंदवा थाना में आवेदन देकर बालूमाथ थाना क्षेत्र के रहने वाले एक युवक पर 5 साल से यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। आवेदन में युवती ने बताया है कि बालूमाथ थाना क्षेत्र के जिलिंगा निवासी जितेंद्र राम पिता लालजी राम शादी का प्रलोभन व बहला-फुसलाकर हमारे साथ 2018 से यौन शोषण कर रहा है। आवेदन में उसने पैसे ठगने का भी आरोप लगाया है। युवती ने आवेदन में आगे बताया है कि उसने मेरे नाम से एक ग्लैमर मोटरसाइकिल भी खरीद ली है। जिसका किस्त भी वह जमा नहीं कर रहा है। युवती ने आवेदन में पुलिस से अनुरोध करते हुए उस युवक से छुटकारा दिलाने की अपील की है ताकि वह अपनी मर्जी से जीवन जी सके। आवेदन के आधार पर मामला दर्ज करते हुए पुलिस जांच में जुट गई है।

### घर में चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**मयूरहंड(चतरा)।** जिले के मयूरहंड थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलखोरी निवासी बसंती देवी पति अर्जुन महतो के घर में चोरी करने के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार रात घर में चोरी होने के लेकर पीड़िता बसंती देवी ने अज्ञात लोगों द्वारा जेवरात एवं रुपये चोरी करने की लिखित शिकायत की थी। जिसके आलोक में थाना कांड संख्या 73/22 में धारा 380 भादवि के अंतर्गत अज्ञात के विरुद्ध कांड दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा था, इसी क्रम में घटन स्थल पर एक बाइक जेएच 02एएम 8720 एवं टेकलाल भुइयां पिता स्व. बासुदेव भुइयां ग्राम सिंदवारी थाना मयूरहंड का आधार कार्ड बरामद किया और जांचोपरांत टेकलाल को उसके घर सिंदवारी से गिरफ्तार करने के साथ उसके बयान पर परदेसी भुइयां पिता दर्शन भुइयां ग्राम बारादग, थाना चौपारण, जिला हजारीबाग निवासी को उसके ससुराल मयूरहंड से गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने के उपरांत जेल भेज दिया गया।

### उपायुक्त पहुंचे केदली कला गुरुद्वारा, सिख समुदाय के लोगों से की भेंट



**चतरा।** जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत केदली कला स्थित गुरुद्वारा पहुंच कर उपायुक्त अबु इमरान सिख समुदाय के लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उपायुक्त वहां के विशेषताओं की जानकारी लेते हुए समस्याओं से भी अवगत हुए और भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उपायुक्त के साथ उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिप अध्यक्ष ममता कुमारी, सदर एसडीओ मुमताज अंसारी, बीडीओ अभिषेक पांडेय समेत अन्य शामिल थे।

### उपनिर्वाचन पदाधिकारी ने किया बूथों का औचक निरीक्षण, दिए कई निर्देश

**गिद्धौर(चतरा)।** रविवार को उपनिर्वाचन पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी ने गिद्धौर प्रखंड के कई बूथों का औचक निरीक्षण किया। उपनिर्वाचन पदाधिकारी ने गंगा स्मारक उच्च विद्यालय, राजकीयकृत मध्य विद्यालय आदि बूथों पर पहुंचे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ को फार्म 6, 7 व 8 से सम्बंधित दिशा निर्देश देते हुए गरुड़ एप के माध्यम से नये मतदाताओं का ऑनलाइन डाटा अपलोड करने का निर्देश दिया। मालूम हो कि 9 नवम्बर से 8 दिसम्बर तक सभी बूथों पर विशेष मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य चलेगा। निरीक्षण के दौरान बीडीओ संजीत कुमार सिंह व संबंधित बीएलओ आदि उपस्थित थे।

---

### गिद्धौर में झामुमो कार्यकर्ताओं ने निकाला आभार यात्रा, बोले वक्ता

# राज्य की उन्नति के लिए बेहतर कार्य कर रही सरकार

- 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति व ओबीसी को 27 % आरक्षण पारित करने पर मना जश्न
- खलारी के आदिवासी महिलाओं द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गयी



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** हेमंत सरकार द्वारा विधानसभा के विशेष सत्र में 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति के साथ ओबीसी को 14 से बढाकर 27 प्रतिशत आरक्षण पास किए जाने पर रविवार को गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय में आभार पदयात्रा निकाला गया। जिसमें महागठबंधन में शामिल दलों के साथ ग्रामीण शामिल थे। पदयात्रा ब्लॉक मोड़ से मुख्य मार्ग का भ्रमण करते हुए मुख्य चौक पहुंचकर सभा में तब्दील हो गयी। पदयात्रा के दौरान में शामिल गठबंधन के कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीणों ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर बधाईयां देने के साथ आतिशबाजी कर खुशियां भी मनाई। कार्यक्रम के दौरान खलारी के आदिवासी महिलाओं द्वारा प्रस्तुत नृत्य प्रस्तुत किया गया। जबकि गिद्धौर के प्रसादी उर्फ राकेश राणा ने भगवान बिरसा का रूप धारण कर लोगों को आकर्षित किया। वहीं सभा में वक्ताओं ने कहा हेमंत है, तो हिम्मत है। हेमंत सरकार हिम्मत दिखाते हुए राज्य की उन्नति के लिए बेहतर कार्य कर रही है। हेमंत सरकार के कार्यकाल में जहां 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति व ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण बिल पास किया गया। वहीं सरकार द्वारा सर्वजन पेंशन देकर वृद्धों को सम्मान दिया गया। जबकि सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन, सहायक पुलिस कर्मियों को अवधि विस्तार के साथ पारा शिक्षकों को सहायक अध्यापक रूप में सम्मान देने के साथ अनेक कार्य किए हैं। वक्ताओं ने हेमंत सरकार द्वारा किए जा रहे बेहतर कार्य के प्रति आभार प्रकट किया। पदयात्रा का नेतृत्व जेएमएम के मनोज कुमार वर्मा, संघर्ष मोर्चा के सदस्य प्रदीप कुमार व राजद के रामदेव यादव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख अनीता यादव, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार पासवान, मुखिया निर्मला देवी, पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी, उप मुखिया मंजू देवी, राजेश कुशवाहा, निरंजन दांगी, संगीता देवी, सुरेंद्र दांगी, चंदा कुमारी, मो. अबुकलाम, देवनारायण दांगी, नगीना यादव, देवदीप पासवान, मुसाफिर महतो सहित अन्य शामिल थे।

## 40 अवैध शराब भट्ठी ध्वस्त, 100 ड्राम जावा महुआ नष्ट, 200 लीटर शराब जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने हंटरगंज थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 40 अवैध शराब भट्ठी को ध्वस्त करते हुए 100 ड्राम महुआ जावा किया नष्ट। मौके से 200 लीटर महुआ शराब चार मोटरसाइकिल जप्त करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि एसपी को मिले गुप्त सूचना पर हंटरगंज थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के जबड़ा एवं आसपास के गांव में अभियान चलाकर कुल 40 अवैध शराब की भट्ठी को दो जेसीबी के सहयोग से ध्वस्त करने के साथ 100 ड्राम महुआ जावा को नष्ट किया गया। इसके अलावे मौके से 200 लीटर महुआ शराब, चार मोटरसाइकिल जप्त करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तारी किया गया। आगे बताया कि संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### 'हक हमारा भी तो है' के तहत कई कार्यक्रम आयोजित

# नालसा द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति लोगों को किया गया जागरूक




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमरिया/पत्थलगड़ा(चतरा)।** रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह एवं सचिव प्रज्ञा वाजपेई के दिशा निर्देशन में नालसा के आउटरीच और हक हमारा भी तो है के अंतर्गत सिमरिया व पत्थलगड़ा आदि प्रखंड़ों में विभिन्न विधिक जागरुक्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कानूनी सहायता केंद्र सिमरिया के द्वारा जबड़ा आश्रम आवासीय विद्यालय विधिक कार्यशाला आयोजित कर संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य की जानकारी देने के साथ साइबर क्राइम, बाल विवाह, बाल श्रम, डायन-भूत अधिनियम की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विधिक कार्यकर्ता सुबोध कुमार शर्मा, उमेश प्रसाद, रंजन कुमार मिश्रा, प्राचार्य जामवंती मिश्रा, सामाजिक कार्यकर्ता उद्धव सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। वहीं पत्थलगड़ा प्रखंड के नावाडीह पंचायत में आउटरीच और हक हमारा भी तो है के अंतर्गत प्रभात फेरी निकाल कर लोगों को नालसा द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरुक किया गया। इस दौरान लोगों को पीएलभी मुनीलाल दांगी एवं रविंदर कुमार के द्वारा प्राधिाकर से मिलने वाली सुविधाओं व सहायताओं से अवगत कराया गया।

## छिपादोहर पुलिस ने हत्याकांड के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** छिपादोहर पुलिस टीम ने हेहेगड़ा में 10 महीने पहले हुए हत्याकांड का खुलासा करते हुई हत्या के आरोपी उसी गांव के संजीत यादव उर्फ ललु यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस सम्बंध में थाना प्रभारी विस्वजीत तिवारी ने बताया कि 23 फरवरी 2022 हेहेगड़ा निवासी मृतक राजनाथ यादव को उसी गांव के संजीत उर्फ ललु यादव ने पीट-पीट कर अधमरा कर दिया था। बाद में 27 फरवरी को इलाज के दौरान रिम्स में राजनाथ की मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि पुलिस की गिरफ्त में आये आरोपी ने बताया कि हत्या के कुछ दिन पूर्व संजीत उर्फ ललु जेल गया था।

उसे शक था कि उसको जेल भेजने के पीछे राजनाथ का हाथ है। इसी कारण उसने राजनाथ कीपीट पीट कर हत्या कर दी थी। आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। आरोपी संजीत उर्फ ललु की गिरफ्तारी टन्डवा थानाक्षेत्र के एक गांव से हुई है। हत्या के बाद से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी.इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि आरोपी टन्डवा थाना क्षेत्र के एक गांव मे छिपा हुआ है। इसी सूचना के आधार पर छिपादोहर थाना प्रभारी विश्वजीत तिवारी द्वारा गठित पुलिस की टीम द्वारा किया गया है।

### युवा समाजसेवी ने मृतक के परिजनों को दी सहायता राशि

**मनिका।** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित मनिका पंचायत के ग्राम पोखरी में युवा समाजसेवी अभिषेक कुमार सिंह के द्वारा पोखरी के मृतक बाबूलाल सिंह के परिजनों को कामकाज के लिए खाद सामग्री एवं नगद राशि भी दिया गया। अभिषेक सिंह के द्वारा अपने पंचायत क्षेत्र में लगातार इस तरह का समाज सेवा किया जाता है उन्होंने कहा हमारे पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों को कोई भी दुख तकलीफ होता है तो हमें बताएं हम आपके साथ हमेशा निस्वार्थ भाव से हमेशा खड़ा रहेंगे। मौके पर उपस्थित घनश्याम सिंह, ग्राम प्रधान पोखरी सुखलाल सिंह, राम प्रसाद सिंह, उदय भुइया, गुप्तेश्वर यादव, कमलेश सिंह, गणेश यादव ,उमेश यादव, गोविंद यादव ,सुरेंद्र ठाकुर, अंकित कुमार ,शंभू पासवान, रामचंद्र सिंह, एवं मृतक के परिजन भी मौजूद थे।

## यादव महासभा की बैठक में कमेटी गठन के लिए पर्यवेक्षक का हुआ चयन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत ब्लॉक के पास मनोज यादव के आवास में रविवार को प्रखंड महा यादव सभा का बैठक यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष श्यामसुंदर यादव के अध्यक्षता में की गई ।बैठक में सर्वप्रथम 1962 ई वी में चीन भारत रेंजागला युद्ध में 114 शहीद हुए यदुवंशियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में महासभा के जिला एवं प्रदेश अधिकारियों के आदेशानुसार आगामी 16 नवंबर से शुरू हो रहे यादव महासभा के पंचायत स्तरीय कमेटी गठन को लेकर सभी पंचायतों में पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए। जिसके लिए विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित यादव महासभा के सभी अधिकारियों को फुल पहनाकर सम्मानित किया गया ।मौके पर यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष श्याम सुंदर ने पंचायत पर्यवेक्षक के रुप में निम्न लोगों को बनाया गया । जिसमें गेश्वर यादव बालू, दीपक यादव, गोपाल यादव रजवार, मनोज यादव,संजय यादव मासीयातू, जगत नारायण यादव,संजय यादव चेताग, मुनेश्वर यादव, मनोज यादव झाबर, मनोज यादव, संजय यादव बालूमाथ, बिहारी यादव,कुलदीप यादव धाधू, गोपाल यादव,जगन्नाथ यादव बसिया, नंद कुमार यादव, मरथ यादव मारंगलोइया, विजय यादव,प्रदीप यादव मुरपा, श्याम लाल यादव, निरंजन यादव भगेया, हरिहर यादव,चंद्र मोहन यादव गणेशपुर, राजेश यादव,प्रीतलाल यादव शेरेगड़ा के नाम शामिल हैं।

## मनिका में डीएमओ के नेतृत्व में चला वाहन चेकिंग अभियान, तीन धरायें



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार के नेतृत्व में रविवार प्रातः दस बजे मनिका थाना के समीप वाहन चेकिंग किया गया। वाहन चेकिंग के दौरान नियम के विपरित चिप्स ले जाते तीन वाहन को पकड़ा गया एवं पकड़े गए वाहनों को सुरक्षा अभिरक्षा के तहत थाना को सुपूर्द कर दिया। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि अवैध खनन एवं परिवहन के रोक थाम को लेकर मनिका थाना के समीप थाना प्रभारी शुभम कुमार के साथ वाहनों की जांच की गयी,जांच के क्रम में तीन वाहनों को नियम के विरूद्ध चिप्स ले जाते हुए पकड़ा गया,जिसमें वाहन संख्या जेएच03एजी8509 में चिप्स लदा हुआ था,जब चालक से कागजात की मांग की गयी तो कोई भी कागजात नहीं दिखा गया,जबकि वाहन संख्या जेएच03एएच9442 एवं जेएच19सी9337 में ई चलान से अधिक चिप्स पाया गया। जिस पर कार्रवाई करते हुए वाहनों को सुरक्षा अभिरक्षा के तहत थाना को सुपूर्द कर दिया। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने कहा है कि अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा,अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## जंगली हाथियों ने जमकर मचाया उत्पात आशियानों को उजाड़ा, पशुओं को मारा



**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** औद्योगिक चकाचौंध तथा कोल परियोजनाओं द्वारा जंगलों में उत्खनन, परिवहन व विस्तारीकरण के कारण सिमटते वनक्षेत्र से आतंकित वन्य जीव अब इधर-उधर पलायन करते देखे जा सकते हैं। इसका ही असर है कि शनिवार देर रात टंडवा प्रखंड क्षेत्र के डहू पंचायत अंतर्गत बानपुर के टोला परसातरी में जंगलील हांथियों ने तांडव मचाते हुए आदिवासी परिवारों के घरों पर तोड़ते हुए जबरा भगत के तीन दुधारू पशु एवं तीन बैल तथा सधना भगत के एक गाय को पटक-पटक कर मार डाला। वहीं दोनों के घरों समेत जयराम भगत व प्रभु उरांव के आशियानों को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना से डरे सहमे ग्रामीण किसी तरह रात तो गुजार लिया पर अब पीड़ितों के बीच रहने व खाने की चिंता सताने लगी है। सूचना पाकर जिप सदस्य सुभाष यादव गांव पहुंचकर पीड़ित परिवारों को सांत्वना देते हुवे वन विभाग को अविलंब यथोचित मुआवजा देने का निर्देश दिया। इस संबंध में रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना ने कहा कि वन कर्मी हांथियों को खदेड़ने के लिए समुचित प्रबंध कर रहे हैं और पीड़ित परिवारों से मिलकर क्षतिपूर्ति का आकलन किया जा रहा है।

### लातेहार द कार्नियल होटल में याचिकाकर्ता ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

# चकला प्लांट से स्क्रैप उठाने के खिलाफ उच्च न्यायालय दिल्ली में याचिका दायर



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** चंदवा प्रखंड के चकला स्थित अभिजीत कॉरपोरेट्स पावर लिमिटेड के परीसमापन (स्क्रैप उठाव) मामले में नया मोड़ आया है। उच्च न्यायालय दिल्ली में रैयतों एवं बकायेदारों की ओर से दीपू कुमार सिन्हा और धीरज जायसवाल ने दायर याचिका की है। जिसकी सुनवाई 14 नवंबर 2022 को दिल्ली उच्च न्यायालय में होगी। रविवार को लातेहार द कार्नियल में प्रेसवार्ता कर याचिकाकर्ता एवं केंद्रीय समिति सदस्य झामुमो दीपू कुमार सिन्हा , याचिकाकर्ता बकाएदार धीरज जायसवाल, प्रदेश प्रवक्ता आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सौरभ श्रीवास्तव, अयुब खान व असगर खान ने संयुक्त रूप से की। उन्होंने बताया कि चंदवा प्रखंड के चकला (बाना) गांव में 2000 मेगावाट का पावर प्लांट अभिजीत ग्रुप द्वारा लगाया जाना था। राज्य सरकार से एमओयू करने के बाद कंपनी को भारत सरकार द्वारा कोल ब्लॉक का आवंटन भी किया गया था। राज्य सरकार से मिले एनओसी कॉल ब्लॉक एवं जमीन के आधार पर उक्त कंपनी ने विभिन्न बैंकों से करोड़ों रुपए का कर्ज लेकर प्लांट निर्माण का कार्य प्रारंभ किया था। कंपनी को आवंटित चकला कोल ब्लॉक रद्द हो जाने के कारण कंपनी का यह निर्माणाधीन पावर प्लांट बंद हो गया और अंततः अपने बकाया रुपए की वसूली हेतु बैंकों ने इंसोल्वेंसी एंड बैंक कोड 2016 कानून के तहत नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) कोर्ट के कोलकाता बेंच में आवेदन करते हुए मामला दायर किया है। एनसीएलटी कोर्ट ने उक्त मामले के निष्पादन और बैंक के बकाए की रिकवरी के लिए 10 अक्टूबर 2018 को पंकज धानुका को रिजोल्यूशन प्रोफेशनल (आरपी) नियुक्त किया। मामले का हल नहीं निकलने पर एनसीएलटी कोर्ट ने 8 अक्टूबर 2021 को प्लांट की नीलामी की प्रक्रिया का आदेश देते हुए पंकज धानुका को रिजोल्यूशनल प्रोफेशनल से लिक्विडेटर बना दिया।12 अप्रैल 2022 को इनसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी ऑफ इन इंडिया (आईबीबीआई) की डिसीप्लिनरी कमिटी ने पंकज धानुका को एक अन्य कंपनी (डीटीटीआईएलएलपी) के सलाहकार के पद पर होने के कारण एक साल तक किसी भी तरह के असाइनमेंट को करने से रोकने का आदेश पारित किया। उक्त आदेश को चुनौती देते हुए लिक्विडेटर पंकज धानुका ने दिल्ली उच्च न्यायालय में अर्जी दी। जिस पर 12 अप्रैल 2022 को उच्च न्यायालय ने दोनों पक्षों के दलीलों को सुनने की बात कहते हुए मामले की अगली तारीख 14 नवंबर 2022 तय की। कोर्ट में सुनवाई जारी रहते हुए ही बिना कोई स्पष्ट आदेश के लिक्विडेटर पंकज धानुका ने नाटकीय रूप से प्लांट के परिसंपत्तियों के परीसमापन (स्क्रैप) की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना शुरू कर दिया। पंकज धनुका के द्वारा इस बाबत आनन-फानन में पारदर्शिता न बरतते हुए कोलकाता के अंग्रेजी अखबारों में प्लांट के स्क्रैप का टेंडर जारी कर दिया। लिक्विडेटर पंकज धानुका द्वारा अपारदर्शी प्रक्रियाओं के तहत मनमाने ढंग से बिना टेंडर सक्सेसर का आदेश सार्वजनिक किए हुए 17 अक्टूबर 2022 से प्लांट के स्क्रैप का उठाव शुरू कर दिया गया। उक्त मनमाने और गैर कानूनी प्रक्रिया के दौरान लिक्विडेटर पंकज धानुका के द्वारा स्थानीय रैयतो, बकायेदारों एवं कामगारों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को बिना विश्वास में लिए हुए निरंतर स्क्रैप उठाव का काम किया जा रहा है। स्क्रैप के उठाव से स्थानीय लोग,रैयत, जनप्रतिनिधि एवं हितधारकों में भारी रोष व्याप्त है। इस मामले में स्थानीय रैयत श्री दीपू कुमार सिन्हा तथा बकायदार धीरज जायसवाल ने लीगल सॉलिसिटर कंपनी के सौरभ श्रीवास्तव के माध्यम से दिल्ली उच्च न्यायालय में वहां की प्रतिष्ठित कानूनी कंपनी इक्विकॉर्प एसोसिएट्स के साथ मिलकर अपने अधिवक्ताओं आनंद श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव तथा समझयोर लेपचा न्यू दिल्ली के माध्यम से याचिका दायर कर दी है। उच्च न्यायालय दिल्ली में उक्त मुकदमे की सुनवाई 14 नवंबर 2022 को निर्धारित है। जिसमें दीपू कुमार सिन्हा और धीरज जायसवाल को इंटरवेनर मानते हुए उक्त मामले की सुनवाई होनी है। उच्च न्यायालय दिल्ली में दायर इस याचिका से स्थानीय कामगारों, रैयतों और बकायेदारों को बड़ी राहत मिलने तथा अपारदर्शी तरीके से प्लांट में हो रहे स्क्रैप उठाव के बंद होने की संभावना है। श्री सिन्हा और धीरज जायसवाल के दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर देने से हाशिए पर धकेल दिए जा रहे रहे रैयतों, कामगारों, जनप्रतिनिधियों एवं बकायेदारों में हर्ष व्याप्त है। इस मामले का केस नंबर जो उच्च न्यायालय दिल्ली में सूचीबद्ध किया गया है वह धीरज जायसवाल और दीपू कुमार सिन्हा के मामले में क्रम से 1868662/2022 एवं 1868682/2022 है।

## न्यूज गैलरी

### लंबे समय से फरार तीन लाल वारंटियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर लंबे समय से फरार तीन लाल वारंटियों को रविवार को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया जानकारी देते हुए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दयानंद कुमार ने बताया। कि प्रत्येक महीना विशेष ड्राइव चलाते हुए फरार लाल वारंटी को गिरफ्तार की जाती है जिसमे जलडेगा थाना में आर्म्स एक्ट के तहत फरार वारंटी राजू साहू उर्फ.धूंधा साहू सांयपुर निवासी को गिरफ्तार किया इसके अलावा रेंगारिह थाना के एक मामले में फरार आरोपी खिजरी नवाटोली निवासी राजेंद्र साहू उर्फ रोपा साहू को गिरफ्तार किया इसके अलावा वह 2008 में राशन गबन मामले में फरार लाल वारंटी सेवई के सनसेवई निवासी निकोलस लकड़ा को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि इन सभी को जेल भेज दिया गया है और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बोलबा मुख्यालय में कांग्रेसियों ने कोलेबिरा विधायक का किया जोरदार स्वागत



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय में रविवार को कांग्रेसियों ने विधायक नमन विक्सल कोंगाडी का किया जोरदार स्वागत। इस मौके पर समसेरा मोड़ फूलमाला का बुके देकर स्वागत किया गया साथ ही बाजा–गाजा के साथ महिलाओं ने नृत्य करते हुए समसेरा मोड़ से बोलबा बाजार टांड़ तक पहुंचे वहीं कार्यकताओं द्वारा जमकर अतिशबाजी करते हुए नारे लगाए गए इस मौके पर विधायक ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि मैं सदन के अन्दर एवं बाहर आम जनताओं का आवाज बनकर हमेशा बोलता रहा। इससे विपक्षीयों को अच्छा नहीं लगा और हमें फंसाने के किया। लेकिन कोलकाता हाई कोर्ट में हमारे खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला और हमें स्थायी जमानत दे दिया गया आप सबों का प्यार ने और विश्वास के लिए मैं आभारी हूँ। इस मौके पर सम्मी आलम, रावेल लकड़ा, संजय कुजूर, प्रेमचंद दास, बिमला प्रधान, ललन सिंह, रिचर्ड लकड़ा, नवीन कुल्लू, यमुना प्रसाद जायसवाल सहित भारी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

### कोचेडेगा में श्री सत्य साईं ग्लोबल भजन कार्यक्रम के साथ परिणय सूत्र में बंधे दो लोग



**सिमडेगा।** सिमडेगा श्री सत्य साईं ग्लोबल भजन कार्यक्रम के दूसरे दिन कार्यक्रम के दौरान कोचेडेगा में रविवार को परिणय सूत्र में बंधे दंपति। कोचेडेगा साईं मंदिर में दो दिवसीय अखंड ग्लोबल भजन कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को लंबे समय तक साईं बाबा की सेवा से जुड़ी रीना कुमारी का विवाह राजेश गुर्जर साहू के साथ हुआ। श्री सत्य साईं संस्था से जुड़े लोगों ने मंदिर परिसर में वर वधु प्रणय की व्यवस्था किया। रीना कुमारी के विवाह पर संस्था से जुड़े लोगों ने वर–वधू को आशीर्वाद दीया। शनिवार देर शाम से चल रहे श्री सत्य साईं ग्लोबल भजन कार्यक्रम मैं श्रद्धालुओं का तांता लगा है संस्था से जुड़े गणपति ने बताया कि कार्यक्रम का समापन पूजन हवन के साथ देर शाम किया जाएगा। संस्था के प्रयास में समाज में आर्थिक रूप से पिछड़े बच्चियों का विवाह मंदिर परिसर में संस्था के जुड़े लोग आपसी सहयोग से सामाजिक व रचनात्मक कार्य निरंतर जारी है। कार्यक्रम मे गणपति बडाईक उदयकांत चौधरी रंजीत साहू नरोत्तम प्रसाद चंद्रनाथ सुरेश चौधरी मीना देवी राधामुनी देवी किरण देवी सुनीता कुमारी लक्ष्मी कुमारी के साथ ही संस्था से जुड़े लोगों का महत्वपूर्ण योगदान कार्यक्रम में रहा। समापन रविवार देर शाम किया गया।

### सिमडेगा में दस दिनी मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण शिविर का समापन

**सिमडेगा।** बीओआई आरसेटी के संयुक्त बैनर तले दस दिनी मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में जिले के सभी प्रखंडों से कुल 26 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। मौके पर आरसेटी के निदेशक सन्नीस अविजीत मिंज ने सभी प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया। साथ ही उन्होने बैंक से मिलने वाले लोन के बारे में भी विस्तार से जानकारी देते हुए लोन लेकर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने की बात कही। उन्होने व्यापार के माध्यम से अपने परिवार का भरण पोषण करने की बात कही। उन्होने सभी प्रशिक्षणार्थियों के उज्जवल भविष्य की भी कामना की। वहीं महिलाओं का सिलाई प्रशिक्षण शिविर का भी समापन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से 29 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। सभी प्रशिक्षणार्थियों को डायरेक्टर सन्नीस अविजीत मिंज ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### पीडियापोंछ बाजार के पास लगे ट्रांसफार्मर 6 माह से खराब, अंधेरे में रात काट रहे हैं ग्रामीण



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के पीडियापोंछ बाजार टांड़ के पास लगे ट्रांसफार्मर छह माह से खराब, अंधेरे में रात काट रहे हैं ग्रामीण। ग्रामीण ने बताया कि पीडियापोंछ बाजार टांड़ के पास लगे ट्रांसफार्मर छह माह से खराब पड़ा हुआ है जिससे ग्रामीण अंधेरे में रात काट रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर आंगनबाड़ी केंद्र, तहसील कचहरी, स्वास्थ्य उपकेंद्र, प्रज्ञा केंद्र संचालित है। साथ ही लगभग 50 घरों के लोग बिजली के उपभोक्ता हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दिनों अवगा स्कूल में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उपायुक्त सिमडेगा को एक आवेदन देकर ट्रांसफार्मर लगाने की मांग किया गया। उपायुक्त द्वारा तीन दिनों के अन्दर ट्रांसफार्मर लगाने का आदेश भी दिया गया। किन्तु अबतक ट्रांसफार्मर नहीं लगा है। बिजली विभाग ने बताया कि इसका रिपोर्ट विभाग के उच्च अधिकारी को दे दिया गया है। ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर अविलम्ब लगाने की मांग किया है। इस मौके पर जैनुल अंसारी, सतीश शर्मा, नारायण साहू, रामदयाल प्रसाद, रामप्रसाद सिंह एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## लोहरदगा जिले के सभी सातों प्रखंडों में मेगा विधिक सेवा सशक्तिकरण सह किसान मेला का आयोजन

# 5057 लाभुकों को मिला 13,37,17,733 रुपये की परिसंपत्ति का लाभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा एवं जिला प्रशासन के विभिन्न इकाइयों के संयुक्त प्रयत्न से लोहरदगा जिले के सभी सातों प्रखंडों में मेगा विधिक सेवा सशक्तिकरण सह किसान मेला का आयोजन किया गया। लोहरदगा के विभिन्न प्रखंडों में इस निमित्त न्यायिक पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। कुरू प्रखंड में प्रथम जिला न्यायाधीश अखिलेश कुमार तिवारी, भंडरा प्रखंड में तृतीय जिला न्यायाधीश अरविन्द कुमार, पेशरार प्रखंड के लिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री चंदन, किस्को प्रखंड में वरीय कोटी सिविल जज अर्चना कुमारी एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट शुचिता निधि तिग्गा, सेनहा प्रखंड में न्यायिक मजिस्ट्रेट पूजा कुमारी लाल जबकि कैरो प्रखंड में सिविल कोर्ट निबंधक सह न्यायिक मजिस्ट्रेट राज कल्याण की प्रतिनियुक्ति की गई थी। जबकि मेगा विधिक सेवा सशक्तिकरण का मुख्य कार्यक्रम टाउन हॉल एवं लोहरदगा प्रखंड परिसर में आयोजित किया गया।









टाउन हॉल में कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष डालसा राजेंद्र बहादुर पाल, जिले के उपायुक्त सह उपाध्यक्ष डालसा डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, आरक्षी अधीक्षक सह सदस्य डालसा आर रामकुमार, डालसा सचिव राजेश कुमार एवं अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत एक-एक पौधा देकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन डालसा सचिव राजेश कुमार एवं पीएलवी दिलीप कुमार के द्वारा किया गया। इस अवसर पर डालसा अध्यक्ष पीडीजे राजेंद्र बहादुर पाल ने कहा की सरकार एवं न्यायपालिका का हमेशा से यह प्रयत्न रहा है कि कानूनों एवं विभिन्न योजनाओं का लाभ देश के प्रत्येक नागरिकों को मिले। इसी उद्देश्य से लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार समय-समय पर विद्यालयों में, हाट बाजार में एवं गांव गांव जाकर ना सिर्फ उनके समस्याओं को सुनती है।

अपितु उन्हें जागरूक करते हुए समस्या समाधान करने का प्रयास भी कराती है। डालसा के उपाध्यक्ष सह उपायुक्त ने कहा की आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से लोहरदगा जिले के हजारों लोगों को इसका सीधा लाभ मिला है और उसी कड़ी में आज विधिक सेवा सशक्तिकरण का आयोजन किया गया है। जिसमें 5000 से ज्यादा लोगों के बीच 13 करोड़ से भी ज्यादा का योजना एवं परिसंपत्ति का वितरण किया जा रहा है। वहीं डालसा सदस्य सह पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि ऐसे आयोजनों से लोगों को सीधा लाभ मिलता है। लोग रोजगार उन्मुख होते हैं। जिससे समाज में कानून व्यवस्था अच्छी बनी रहती है।

वहीं डीडीसी गरिमा सिंह ने लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना की। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा लाभुकों के बीच करोड़ों रुपये के परिसंपत्ति का वितरण किया गया। टाउन हॉल के कार्यक्रम के पश्चात सभी अतिथियों द्वारा लोहरदगा प्रखंड परिसर में विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए स्टॉल सह मेला का उद्घाटन एवं निरिक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भी परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। मेगा विधिक सेवा सशक्तिकरण में 600 से अधिक लोगों ने भाग लिया। प्रखंड परिसर लोहरदगा में दिनभर कार्यक्रम को लेकर चहल-पहल बनी रही। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

## लगभग तीस साल बाद लोहरदगा आये आरएसएस प्रमुख

### प्रांत संघचालक के आवास पर रुके तीन घंटे, छतीसगढ़ के लिए हुए रवाना, चाक चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था

**राहुल कौशल**

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा मोहन भागवत रविवार की सुबह लोहरदगा पहुचे। वे

■ आरएसएस स्वयं सेवकों से मिले डॉ मोहन भागवत, किया उत्साहवर्धन



लोहरदगा के राणा चौक स्थित संघ के झारखंड प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल के आवास पर लगभग तीन से चार घंटे ठहरे। लगभग तीस साल बाद वे लोहरदगा पहुचे थे। प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल के आवास पर भोजन करने के बाद वह छत्तीसगढ़ के जशपुरनगर के लिए रवाना हो गए। इस दौरान वे लोहरदगा के आरएसएस स्वयंसेवक से मुलाकात किए और उनके साथ संगठनात्मक परिचर्चा किया और स्वयंसेवको का मार्गदर्शन किया। वही शिला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में पिछले दो दिनों से चल रहे आरएसएस के प्रवासी कार्यकताओं के प्रशिक्षण वर्ग में शामिल सभी स्वयंसेवकों से भी उन्होंने मुलाकात की। इधर आरएसएस प्रमुख के आगमन को लेकर पूरा इलाका छावनी में तब्दील रहा। लोहरदगा में चल रहे आरएसएस के प्रवासी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण वर्ग में शामिल स्वयं सेवकों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर आरएसएस प्रमुख डॉ मोहन मधुकर भागवत ने स्वयंसेवको का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हम सब (हिन्दू समाज) में ऐसी भावना होनी चाहिए कि हमें एक दूसरे को देखना और सूनना अच्छा लगे, मुझे अच्छा लगता है` संघ का कार्यक्रम इसलिए रखा जाता है कि ज्यादा से ज्यादा लोग, ज्यादा से ज्यादा बार एक दूसरे से मिलें, मिलने जूलने से आनंद मिलता है, पूरे हिन्दू समाज के लिए यह आनंद का विषय है। एक दूसरे के सुख-दुःख में बिना बताये हम भाग-दौड़ करें ऐसा हमारा संबंध हो पूरे हिन्दू समाज में ये सब समस्याओं का उत्तर है इसी के बल पर संकटों का प्रतिकार होना है , इसी से हिन्दू राष्ट्र में वैभव सम्पन्नता फले फूलेगी, हम ऐसे बनें सिर्फ हम नहीं हमारा कुटुंब भी ऐसा बने इसलिए इसका एक मात्र उपाय है शाखा, बिना इसके कुछ नहीं जो होना है इसके बलबूते ही संभव है। सभी शाखाएँ भौगोलिक रूप से दूर हैं परंतु हिंदू समाज के सभी आयुवर्ग से संबंध बनाने के लिए सिर्फ एक है वो है शाखा `शाखा से मित्र संबंध बनते हैं आनंदमय वातावरण बनता है जो संगठन की उच्च श्रेणी में आता है` संघ का कार्य हिंदू समाज का ठेका लेना नही है बल्कि संघ से हम तैयार होकर समाज के उद्धार में स्वयं को लगायेंगे यह हमारा कार्य है` हमारी निर्बलता, दुर्बलता ही हमारी त्रुटि है बाकि गुलाम बनाने वाले तो हमें छोड़ कर चले गए मतलब अब हमें प्राणार्पण करने की आवश्यकता नहीं है परन्तु हमें समय और समझदारी से अधिक गति के साथ कार्य करना चाहिऐ स्वयंसेवको का मार्गदर्शन करने के बाद वे छत्तीसगढ़ के लिए रवाना हो गए। छत्तीसगढ़ के जशपुरनगर में वनवासी कल्याण आश्रम की ओर से सोमवार को जनजातीय गौरव दिवस समारोह का आयोजन किया गया है। इसमें मोहन भागवत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में मतांतरित लोगों की घरवापसी कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दिलीप सिंह जूदेव की प्रतिमा का अनावरण होना है। कार्यक्रम में झारखंड के गुमला, लोहरदगा व सिमडेगा जिले से लोग भी शामिल होंगे। इधर आरएसएस प्रमुख की सुरक्षा के लिए अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह, कार्यपालक दंडाधिकारी नारायण राम, पुलिस निरीक्षक अनिल उरांव, मंटू कुमार सहित पुलिस प्रशासन की तैनाती की गई थी।

## लचरागढ़ में विशेष कार्यक्रम आयोजित करते हुए कोलेबिरा विधायक का हुआ भव्य स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत लचरागढ में रविवार को भव्य कार्यक्रम आयोजित करते हुए लचरागढ वासियों ने विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी का स्वागत किया। विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि हम आपलोगों के स्वागत सत्कार से बहुत ही अपने आप को सौभाग्यशाली समझ रहा हूं। आज मैं आपलोगों के बीच सौ दिन के बाद उपस्थित हुआ और जिस प्रकार आपलोगों को हमारे विरोधियों ने हमारे बारे में दिग्भ्रमित करने का कार्य किया गया। किन्तु आपलोगों ने उन विरोधियों को करारा जवाब देते हुए कांग्रेस को मजबूत बनाने का काम किया। इसके लिए आपसबों को जितना आभार प्रकट करूं कम प्रतीत होता है। विधायक ने कहा कि मैं बताना चाहूंगा कि जो स्थिति परिस्थिति उत्पन्न हुआ उसमें हमारे विरोधियों द्वारा साजिश रचते हुए मुझे कमजोर करने का प्रयास किया गया। किन्तु आपलोगों स्नेह हमें मानसिक रूप से मजबूती प्रदान किया है, इसलिए मुझे आपके द्वारा दिए सहयोग ने और बल मिला है। मैं आपलोगों को बताना चाहेंगे कि ना हम पार्टी और सरकार को गिराना चाहते थे और ना मैं भविष्य में कभी कांग्रेस पार्टी को बदनाम करूंगा क्योंकि जो मान सम्मान मुझे पार्टी ने दिया है उसका मैं तृणि हूं। मैं बता देना चाहता हूं कि जब मैं विधायक नहीं था उस समय लेकर आज विधायक होने तक जिस प्रकार सड़क से लेकर सदन तक अपने समाज, अपनी भाषा संस्कृति एवं दलित शोषित पीड़ित आदिवासी पिछड़ा, सदानों की आवाजों को प्रमुखता से उठाया नतीजा कुछ लोगों को मुझसे जलन होने लगा। फिर मुझे पार्टी और सरकार में कमजोर करने के लिए साजिश रचते हुए फंसाने का कार्य किया गया। एक बात और संक्षेप में कहेंगे कि आपका विधायक आपके भरोसा को ना तोड़ा है और ना बिका है, आगे भी आपका भरोसा बरकरार रहेगा और ना बिकेगा। ये मेरा आपके साथ वादा है। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम, रावेल लकड़ा, जमीर अहमद उर्फ प्रिंस, जमीर हसन, सुलभ नेल्सन डुंगडुंग, सुशील जड़िया, अप्पू, फूलकेरिया डांग, अन्तोनी बाघवार, आचार्या जी, क्लेमेंट टेटे, फादर, सिस्टर और हजारों समर्थक मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल, पुलिस ने अस्पताल में कराया भर्ती

**सेन्हा–लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के जोगना पुल के समीप शुक्रवार को देर शाम करीब 7:30 बजे सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल हो गया। जिसे सेन्हा थाना प्रभारी को सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ऋषिकान्त ने ए एस आई राजेश शर्मा के साथ मिलकर मानवता का परिचय देते हुए घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेन्हा में भर्ती कराया। जहाँ डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार युवक अपना बाइक जेएच 07 के 6697 पर सवार हो लोहरदगा से घाघरा की ओर जा रहा था। इसी क्रम में बाइक से गिरने के कारण युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक शराब के नशे में धुत होने के कारण सड़क दुर्घटना हुआ है। जिससे माथे में चोट होने की बात कही जा रही है। वहीं थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए कहा कि क्षतिग्रस्त बाइक को जब्त कर सुरक्षित रखा गया है। घायल की पहचान घाघरा निवासी स्वर्गीय बुधवा महली के पुत्र अनिल महली के रूप में किया गया। घटना की सूचना युवक के परिजनों को दिया जा चुका है।

## एसएससी जीडी की परीक्षा में गुरुकुल के छात्र हुए सफल

**सिमडेगा।** जिला मुख्यालय बीरू कांप्लेक्स स्थित गुरुकुल कोचिंग संस्थान के 2 विद्यार्थियों ने एसएससी के द्वारा आयोजित वर्ष 2021 की एसएससी जीडी की अंतिम परीक्षा में सफल होकर जिले और संस्थान का नाम रोशन किया है। सफल होने वाले छात्रों में क्लिमेंट कुल्लू और सुहावनी केरकेट्टा के नाम शामिल है। सफल होने वाले दोनों छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुकुल संस्थान में दिए जाने वाले पढ़ाई के अच्छे वातावरण को दिया है साथ ही अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने संस्थान के सभी शिक्षकों को दिया। इस अवसर पर सफल सफल छात्रों ने कहा कि विद्यार्थी मन





लगाकर पूरे धैर्य के साथ अपने पढ़ाई को जारी रखें तो एक दिन सफलता जरूर हाथ लगती है,दोनों छात्रों की सफलता से संस्थान के अन्य विद्यार्थियों और सदस्यों में हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षक प्रीतम कुमार ने कहा कि गुरुकुल संस्थान में हमेशा पढ़ाई और प्रतियोगिता परीक्षाओं को लेकर प्रतियोगिता के बेहतर माहौल को बनाने का प्रयास किया जाता है जिससे छात्र आगे विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान की ओर से अभी आगामी एसएससी जीडी की परीक्षा के लिए नया बैच प्रारंभ कर दिया गया है इस बैच में शामिल होकर अन्य छात्र भी वर्ष 2022 की जीडी की परीक्षा के लिए अपनी अच्छी तैयारी कर सकते हैं। छात्रों की इस सफलता पर गुरुकुल के शिक्षक प्रीतम कुमार, हीरा सिंह, विकास और गुरुकुल के निदेशक रविंद्र सिन्हा ने उन्हे बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## लोहरदगा के कुज्जि गांव में इंटक का विशाल जनसभा

# हिंडालको अपनी कार्यशैली सुधारे नहीं तो इंटक सिखायेगा सबक : सांसद



■ ददई दुबे, प्रदीप बालूमूचू, डीपी साहू समेत इंटक के नेताओं ने हिंडालको के खिलाफ फूंका बिगुल

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के हेसल कुज्जि गांव में रविवार को आयोजित इंटक की विशाल जनसभा में हिंडालको कंपनी के विरुद्ध जमकर नाराजगी का प्रदर्शन किया गया। इंटक के अगुवाई में आयोजित जनसभा में इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुब, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार बालमूचू समेत अन्य वरीय नेताओं ने हिंडालको प्रबंधन की नीति की जमकर आलोचना किया। जमकर खरी-खोटी सुनाने के बाद स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार देने की मांग की है। हिंडालको के शोषण और फूट डालो, राज करो की नीति को बंद नहीं करने पर राज्य स्तर पर हिंडालको का चक्का जाम करने की भी चेतावनी दिया गया। जनसभा को संबोधित करते हुए सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि हिंडालको कंपनी होश आकर यह काम करें। स्वार्थ के लिए स्थानीय लोगों को भड़का कर लड़ाने का कार्य बंद करें। कहा कुज्जि गांव में हिंडालको बॉक्साइट चूर्ण प्लांट का काम खुद करें या यहां के स्थानीय लोगों को इसमें रोजगार दे। इसमें बीकेबी कंपनी को ठेका देने को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कहा, कंपनी की कार्यशैली में सुधार नहीं होती है तो, प्रबंधन को इंटक सबक सिखाने से भी गुरेज नहीं करेगा। हिंडालको को यहां से बोरिया बिस्तर बांध कर भगा दिया जाएगा। स्थानीय विकास और रोजगार पर हिंडालको अपने जवाबदेही से भाग नहीं सकता।

इंटक राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे ने कहा कि हिंडालको स्थानीय लोगों पर शोषण और लड़वाने की नीति पर काम कर रहा है पर, अब हिंडालको की नीति नहीं चलने दिया जाएगा। हिंडालको को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि बाहरी लोगों को दलाली और ठेकेदारी देने से हिंडालको परहेज करें। नहीं तो पूरे राज्य में इंडालको का कामकाज बंद करा दिया जाएगा। पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार बालमूचू ने कहा झारखंड का गठन स्थानीय लोगों को रोजगार देकर उनका विकास करने को लेकर किया गया था। पर, दो दशक बीतने के बावजूद स्थिति यथावत है। कहा स्थानीय लोगों को रोजगार देने की जगह हिंडालको बाहरी लोगों को ठेका दे रही है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभा का संचालन व अध्यक्षता इंटक जिलाध्यक्ष उदय कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में इंटक झारखंड सचिव रमेश पांडे, सच्चिदानंद लाल, विधायक प्रतिनिधि निशित जयसवाल, वरीय कांग्रेस नेता डॉ अजय सहदेव, हाजी शकील अहमद, हाजी जब्बारूल अंसारी, नेसार अहमद, जगदीप भगत जग्गू, विभिन्न गांव के हजारों मजदूर किसान और रैयत ग्रामीण उपस्थित थे।

### प्लांट में पांच दिनों से धरना देकर बैठे हैं ग्रामीण

**कुज्जि** गांव में हिंडालको द्वारा बनाया जा रहा है बॉक्साइट चूर्ण प्लांट को बीकेबी कंपनी को ठेका देने के विरोध में ग्रामीण 8 नवंबर से अब तक लगातार कैंप कर धरना दिए हुए हैं। दिन–रात वहां कैंप कर ग्रामीण बीकेबी कंपनी के वाहन और संयंत्र को भीतर जाने से रोक के रखे हैं। प्लांट के गेट पर भी ताला लगा दिया गया है। प्लांट परिसर पर कैंप कर रहे हैं। ग्रामीणों से इंटक नेताओं ने बात किया और उन्हें भरपूर सहयोग देने का भरोसा दिया।

## बेन्दोजोर में करंट से मौत मामले में रविवार को ग्रामीणों ने मुख्य सड़क किया जाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत कोचेडेगा पंचायत के बेन्दोजोर गांव में शनिवार को धान उतारने के दौरान बिजली करंट की चपेट में आकर कंरजटोली निवासी 24 वर्षीय सुभाष केरकेट्टा नामक युवक की मौत हो गई थी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा था वह इधर रविवार की सुबह परिजनों के द्वारा बिजली विभाग एवं प्रशासन के प्रति आक्रोशित होते हुए सिमडेगा कुरडेग मुख्य मार्ग करंट टोली के समीप जाम कर दिया। सड़क जाम करने की वजह से दोनों और गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई और लोगों को काफी परेशानी हुई घटना की सूचना मिलने के बाद मुफस्सिल थाना प्रभारी अरविंद कुमार दल बल के साथ पहुंचे काफी देर तक प्रयास किया लेकिन बात नहीं बनी हुई फिर सिमडेगा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दयानंद कुमार, पुलिस अंचल निरीक्षक रवि प्रकाश, विद्युत विभाग के सहायक अभियंता विनोद कुमार पहुंचे और काफी देर तक ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से यहां पर बिजली की तार का खंभा झुका हुआ है। 11000



बोल्ट की तार महज जमीन से 5 फीट ऊपर गुजर रही है विभाग को बार-बार शिकायत की गई लेकिन विभाग की ओर से किसी प्रकार की कोई भी पहल नहीं की गई जिसके कारण धान उतारने के दौरान ट्रैक्टर की ट्रॉली तार की संपर्क में आ गया। और कहा कि अगर विभाग समय रहते तार और पोल को सही करती तो आज इतना बड़ा हादसा नहीं होता उन्होंने मुआवजे की मांग को लेकर काफी देर तक प्रदर्शन करते रहे अंत में प्रशासन की ओर से 5000 पीड़ित परिवार को दिया गया और आश्वासन दिया गया कि सरकारी प्रावधान के तहत जो भी मौजा मिलती है वह पीड़ित परिवार को दिलाई जाएगी इधर काफी देर प्रयास के बाद ग्रामीण सड़क से हटे उसके बाद यातायात सुचारू रूप से बहाल हो सका। मौके पर पंचायत के मुखिया शिशिर टोप्पो सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## न्यूज गैलरी

### खाद्य तेलों में टिकाव, मीठे में नरमी

नयी दिल्ली। वैश्विक बाजार की तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से बीते सप्ताह खाद्य तेल एवं अनाज में टिकाव रहा जबकि मीठे के भाव गिर गए वहीं दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा। वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान 56 रिंगिट की बढ़त लेकर सप्ताहांत पर 4177 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा सप्ताहांत पर 1.25 सेंट की तेजी लेकर 77 .31 सेंट प्रति पाउंड हो गया। बीते सप्ताह सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पुराने स्तर पर यथावत रहे। सप्ताहांत पर सरसों तेल 17215 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19926 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 18462 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15237 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 10989 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 13699 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

### विदेशी मुद्रा भंडार 1.09 अरब डॉलर घटकर 529.9 अरब डॉलर पर



मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि घटने से देश का विदेशी मुद्रा भंडार 04 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 1.09 अरब डॉलर घटकर 529 .9 अरब डॉलर रह गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 6 .6 अरब डॉलर बढ़कर 531.1 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 04 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 12 करोड़ डॉलर कम होकर 470 .73 अरब डॉलर रह गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 70 .5 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह घटकर 37 .06 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर में 23 .5 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 17 .4 अरब डॉलर पर आ गया। इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 2 .7 करोड़ डॉलर घटकर 4 .82 अरब डॉलर पर आ गई।

### दिल्ली में 'भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले' में हिस्सा लेगा सेबी




नई दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) वित्तीय साक्षरता और निवेशक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार से देश की राजधानी में शुरू हो रहे भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में हिस्सा लेगा। बाजार नियामक ने एक बयान में कहा कि इस 14-दिवसीय मेले में बाजार अवसंरचना संगठनों और उद्योग संगठनों की तरफ से बाजार विशेषज्ञों के टॉक शो, क्विज, स्किट और मपेट विजुअल शो के साथ निवेशक जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, सेबी के शिकायत निपटान मंच स्कोर्स का प्रदर्शन और महत्वपूर्ण निवेशक-अनुकूल नीतियों तथा उपकरणों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। इसके अलावा निवेशकों को भारतीय प्रतिभूति बाजार के बारे में जानकारी भी दी जाएगी। नियामक ने रविवार को एक बयान में कहा, "सेबी 14-27 नवंबर 2022 तक नई दिल्ली में होने वाले 41वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ- 2022) में 'भारत का शेयर बाजार' नाम से एक स्टॉल स्थापित कर रहा है।" इस साल के व्यापार मेले का विषय 'निवेश का अमृतकाल' है।

### फुटबॉल क्लब खरीदने की रेस में अंबानी

नई दिल्ली। भारत के दूसरे सबसे अमीर आदमी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी जल्द ही इंग्लिश प्रीमियर लीग की दिग्गज फुटबॉल टीम खरीद सकते हैं। द मिरर की रिपोर्ट के मुताबिक, मुकेश अंबानी लिवरपूल फुटबॉल क्लब को खरीदने की रेस में शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, लिवरपूल एफसी का मालिकाना हक रखने वाले फेनवे स्पोर्ट्स ग्रुप ने क्लब को बेचने की तैयारी शुरू कर दी है।

# विदेशी मुद्रा भंडार को दिखावे के लिए नहीं रखा गया है : शक्तिकांत दास



नई दिल्ली (एजेंसी)। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शनिवार को एक कार्यक्रम में कहा कि फॉरेक्स रिजर्व को दिखावे के लिए नहीं रखा गया है बल्कि ऐसे समय पर इस्तेमाल के लिए जमा किया गया है। दरअसल, आरबीआई ने रुपए में जारी गिरावट को रोकने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार का इस्तेमाल किया जिसकी थोड़ी आलोचना हुई थी। दास ने इसी संबंध में आरबीआई की स्थिति साफ की। उन्होंने कहा कि फॉरेक्स रिजर्व को काम में लाना इसलिए जरूरी है ताकि एक्सचेंज रेट में बड़ी अस्थिरता से बचा जा सके। बकौल दास, कुछ लोगों ने कहा कि आरबीआई भंडार (विदेशी मुद्रा) को अंधाधुंध खर्च कर रही है, ऐसा नहीं है। हमने इन्हें बचाकर ऐसे ही समय के लिए रखा है, मैं पहले भी कह चुका हूं कि आपको बरसात में अपने छाते का इस्तेमाल करना ही पड़ता है। हमने रिजर्व को केवल दिखावे के लिए नहीं रखा है। आरबीआई ने गिरते रुपए को उठाने के लिए डॉलर की बिक्री शुरू की थी जिससे देश के फॉरेक्स रिजर्व को तगड़ा झटका लगा था। 4 नवंबर को भारत का फॉरेक्स रिजर्व 530 अरब डॉलर हो गया था जो इससे पिछले साल के समान समय के मुकाबले 111 अरब डॉलर था। अब रुपए की स्थिति में सुधार देखने को मिल रहा है। शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपए में 4 साल की सबसे बड़ी एकदिनी बढ़त देखने को मिली। रुपया अपने 2 माह के सर्वोच्च स्तर 80.80 पर पहुंच गया। जबकि हाल ही में भारतीय करेंसी गिरावट के नए रिकॉर्ड बनाते हुए 1 डॉलर के मुकाबले 83 के स्तर को भी छू गई थी। दास ने कहा कि फॉरेक्स रिजर्व से खर्च के बावजूद भंडार अभी संतोषजनक स्थिति में है। शक्तिकांत दास ने कहा, ह्यपूरी दुनिया ने कई झटके झेले हैं। मैंने इन्हें तीन झटके कहता हूं। पहला कोविड-19 महामारी, फिर यूक्रेन में युद्ध और अब वित्तीय बाजार में उथल-पुथल। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि वित्तीय बाजार में उथल-पुथल मुख्य रूप से केंद्रीय बैंकों द्वारा दुनिया भर में सख्त मौद्रिक नीति से उत्पन्न हो रही है। विशेष रूप से विकसित देशों के कारण और इनके अप्रत्यक्ष नुकसान भारत समेत उभरती अर्थव्यवस्थाओं को झेलना पड़ रहे हैं।


> ◀◀ आरबीआई ने गिरते रुपए को उठाने के लिए डॉलर की बिक्री शुरू की थी जिससे देश के फॉरेक्स रिजर्व को तगड़ा झटका लगा था। 4 नवंबर को भारत का फॉरेक्स रिजर्व 530 अरब डॉलर हो गया था जो इससे पिछले साल के समान समय के मुकाबले 111 अरब डॉलर था।

## जियो देश की सबसे मजबूत दूरसंचार ब्रांड: टीआरए




नयी दिल्ली (एजेंसी)। देश की सबसे बड़ी दूरसंचार सेवा प्रदाता रिलायंस जियो को सबसे मजबूत दूरसंचार ब्रांड चुना गया है। ब्रांड बुद्धिमत्ता और डेटा विश्लेषण कंपनी टीआरए ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। टीआरए ने अपने 'भारत के सर्वाधिक वांछित ब्रांड 2022' की सूची में कंपनियों को उनकी ब्रांड क्षमता के अनुसार स्थान दिया है। दूरसंचार कंपनियों की श्रेणी में रिलायंस जियो सबसे ऊपर है। उसके बाद भारती एयरटेल, वोडाफोन आइडिया लिमिटेड और फिर बीएसएनएल का स्थान आता है। परिधान श्रेणी में एडिडास शीर्ष ब्रांड रहा। इसके बाद नाइक, रेमंड, एलन सॉली और पीटर इंग्लैंड का स्थान आता है। वहीं वाहन सूची में बीएमडब्ल्यू सबसे ऊपर है जिसके बाद टोयोटा, हुंदै और होंडा का स्थान आता है। बैंकिंग और वित्तीय सेवा सूचकांक में एलआईसी पहले स्थान पर रही है। इसके बाद भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) दूसरे स्थान पर और फिर आईसीआईसीआई बैंक तीसरे स्थान पर है। उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स खंड में एलजी, सोनी और सैमसंग शीर्ष तीन ब्रांड चुने गए हैं। विविध समूहों की सूची में आईटीसी शीर्ष पर है जिसके बाद टाटा और रिलायंस का स्थान है। ऊर्जा सूची में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) सबसे ऊपर है जिसके बाद इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) और अडाणी समूह का स्थान आता है। खाद्य और पेय पदार्थ श्रेणी में, अमूल ब्रांड शीर्ष पर रहा। वहीं रोजमर्रा के उपयोग वाली श्रेणियों में फॉग शीर्ष पर रहा और फिर लैक्मे, निविया एवं कोलगेट का स्थान आता है। इंटरनेट ब्रांड सूची में अमेजन, फेसबुक, फ्लिपकार्ट और गूगल शीर्ष क्रम में हैं।

# महंगाई और एफआईआई देंगे बाजार को दिशा



मुंबई (एजेंसी)। अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दर में बढ़ोतरी के आक्रामक रुख में नरमी आने की उम्मीद में बीते सप्ताह 1.4 प्रतिशत की छलांग लगा चुके घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह दिशा निर्धारित करने में खुदरा एवं थोक महंगाई के आंकड़े, कपंनियों के तिमाही नतीजे और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के रुख की अहम भूमिका होगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 844.68 अंक की उड़ान भरकर सप्ताहांत पर 61 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 61795.04 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 220.25 अंक की छलांग लगाकर 18349.70 अंक पर रहा। वहीं, समीक्षाधीन सप्ताह बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में गिरावट दर्ज की गई। इससे मिडकैप 181.87 अंक टूटकर सप्ताहांत पर 25465.20 अंक और स्मॉलकैप 122.18 अंक कमजोर पड़कर 28985.06 अंक पर आ गया। विश्लेषकों के अनुसार, अगले सप्ताह अक्टूबर की उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई और थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित महंगाई के आंकड़े जारी होने वाले हैं। इसके साथ ही आखिरी बैच में कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के नतीजे भी आएंगे। अगले सप्ताह इनका असर बाजार पर देखने को मिलेगा। इसी तरह रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास के उस बयान पर भी अगले सप्ताह बाजार की प्रतिक्रिया आएगी, जिसमें उन्होंने कहा है कि अक्टूबर में खुदरा महंगाई की दर सात प्रतिशत से कम होगी। साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार जारी मजबूत निवेश धारणा की भी बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। विदेशी संस्थागत निवेश्कों (एफआईआई) ने नवंबर में अबतक कुल 84,048.44 करोड़ रुपये की लिवाली जबकि कुल 71,558.70 करोड़ रुपये की बिकवाली की है, जिससे उनका शुद्ध निवेश 12,489.74 करोड़ रुपये रहा है। वहीं, इस अवधि में घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की निवेश धारणा कमजोर रही है। उन्होंने बाजार में कुल 50,810.78 करोड़ रुपये का निवेश किया जबकि 56,455.65 करोड़ रुपये निकाल लिए, जिससे वह 5,644.87 करोड़ रुपये के बिकवाल रहे।

## स्मॉल कैप कंपनी ने किया डिविडेंड का ऐलान, रिकॉर्ड डेट घोषित

नई दिल्ली। स्टॉक मार्केट में इस समय कंपनियां तिमाही नतीजों के साथ-साथ डिविडेंड, बोनस आदि का भी ऐलान कर रही हैं। स्मॉल कैप कंपनी कि तरफ से डिविडेंड का ऐलान किया गया है। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग को दी जानकारी में कहा, 10 नवंबर 2022, दिन गुरुवार को बोर्ड ऑफ डॉयरेक्टर्स ने 9 रुपये प्रति शेयर डिविडेंड देने का ऐलान किया है। यह टोटल अंतरिम डिविडेंड 504 लाख रुपये का है। कंपनी की तरफ से 23 नवंबर 2022 को डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट तय किया गया है। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी का नेट सेल्स 38.85 करोड़ रुपये का हुआ है। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में कंपनी का सेल्स 36.58 करोड़ रुपये का था। यानी पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही की तुलना में इस बार नेट सेल्स में 6.20 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है।

# आईओसी पीईटी बोतलों का पुनर्चक्रण कर बनायेगी पर्यावरण-अनुकूल वर्दी



नयी दिल्ली (एजेंसी)। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) हर साल दो करोड़ बेकार मिनरल वाटर, कोल्ड ड्रिंक और अन्य पीईटी बोतलों का पुनर्चक्रण (रिसाइकिल) कर उनसे पेट्रोल पंप एवं एलपीजी एजेंसी पर तैनात अपने कर्मचारियों के लिए पर्यावरण-अनुकूल वर्दी बनाएगी। आईओसी के चेयरमैन एस एम वैद्य ने 'अनबॉटल्ड- टुवार्ड्स ए ग्रीनर फ्यूचर' समारोह में कंपनी के लगभग तीन लाख ईंधन स्टेशन परिचारकों और एलपीजी गैस वितरण कर्मियों के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई एक विशेष 'टिकाऊ और हरित' वर्दी पेश की। वैद्य ने कहा कि आईओसी देश में ईंधन की लगभग आधी जरूरतों को पूरा करती है। कंपनी पहले ही वर्ष 2046 तक शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध है और अब पीईटी बोतलों को रिसाइकिल करने की तैयारी कर रही है। इस्तेमाल के बाद फेंकी गई खाली पीईटी पैकेजिंग बोतल बेकार हो जाती है। आईओसी ऐसी बोतलों को इकट्ठा करने के लिए एक एजेंसी नियुक्त करेगी और उन्हें प्रंस्सकृत कर धागे में बदला जाएगा ताकि बुनाई कर पर्यावरण-अनुकूल वर्दी बनाई जा सके। उन्होंने कहा, हमारे पेट्रोल स्टेशनों पर हर दिन करीब 3.1 करोड़ लोग आते हैं। हम प्रतिदिन 27 लाख एलपीजी सिलेंडर वितरित करते हैं और प्रतिदिन 3,500 विमानों में ईंधन भरते हैं। हमारे तेल टैंकर प्रतिदिन 15 लाख किलोमीटर का सफर तय करते हैं। हम हर जगह हैं।

## किंग चार्ल्स ने लिया कर्मचारियों की आर्थिक मदद के लिए बड़ा फैसला, अपनी कमाई से बांटेंगे बोनस



नई दिल्ली। ब्रिटेन इन दिनों आर्थिक संकट की कगार पर है। यहां महंगाई लगातार बढ़ रही है और मुद्रास्फीति अपने चरम पर है। आर्थिक विशेषज्ञों ने मंदी को लेकर आगाह किया है। ऐसे में ब्रिटेन के सम्राट किंग चार्ल्स ने महल के कर्मचारियों को राहत देने के लिए बड़ा फैसला किया है। इन कर्मचारियों की आर्थिक मदद के लिए किंग अपनी कमाई से बोनस बाटेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, किंग चार्ल्स ने अपने कर्मचारियों को 600 पाउंड तक का बोनस देने का फैसला किया है। यह रकम किंग की निजी कमाई से बांटी जाएगी। कहा गया है कि देश में बढ़ती महंगाई और गहराते आर्थिक संकट के बीच किंग को कर्मचारियों के जीवन यापन को लेकर चिंता सता रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कम कमाई वाले शाही कर्मचारियों को ज्यादा बोनस दिया जाएगा। वहीं ज्यादा कमाने वालों को कम बोनस मिलेगा। यानी ऐसे कर्मचारी जिनका मासिक वेतन 30 हजार पाउंड से कम है, जिसमें सफाईकर्मी, नौकर, चपरासी व फुटमैन शामिल हैं, उन्हें 600 पाउंड तक का बोनस मिलेगा।

# संपत्ति प्रबंधन कंपनियों ने सितंबर तिमाही में एनएफओ से जुटाए 17,805 करोड़ रुपए



नई दिल्ली (एजेंसी)। संपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 67 नई कोष पेशकश (एनएफओ) के जरिए कुल 17,805 करोड़ रुपए जुटाए। महंगे या बड़े मूल्यांकन और इक्विटी बाजारों में उच्च अस्थिरता के कारण एनएफओ के माध्यम से निवेश में सालाना आधार पर 64 प्रतिशत की कमी आई है। मॉर्निंगस्टार इंडिया द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, तिमाही आधार पर एनएफओ प्रदर्शन में सुधार आया है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में केवल चार एनएफओ देखे गए और इसके जरिए कुल 3,307 करोड़ रुपए जुटाए गए। नई योजनाएं शुरू करने पर भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बाजार (सेबी) की पाबंदियों के चलते पहली तिमाही में एनएफओ क्षेत्र में सुस्ती आई थी। आम तौर पर एनएफओ कई कारणों से बाजार में आते हैं और वे विशेष रणनीतियों का उपयोग करके विभिन्न बाजार परिदृश्यों तक पहुंच बनाना चाहते हैं। मॉर्निंगस्टार इंडिया के मुताबिक, 2022-23 की दूसरी तिमाही में 67 एनएफओ लाए गए और संपत्ति प्रबंधन कंपनियों ने इसके जरिए कुल मिलाकर 17,805 करोड़ रुपए जुटाए। वहीं, बीते वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में 43 एनएफओ जारी किए गए और इसके जरिए 49,283 करोड़ रुपए जुटाए गए।

> ◆मॉर्निंगस्टार इंडिया द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, तिमाही आधार पर एनएफओ प्रदर्शन में सुधार आया है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में केवल चार एनएफओ देखे गए और इसके जरिए कुल 3,307 करोड़ रुपए जुटाए गए।

## प्रतिस्पर्धा अधिनियम में संशोधन से समयसीमा तय करने में मदद मिलेगी : मंत्रालय

नयी दिल्ली (एजेंसी)। कंपनी मामलों के मंत्रालय (एमसीए) का मानना है कि प्रतिस्पर्धा कानून में समय-सीमा संशोधन के बारे में किया गया प्रस्ताव संयोजनों के आकलन को त्वरित और समयबद्ध बनाने के साथ-साथ कारोबारों को एक निश्चितता देने में भी मदद करेगा। प्रतिस्पर्धा अधिनियम में संशोधन के लिए पेश विधेयक इस समय संसद की वित्त संबंधी स्थायी समिति के पास विचाराधीन है। आम तौर पर विलय और अधिग्रहण को प्रतिस्पर्धा कानून की भाषा में संयोजन कहा जाता है। प्रस्तावित संशोधनों के तहत संयोजन के अनुमोदन की समयसीमा को 210 दिनों से घटाकर 150 दिन करने के साथ ही भारतीय प्रतिस्पध आयोग (सीसीआई) को संयोजनों के शीघ्र अनुमोदन के लिए 20 दिनों के भीतर प्रथम-दृष्टया राय बनाने का जिक्र किया गया है। कंपनी मामलों के मंत्रालय ने कहा है कि संयोजन के आकलन की प्रक्रिया को तेज और समयबद्ध बनाने के लिए आकलन की समग्र समय-सीमा को कम करने का प्रस्ताव इस संशोधन विधेयक में रखा गया है। मंत्रालय ने संसदीय समिति के समक्ष हाल ही में दिए गए एक प्रस्तुतीकरण में कहा, 20 दिनों की समय सीमा प्रथम दृष्टया विचार के बारे में निश्चितता प्रदान करेगी। इसमें नाकाम रहने पर इसे स्वीकृत माना जाएगा। इससे कारोबारों को एक तरह की निश्चितता मिलेगी। मंत्रालय के मुताबिक, सीसीआई ने कहा है कि आम तौर पर 17-18 दिनों के भीतर मंजूरी दे दी जाती है, लेकिन कभी-कभी इसने 30 दिनों से अधिक समय तक प्रथम दृष्टया विचार नहीं किया है।

# हल्दी की खेती करने पर होगा करोड़ों का फायदा



नई दिल्ली (एजेंसी)। हल्दी की खेती के बारे में तो आपने सुना ही होगा। लेकिनि इससे होने वाली कमाई के बारे में यदि हम यह कहें कि आपको इससे लाखों नहीं करोड़ों का फायदा होने वाला है, वो भी हर साल तो शायद आपको यकीन न हो। लेकिन यह है पूरी तरह सच। दरअसल, देश में लगातार बढ़ती आबादी, घर-मकान और फैक्ट्री के कारण खेती की जमीन कम होती जा रही है। ऐसे में कम खेती में भी ज्यादा फायदा पाने के लिए जरूरी है खेती की नई तकनीक आजमाने का। ऐसी ही एक टेक्निक का नाम है वर्टिकल फार्मिंग। इस तरीके से एग्रीकल्चर से जुड़ी बड़ी-बड़ी कंपनियां खेती करती हैं। लोगों का दावा है कि इस तकनीक के जरिये एक एकड़ जमीन में 100 एकड़ के बराबर पैदावार की जा सकती है। यदि आप भी बिजनेस शुरू करने का प्लान कर रहे हैं तो हल्दी की वर्टिकल फार्मिंग करके अपने सपनों को पंख लगा सकते हैं। इससे आपको होगा जबरदस्त फायदा। वर्टिकल फार्मिंग के लिए सबसे पहले आपको जीआई पाइप की जरूरत होती है। इन पाइप पर 2-3 फीट गहरे और 2 फीट चौड़े लंबे-लंबे कंटेनर्स को वर्टिकल तरीके से सेट किया जाता है। प्रत्येक कंटेनर का ऊपरी हिस्सा ओपन रहता है। इसमें ही हल्दी को उगाया जाता है। हल्दी की वर्टिकल फार्मिंग के लिए 10-10 सेमी की दूरी पर बॉक्स को आड़े-तिरछे तरीके से लगाया जाता है। मिट्टी वाले कंटेनर में हल्दी के बीज की दो लाइनें लगाते हैं, कुछ समय बाद हल्दी उग आती है। यह सीधे ऊपर की तरफ बढ़ती है। पौधा बड़ा होने पर पत्तियां साइडों में निकल जाती हैं। हल्दी की खेती के लिए वर्टिकल फार्मिंग सबसे सही माना गया है। उदाहरण के तौर पर सालभर में यदि आपके पास 250 टन हल्दी की फसल होती है तो आपके पास ढाई करोड़ रुपये आएंगे। यदि इसमें 70 से 80 लाख का खर्च भी मान लें तो आपको आराम से डेढ़ से पौने दो करोड़ रुपये बच जाते हैं। इसके बाद आप हल्दी का पाउडर बनाकर भी बेच सकते हैं।

## 45 लाख की अंग्रेजी शराब पकड़ी, चालक गिरफ्तार



उदयपुर (एजेंसी)। आबकारी पुलिस ने गुजरात में सूरत शहर के चुनाव के लिए तस्करी कर कंटेनर में क्रोकरी व परचूनी सामान में दबा कर तस्करी कर ले जाई जा रही 45 लाख रुपए की अंग्रेजी शराब जब्त की और कंटेनर चालक को गिरफ्तार किया। अतिरिक्त आबकारी आयुक्त श्वेता फगेडिया एवं आबकारी निरोधक दल जोन उदयपुर व जिला आबकारी अधिकारी मुकेश कलाल के निर्देशन में राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 8 पर डबोक के पास सूचना के आधार पर आबकारी अधिकारी विजय जोशी के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक वृत मावली मीनाक्षी चौहान, जमादार भगवत सिंह के साथ उदयपुर शहर गिर्वा के आबकारी जाब्ते की टीम ने नाकाबंदी की। मुखबिर की सूचना के अनुसार गुजरात नंबर के कंटेनर को रूकवाया। कंटेनर की तलाशी लेने पर उसकी बॉडी के आगे के हिस्से में विभिन्न ब्रांड की 625 कार्टून बोतल एवं पव्वे भरे मिले। इस शराब पर केवल पंजाब में विक्रय करना लिखा हुआ था। आबकारी अधिकारियों ने बताया कि जब्त शराब के बाजार की किमत 45 लाख रूपयों से अधिक है। शराब तस्करों ने कंटेनर के पीछे के हिस्से में क्रोकरी के साथ अन्य परचूनी का सामन भर रखा था। जिससे कि शराब आसानी से तस्कर कर गुजरात ले जा सके। आबकारी दल ने शराब तस्कारी कर ले जा रहा कंटेनर चालक नाथा राम पुत्र तगा जाट निवासी बेरारी बाखासर बाड़मेर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार चालक ने पूछताछ में बताया कि यह शराब पंजाब के मोगा से शराब मालिकों द्वारा भरवाई गयी।

# एफपीआई ने नवंबर में भारतीय बाजार में 19,000 करोड़ रुपए का निवेश किया




नई दिल्ली (एजेंसी)। विदेश निवेशकों ने भारतीय इक्विटी बाजारों में नवंबर महीने में अब तक करीब 19,000 करोड़ रुपए का निवेश किया है जिसके पीछे अमेरिका में मुद्रास्फीति नरम पड़ने और डॉलर की मजबूती कम होने का हाथ रहा है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि नवंबर में विदेशी निवेशकों के अनुकूल रुख रहने के पहले लगातार दो महीनों तक निकासी का दौर देखा गया था। सितंबर में विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजारों से 7,624 करोड़ रुपए और अक्टूबर में आठ करोड़ रुपए की शुद्ध निकासी की थी। उसके पहले अगस्त में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने 51,200 करोड़ रुपए और जुलाई में करीब 5,000 करोड़ रुपए की शुद्ध खरीदारी की थी। हालांकि उसके पहले अक्टूबर 2021 से लेकर जून 2022 के दौरान लगातार नौ महीनों तक विदेशी निवेशक शुद्ध बिकवाल बने हुए थे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार का मानना है कि एफपीआई आने वाले दिनों में भी खरीदारी का सिलसिला जारी रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका में मुद्रास्फीति के आंकड़ों में नरमी का रुख रहने और डॉलर एवं बॉन्ड प्रतिफल घटने से विदेशी निवेशक भारतीय बाजारों के प्रति दिलचस्पी दिखा सकते हैं। आंकड़े बताते हैं कि विदेशी निवेशकों ने एक नवंबर से लेकर 11 नवंबर के दौरान कुल 18,979 करोड़ रुपए का निवेश भारतीय इक्विटी बाजारों में किया है। वर्ष 2022 में अब तक विदेशी निवेशकों की भारतीय बाजार से निकासी 1.5 लाख करोड़ रुपए रही है। कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी शोध (खुदरा) प्रमुख श्रीकांत चौहान ने विदेशी निवेशकों के मौजूदा रुख के लिए मुद्रास्फीति में नरमी, वैश्विक बॉन्ड प्रतिफल कम होने और डॉलर की मजबूती दर्शाने वाले डॉलर सूचकांक में गिरावट को जिम्मेदार बताया।

> अमेरिका में मुद्रास्फीति के आंकड़ों में नरमी का रुख रहने और डॉलर एवं बॉन्ड प्रतिफल घटने से विदेशी निवेशक भारतीय बाजारों के प्रति दिलचस्पी दिखा सकते हैं।

सम्पादक की कलम से...

## स्थापना दिवस व राष्ट्रपति महोदया

**झारखंड** में स्थापना दिवस की तैयारी अंतिम मुकाम पर है। कभी राज्य की राज्यपाल रहीं द्रोपदी मुर्मू राष्ट्रपति के रूप में यहां पधारेंगी। ऐसे में इस गौरव के क्षण को समेटने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तैयार दिख रहे हैं। वह शिक्षा एवं रोजगार संबंधी योजनाओं की शुरूआत करेंगी । वह राज्य में छात्रों की शिक्षा और रोजगार से जुड़ी चार योजनाओं की शुरूआत करेंगी। राज्य मंत्रिमंडल ने इन योजनाओं को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में स्वीकृत की गयी इन योजनाओं में छात्रों की पढ़ाई-लिखाई की व्यवस्था के साथ बाहर रहने पर आने वाले खर्च के वहन की भी व्यवस्था है। कैबिनेट के फैसले के मुताबिक, इन योजनाओंके तहत छात्रों को शिक्षा संस्थान तक आने-जाने के लिए परिवहन भत्ता और प्रशिक्षण के बाद रोजगार नहीं मिलने की स्थिति में एक साल तक बेरोजगारी भत्ता मिलेगा। मंत्रिमंडल सचिव वंदना डाडेल की मानें तो गैर आवासीय प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये परिवहन भत्ता और कौशल प्रशिक्षण के तीन महीने के अंदर रोजगार नहीं मिलने पर रोजगार मिलने तक अथवा एक वर्ष तक एक हजार रुपये प्रति माह बेरोजगारी भत्ता दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि तकनीकी परीक्षाओं के लिए कोचिंग और 2500 रुपये छात्रवृत्ति की भी योजना को स्वीकृति दी गयी है जिसके तहत राज्य सरकार दसवीं पास छात्रों को इंजीनियरिंग, मेडिकल, मास कम्युनिकेशन, सीए, होटल मैनेजमेंट की परीक्षाओं की तैयारी के लिए 2500 रुपये छात्रवृत्ति देगी। प्रशिक्षण योजना के तहत 27 हजार छात्रों को नौकरी के लिए प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके तहत यूपीएससी, जेपीएससी, बैंक, रेलवे और कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा की तैयारी करनेवाले युवाओं की मदद की जाएगी। इसी प्रकार गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 15 लाख रुपये तक का गारंटर राज्य सरकार बनेगी। राज्य सरकार मान्यता प्राप्त तकनीकी संस्थानों में नामांकन के लिए छात्रों को बैंकों के माध्यम से 15 लाख रुपये तक का क्रेडिट कार्ड दिलाएगी। संस्थान की फीस के हिसाब से 70 प्रतिशत राशि सीधे संस्थान को दी जाएगी और 30 प्रतिशत राशि गैर संस्थागत कार्यों के लिए खर्च किया जा सकेगा जिसमें निवास का व्यय, लैपटाप खरीदने या पुस्तक एवं अन्य सामग्रियों के व्यय शामिल हैं। राज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार राज्य स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हो रही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 15 नवंबर को इन योजनाओं की औपचारिक शुरूआत करेंगी। दूसरी तरफ संथाल परगना और कोल्हान प्रमंडल के अलग-अलग क्षेत्रों में प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण व पुनर्निमाण योजनाओं के लिए 700 करोड़ रुपये की योजनाएं भी स्वीकृत की गई है। मंत्रिमंडल ने 2022 में मानसून के आगमन में देरी से फसल आच्छादन में कमी होने के कारण झारखंड के 22 जिलों के 226 प्रखंडों को सूखाग्रस्त घोषित करने संबंधी निर्गत विभागीय स्वीकृति को जमीन पर उतारा जायेगा। ऐसे में स्थापना दिवस को लेकर चारो तरफ उल्लास का वातावरण है। आखिर इस दिन बहुत सारी योजनायें जहां एक ओर चलायी जायेंगी। वहीं राष्ट्रपति महोदया के आगमन से झारखंड में विकास यात्रा की एक नयी शुरूआत से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

### आज का इतिहास

**1932 :** इराक ब्रिटेन से स्वतंत्र हुआ।
**1978 :** कलकत्ता (अब कोलकाता) में पहले और दुनिया में दूसरे टेस्ट ट्यूब बेबी का जन्म हुआ।
**1984 :** भारत की सबसे लंबी दूरी की ट्रेन हिमसागर एक्सप्रेस कन्याकुमारी से जम्मू तवी के लिए रवाना की गई।
**1992 :** गीत सेठी ने विश्व पेशेवर बिलियड्‌र्स चैम्पियनशिप जीता।
**1994 :** भारत ने सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए औपचारिक रूप से अपना दावा पेश किया।
**1995 :** चीन एवं इंग्लैंड के बीच हांगकांग के सुगम हस्तांतरण पर सहमति बनी।
**1996 :** पाकिस्तानी बल्लेबाज शाहिद अफरीदी ने एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में 37 गेंदों में शतक बनाकर इतिहास रचा।
**2003 :** पाकिस्तान ने हत्फ-मिसाइल का परीक्षण किया।
**2011 :** विश्व के चौथी वरीयता प्राप्त ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे ने अमेरिका के डोनल्ड यंग को हराकर एटीपी थाईलैंड ओपन का एकल खिताब जीत लिया है।
**2011 :** पेंटर बाबू के नाम से चर्चित पाकिस्तानी चित्रकार वसील ने दुनिया को शांति और प्रेम का संदेश देने के लिए अपने खून से महात्मा गांधी का चित्र बनाया।
**2013 :** इतालवी द्वीप लात्पेदुसा के पास एक नाव के डूब जाने से करीब 134 लोगों की मौत हो गई।
**1492 :** ब्रिटेन के किंग हेनरी सप्तम ने फ्रांस पर आक्रमण किया।
**1869 :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म हुआ।
**1998 :** बिहार के प्रमुख गाँधीवादी रचनात्मक कार्यकर्ता एवं स्वतंत्रता सेनानी प्रजापति मिश्र का जन्म हुआ।
**1904 :** भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लालबहादूर शास्त्री का जन्म हुआ।
**1924 :** राष्ट्रसंघ को शक्तिशाली बनाने के उद्देश्य से लाया गया जेनेवा प्रस्ताव महासभा द्वारा स्वीकृत हुआ किंतु बाद में उसकी पुष्टि नहीं हुई।

# सुगम नहीं है शिक्षा की डगर

> शिक्षा के संस्थानीकरण के प्रयासों में तमाम विश्वविद्यालयों, तकनीकी संस्थानों और स्कूलों की स्थापना में उनके योगदान और समर्थन को रेखांकित करने के साथ ही उनके धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी चिंतन से प्रभावित शिक्षा दर्शन और शिक्षा समाजशास्त्र को भी नये सिरे से पढ़े जाने की आवश्यकता है। भारत के पहले शिक्षा मंत्री होने के नाते आजाद से अपेक्षित था कि वे इस बात की विवेचना और नेतृत्व करते कि एक शिक्षित भारतीय नागरिक कैसा होगा और उसकी क्या चारित्रिक संकल्पनाएं होंगी ?

ऐसी कौन-सी शिक्षा हो, जो अपने धर्म के प्रति आस्था के साथ-साथ दूसरे के धर्म के प्रति सम्मान भी सिखाये। ऐसा कौन-सा पाठ्‌यक्रम हो, जो जातीय गौरव बनाम जातीय अभिशाप के बीच मानवता को तिरोहित न करता हो। भारत के पहले शिक्षामंत्री मौलाना अबुल कलाम गुलाम मुहियुद्दीन, जो मौलाना अबुल कलाम आजाद के नाम से ख्यात हैं, की स्मृति में तत्कालीन 'मानव संसाधन विकास' मंत्रालय ने 2008 से प्रत्येक वर्ष इनके जन्म दिवस को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। शिक्षा के संस्थानीकरण के प्रयासों में तमाम विश्वविद्यालयों, तकनीकी संस्थानों और स्कूलों की स्थापना में उनके योगदान और समर्थन को रेखांकित करने के साथ ही उनके धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी चिंतन से प्रभावित शिक्षा दर्शन और शिक्षा समाजशास्त्र को भी नये सिरे से पढ़े जाने की आवश्यकता है। भारत के पहले शिक्षा मंत्री होने के नाते आजाद से अपेक्षित था कि वे इस बात की विवेचना और नेतृत्व करते कि एक शिक्षित भारतीय नागरिक कैसा होगा और उसकी क्या चारित्रिक संकल्पनाएं होंगी? औपनिवेशिक शिक्षा के माडल से लदी भारतीय शिक्षा-व्यवस्था का भारतीयकरण कैसा होगा और दुनियावी दौड़ में बने रहने के लिए कितना भारतीय और कितना आधुनिक बने रहने की संभावना है। नये-नये आजाद हुए भारत की संकल्पना में उस राष्ट्रवादी भारतीय को गढ़े जाने की जटिलता भी थी, जो बतौर नागरिक माटी और मनुजता से जुड़ा हो। नये भारत को दुनिया के शीर्ष पर लाने की कवायद में विज्ञान और विज्ञानजनित पद्धति के सहारे ही तमाम रोगों का रामबाण या नमक सुलेमानी बनाना भी मौलाना आजाद की ही जिम्मेदारी थी। यह सवाल हर समय में बना रहता है कि कालजयी और पारंपरिक ज्ञान या आधुनिक ज्ञान के बीच क्या पढ़ाया जाय, जो मनुष्य को मनुज होने का भाव दे। ऐसी कौन-सी शिक्षा हो, जो अपने धर्म के प्रति आस्था के साथ-साथ दूसरे के धर्म के प्रति सम्मान भी सिखाये। ऐसा कौन-सा पाठ्‌यक्रम हो, जो जातीय गौरव बनाम जातीय अभिशाप के बीच मानवता को तिरोहित न करता हो। ऐसी कौन-सी शिक्षा-व्यवस्था हो, जो वर्गीय, वर्णीय, लैंगिक, भाषाई, प्रांतीय, राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय विभेदों को चिह्नित करने का दृष्टिकोण देते हुए उन्हें मिटा न पाने की अवस्था में कम से कम उन्हें भोथरा करने का सजग प्रयास तो करे। भारतीय समाज के नये राष्ट्रीय स्वरूप में किस तरह के स्कूल, कालेज या विश्वविद्यालय खोले जाएं, जो उत्कृष्ट ज्ञान को सर्वसुलभ बनाये। सौ फीसद नामांकन हासिल करने और शिक्षा गुणवत्ता की चुनौती आजाद के लिए भी उतनी ही विकट थी, जितनी आज आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के क्रम में वर्तमान शिक्षा मंत्री के समक्ष है। अल्पसंख्यकों, दलितों और लड़कियों की शिक्षा के लिए आवश्यक प्रयासों के प्रभावकारी सुझावों की लंबी सूची तमाम शिक्षा आयोगों द्वारा दिये जाने और उन पर आधे-अधूरे अमल किये जाने से इसकी दशा और दिशा बहुत उत्साहवर्द्धक नहीं है। नये आर्थिक उदारवाद के सघन संक्रमण और राजनीतिक अर्थशास्त्र की इच्छाशक्ति की कमी के बाद सबसे ज्यादा संकट हाशिये के लोगों की शिक्षा पर ही आ रहा है। इसी तरह स्कूली अध्यापकों से लेकर विश्वविद्यालय स्तर के अध्यापकों तक को ह्यसरकारी कर्मचारीह्ल मानने, उनके वेतनमान और तमाम अन्य सुविधाओं को लेकर जद्दोजहद औपनिवेशिक शिक्षा के युग में ही शुरू हो गई थी। केंद्रीय विश्वविद्यालयों में ही लगभग अठारह हजार पदों में से छह हजार पद रिक्त हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय जैसे शीर्ष विश्वविद्यालय में कुल अध्यापकों में साठ फीसद तदर्थ अध्यापक हैं। यह स्थिति देश के शीर्ष विश्वविद्यालयों की है। स्कूली स्तर पर यह और भी भयावह है, जहां सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश की राजधानी में चौंसठ हजार पदों में से पैंतीस हजार ही नियमित रूप से नियुक्त अध्यापक हैं। बाईस हजार अतिथि अध्यापकों के साथ भी आवश्यक कुल संख्या के दस फीसद अध्यापक कम ही रह जाते हैं। अतिथि और तदर्थ अध्यापक, पैरा टीचर और शिक्षा मित्र, जैसे शब्द अपने आप में अध्यापक, अध्यापन, ज्ञान निर्मिति और हमारे विश्व गुरु बनने की संकल्पना और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था बनने की चेष्टा पर प्रश्नचिह्न लगाते हैं।

■ नवनीत शर्मा

## यहां तोते उड़ाये जाते हैं

वैसे तो वे चूना नहीं बेचते थे, लेकिन चूना लगाने में सिद्धहस्त थे। ऐसे सिद्धहस्त के सेक्रेटरी ने उनसे कहा - 'सर! हमारा ज्योतिषी का चैनल दिन दुगनी रात चौगुनी प्रगति कर रहा है। आपकी भविष्यवाणी सही हुई। सब्सक्राइबर्स की संख्या कुकुरमुत्तों की तरह बढ़ती जा रही है। अब प्रचार-प्रसार करने की आवश्यकता ही नहीं पड़ती। आजकल के लोग काम कम और भविष्य ज्यादा देखते हैं। आपके कार्यक्रम का बड़ी बेसब्री से इंतजार करते हैं। अब तो आपके कार्यक्रम को लेकर प्रायोजकों में गजब होड़ लगी है। सभी आपको मुँह मांगी कीमत देना चाहते हैं। मुझे समझ नहीं आता किसे हाँ करूँ और किसे न। कमाल की बात तो यह है कि आप हर हर राशि वालों के बारे में वही दस-बारह घिसी-पिटी बातें बताते हैं। ये नादान अंधविश्वासी उसमें से जो नहीं होता उसे अपना दोष समझकर और जो हो जाता है उसे आपकी कृपा मानकर आपका जयजयकार करने लगे हैं। आपने बिना ज्योतिषी का कोई कोर्स किये असली ज्योतिषियों की दुकान सदा के लिए बंद कर दी है। अब तो हर कोई आपको पूजता है।'' लोगों के अंधविश्वास को बनाये रखना हमारे धंधे का सबसे बड़ा वसूल है। बढ़ती तकनीक के इस युग में खेत जोतने बैलों की तरह अंधभक्तों का ध्यान केवल अंधविश्वासों की ओर रखना भी एक कला है। जब से यह स्मार्टफोन आए हैं लोग बहुत जागरूक हो गये हैं। वह तो तुलसीदास का शुक्र मनाओ कि उन्होंने हमें यह बता दिया कि यह दुनिया जड़-चेतन और गुण-दोषों से बनी है। लोगों के सोचने समझने की क्षमता समाप्त कर दो वह स्वयं अंधविश्वासी बन जायेगा। देखा नहीं परसों एक कुंभ राशि के अंधभक्त ने मेरे खाते में लाखों की दक्षिणा जमा कराई थी। मैंने तो टी.वी. भर इतना भर कहा था कि इस सप्ताह आपके भाग्य में विदेश जाने का जोग है। यह बात तो मैंने ऋषभ और तुला राशि वालों के लिए भी कही थी। किंतु वह बेवकूफ यह सब कहा जानता था। विदेश जाने के लिए उसने पासपोर्ट बनवाया, वीजा के लिए हाथ-पैर मारे और जब विदेश जाने की बारी आयी तो उसका सारा श्रेय मेरी झोली में डाल दिया। जब तक ऐसे अंधभक्त हैं तब तक यह धंधा सदाबहार और हम मालामाल हैं।' 'सर! आपकी बातें सच कैसे हो जाती हैं?' सेक्रेटरी ने भोलेपन से पूछा। 'मैं भविष्यवाणी का विशिष्टीकरण नहीं सामान्यीकरण करता हूँ। इसे आसान शब्दों में समझना हो तो यह कहा जा सकता है कि चार ऐसी बातें बताओ जो सबके लिए कॉमन हो। जैसे कर्जे से मुक्ति, सैर सपाटे का जोग, दुर्घटना की संभावना, ऋण मुक्ति या फिर खर्चे आदि। यदि मान लो किसी का कर्ज माफ हो गया तो वह समझेगा कि वह मेरी भविष्यवाणी का फल है। यदि कर्ज चढ़ जाता है तो वह मेरी भविष्यवाणी का ही प्रतिफल समझेगा। इतना ही नहीं यदि कोई सैप सपाटे पर जाता है, तो उसे मेरी कृपा मानेगा और दुर्घटना होने पर अपना दुर्भाग्य समझकर मेरी भविष्यवाणी की महिमा की ओर आकर्षित होगा। इस धंधे में सभी राशियों के लिए बातों को घुमा-फिराकर चार पत्थर फेंकने होते हैं। अब देश की आबादी इतनी है कि कोई न कोई पत्थर किसी न किसी को जरूर लग जायेगा।' 'सर! जी आप धन्य हैं। आपकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। आपकी जय हो।' कहता हुआ सेक्रेटरी उनके पैरों में गिर पड़ा।

■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
मो. नं. 73 8657 8657

## पारदर्शिता की कोशिश में भी परदादारी

एक तरफ, सुप्रीम कोर्ट में चुनावी बांड को लेकर सुनवाई हो रही है, तो दूसरी तरफ, चुनावी बांड की बिक्री के दिन 70 से बढ़ाकर 85 कर दिये गये हैं। अभी अक्तूबर महीने में ही 545 करोड़ रुपये के चुनावी बांड अनजान लोगों या संस्थाओं ने खरीद कर विभिन्न दलों के खजाने भरे थे। सवाल उठता है, आखिर चुनावी बांड की बिक्री के दिन बढ़ाने की ऐसी क्या जरूरत पड़ गई? क्या गुजरात और हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनावों को देखते हुए ऐसा किया गया? विपक्षी दलों का आरोप है कि यह सब भाजपा को फायदा दिलाने के लिए किया गया है, क्योंकि चुनावी बांड का 60 फीसदी से ज्यादा हिस्सा उसके ही खाते में जाता रहा है। 2018 में चुनावी चंदे को पारदर्शी बनाने और काले धन पर रोक लगाने के इरादे से केंद्र सरकार चुनावी बांड की स्कीम लेकर आई थी। तब से अब तक 10,791 करोड़ रुपये मूल्य के चुनावी बांड स्टेट बैंक बेच चुका है। 22 बार ऐसी बिक्री हो चुकी है। सबसे ज्यादा पांच हजार करोड़ रुपये मूल्य के चुनावी बांड 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले जारी किये गये थे। सवाल उठता है, क्या वास्तव में इससे काले धन पर रोक लगती है? हैरत की बात है कि 2018 में यह स्कीम सिर्फ लोकसभा चुनाव को लेकर जारी की गई थी, लेकिन बाद में इसे विधानसभा चुनावों पर भी लागू कर दिया गया। चुनावी बांड स्टेट बैंक जारी करता है। बैंक एक हजार, दस हजार, एक लाख, दस लाख और एक करोड़ रुपये मूल्य के बांड जारी करता है। इसे खरीदने वालों के नाम गुप्त रखे जाते हैं। किस पार्टी को किसने कितना चंदा दिया, यह भी गुप्त रखा जाता है। किसने कितनी कीमत के बांड खरीदे, इसकी जानकारी सिर्फ स्टेट बैंक को ही होती है। अगर किसी जांच एजेंसी को अपनी जांच के सिलसिले में चुनावी बांड की जानकारी चाहिए, तो स्टेट बैंक कड़ी शर्तों के साथ जानकारी साझा कर सकता है। सरकार ने इसी साल 1 अगस्त और 29 अक्तूबर के बीच दस हजार चुनावी बांड छापे हैं, जिनकी कीमत एक करोड़ रुपये प्रति बांड है। यह जानकारी सूचना के अधिकार के तहत सामने आई है। वैसे सरकार सर्वोच्च न्यायालय में कह चुकी है कि चुनावी बांड पूरी तरह से पारदर्शी हैं, काले धन पर रोक लगाते हैं और चुनावी भ्रष्टाचार को रोकते हैं। उधर न्यायालय में बांड के खिलाफ याचिका लगाने वालों का कहना है कि चुनावी बांड स्कीम में कई मूलभूत खामियां हैं, जिनको दूर किये जाने तक इस स्कीम पर रोक लगा देनी चाहिए। चुनावी बांड पारदर्शिता को किस तरह बढ़ावा दे सकते हैं, जब बांड खरीदने वालों के नाम लोगों से छिपाकर रखे जाते हैं? एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) के अनुसार, 90 फीसदी से ज्यादा बांड एक करोड़ रुपये मूल्य के खरीदे गये, यानी साफ है कि चुनावी बांड या तो करोड़पति-अरबपति लोग या बड़े उपक्रम ही खरीद रहे हैं। चूंकि सब कुछ छिपाकर रखा जाता है, इसलिए आम वोटर कभी अंदाज नहीं लगा पाता है कि चुनावी बांड खरीदने वाले किसी स्वार्थ के कारण या सेवा के बदले मेवा के रूप में यह काम करते हैं। शायद यही वजह है कि चुनाव आयोग भी चुनावी बांड स्कीम के पक्ष में नहीं था। उसका भी कहना था कि स्कीम से काले धन पर रोक लगने को लेकर वह पूरी तरह आश्वस्त नहीं है। यह बात चुनाव आयोग सरकार और अदालत, दोनों से कह चुका है। पहले सोचा गया था कि चुनावी बांड से नकदी चंदा लेन-देन से मुक्ति मिलेगी। चूंकि चंदा बैंक के जरिये आयेगा, इसलिए उसका हिसाब रखना आसान होगा। दूसरी ओर, चंदा देने वालों का नाम चूंकि गोपनीय रहेगा, इसलिए लोग आजादी के साथ चंदा दे सकेंगे। नकदी लेन-देन कम हुआ होगा और लोग ज्यादा आजादी से चंदा दे रहे हैं, पर पारदर्शिता सवालों के घेरे में है। इसमें कोई शक नहीं है कि पारदर्शिता कम होने का नुकसान राजनीतिक दलों को ही होता है, उनकी विश्वसनीयता कम होती है।

■ विजय विद्रोही

### धर्म दर्शन

## श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

आपके स्वार्थी शत्रु इस समय लक्ष्मीजीको अत्यन्त दुःखित तथा आपको उनसे विलग देखकर दिन-रात हँसते होंगे ॥ 26 ॥

हे देवेश! आप सभी लक्षणोंसे सम्पन्न, सुशीला तथा सुन्दर रूपवाली लक्ष्मीजीको अपने अंकमें विराजमान कीजिये और उनके साथ आनन्द प्राप्त कीजिये। सुन्दर मुसकानवाली प्रिया लक्ष्मीको प्राप्तकर आप सुखी हो जाइये ॥ 27 ॥

उदास रहता हुआ मैं ही स्त्रीवियोगसे उत्पन्न दुःखको समझता हूँ। हे विष्णो! हे कमलनयन ! जब मेरी भार्या सती दक्षके यज्ञमें मृत हो गयी थी तब मुझे असहनीय दुःख भोगना पड़ा था। उसके विरहसे पीडित होकर मैं मनमें यह शोक करता था कि इस संसारमें मेरे जैसा कोई अन्य व्यक्ति न हो। सती क्रोधवश दक्षके यज्ञमें जलकर भस्म हो गयी थी, उसे मैंने बहुत समयतक कठोर तपस्या करके गिरिजाके रूपमें पुनः प्राप्त किया था ॥ 28-31 ॥

हे हरे! आपने अपनी भायाकी छोड़कर एक हजार वर्षकी अवधितक अकेले रहते हुए कौन-सा सुख प्राप्त कर लिया ? ॥ 32 ॥

अतः आप महाभागा लक्ष्मीके पास जायें और उन्हें आश्वासन देकर अपने घर ले आयें। इस संसारमें कोई भी प्राणी उन रमा (लक्ष्मी) से विमुक्त न होने पाये ॥ 33 ॥

हे आयुष्मन! आप अभी अश्वरूप धारण कर-के पवित्र मुसकानवाली लक्ष्मीके पास जाइये और पुत्र उत्पन्न करके उन्हें [वैकुण्ठ] ले आइये ॥ 34 ॥

व्यासजी बोले- हे भारत! चित्ररूपकी वह बात सुनकर भगवान विष्णुने 'ठीक है'- ऐसा कहकर उस दूतको शंकरजीके पास भेज दिया ॥ 35 ॥

तत्पश्चात दूतके चले जानेपर भगवान विष्णु मनोहर अश्वरूप धारणकर कामयुक्त होकर शीघ्र ही वैकुण्ठसे वहींपर पहुँचे जहाँ घोड़ीका रूप धारणकर सिन्धुतनया लक्ष्मीजी तपस्या कर रही थीं। विष्णुजीने उस स्थानपर पहुँचकर हयरूपधारिणी लक्ष्मीजीको विराजमान देखा। अश्वका रूप धारण किये हुए अपने पति गोविन्दको देखते ही लक्ष्मीजीने भी उन्हें पहचान लिया और वे साध्वी विस्मयमें पड़कर अश्रुपूरित नेत्रोंसे देखती हुई वहीं खड़ी रहीं ॥ 36-28 ॥

यमुना और तमसाके लोकप्रसिद्ध पवित्र संगमपर कामार्त उन दोनोंका समागम हुआ ॥ 39 ॥

इस प्रकार वडवारूपधारिणी वे विष्णुप्रिया गर्भवती हो गयीं और वहींपर उन्होंने सद्गुणोंसे सम्पन्न तथा सुन्दर पुत्रको जन्म दिया ॥ 40 ॥

- क्रमशः

### संपादक के नाम पाठकों की पाती

## बड़े सब्जी बाजार की आवश्यकता

यह शहर काफी पुराना है। यहां पहले सब्जी बाजार और पुराना खस्सी मार्केट लगभग एक ही जगह पर थे। बाद में खंस्सी मार्केट वहां कई वर्षो तक लगता रहा फिर बाद में वह भी वहां से खत्म हो गया है। हमीदगंज में भी एक खस्सी मार्केट हुआ करता था वह भी अब वहां पर नहीं रहा। अब वह नाम की ही खंस्सी मार्केट है। शहर की बढ़ती हुई आबादी व इसके क्षेत्रफल के कारण अभी सब्जी बाजार सत्तार सेठ चौक से लेकर मनी टेलर तक पहुंच गया है। पहले यह क्षेत्र मुहल्लों में आया करता था। वहीं मांस का मार्केट एक जगह नहीं होकर कई चौक-चौराहों पर दिखाई देने लगा है। शहर के कई स्थानों पर लोग सुविधा के अनुसार सब्जी बाजार लगाने लगे हैं। उनमें से गांधी मैदान के समीप, सुदना गायत्री मंदिर रोड में पीपल के पास, जेलहाता चौक सोहसा बस मालिक के आवास के सामने, बैरिया चौक, सिंचाई विभाग, रेड़मा पुराना रांची रोड आदि जगहों पर सब्जी बाजार लगता है। मैं आपके लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से निगम व प्रशासन से आग्रह करता हूं कि शहरी क्षेत्र के लिए बढ़ती हुई आबादी के कारण एक सब्जी बाजार की आवश्यकता है। साथ ही मांस -मछली के लिए एक मार्केट की आवश्यकता पुराने खस्सी मार्केट की तरह की जरूरत है। कई बार सब्जी बाजार के कन्नीराम चौक पर सुबह 11-12 बजे थोक सब्जियों के टैम्पू व जीप से आने के कारण यहां पर जाम की स्थिति हो जाती है। इसलिए थोक सब्जी व्यापारियों के लिए खुदरा सब्जी बाजार से अलग व्यवस्था की जाये।

■ आदर्श कुमार, मेदिनीनगर।

# भारत के विश्व महाशक्ति बनने की दिशा

मोदी के नेतृत्व में भारत ने नया इतिहास गढ़ा है, स्वयं को सशक्त एवं ताकतवर बनाया है। दृढ़ता एवं साफ-सुथरी शासन-व्यवस्था से दुनिया को प्रभावित किया है। आर्थिक विकास को गति दी है। यही कारण है कि अब भारत में दुनिया के कई देश बेझिझक कारोबार के अवसर तलाश रहे हैं। भारत के लिये यह गर्व एवं गौरव की बात है कि वह 1 दिसंबर से जी-20 की अध्यक्षता करेगा। भारत के लिए ये ऐतिहासिक अवसर है। आजादी के अमृतकाल में यह देश के लिए अभूतपूर्व उपलब्धि है, जहां से भारत के सशक्त होने एवं विश्व स्वीकार्यता की सार्थक दिशाओं का उद्घाटन होने जा रहा है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विश्व नेता के रूप में उभर रही स्थितियों के कारण एक बड़ा अवसर देश को प्राप्त हो रहा है। जी-20 ऐसे देशों का समूह है जिनका आर्थिक सामर्थ्य विश्व की 75 प्रतिशत जीडीपी का प्रतिनिधित्व करता है। भारत अब इस जी-20 समूह का नेतृत्व करने जा रहा है, इसकी अध्यक्षता करने जा रहा है। निश्चित ही यह भारत के लिये एक नये सूरज के अभ्युदय का संकेत है। मोदी ने भारत की अध्यक्षता के शुभंकर और वेबसाइट का अनावरण करते हुए दुनिया को शांति के मार्ग पर अग्रसर करने के अपने संकल्प को दोहराया है। समूची दुनिया को सुखी होने का मार्ग दिखाते हुए भारत स्वयं भी उस मार्ग पर अग्रसर होगा, इसके लिये मोदी का नेतृत्व निश्चित ही नवीन दिशाओं को उद्घाटित करेगा। संसार के सभी प्राणी सुखी हों, यह कामना वह व्यक्ति, वह नेता एवं वह राष्ट्र कर सकता है, जो सारी वसुधा को अपना परिवार समझता है, जो उदार होता है, जो शांतिप्रिय एवं अहिंसक होता है, जो अपने पराये की संकीर्ण सीमा को लांघकर प्राणीमात्र के सुख में सुखी और दुःख में दुःखी होता है। यही उदात्त विचारधारा भारतीय संस्कृति और जीवन-पद्धति की विशेषता रही है, इसी विचारधारा से वसुधैव कुटुबंकम एवं सर्वे भवन्तु सुखीन के उद्घोष हुए हैं। इन्हीं उद्घोषों को बल देते हुए भारत विश्व में आर्थिक रूप से शक्तिशाली 20 देशों के समूह जी-20 की अध्यक्षता काल में गौतम बुद्ध, महावीर और महात्मा गांधी के युद्ध से मुक्ति एवं हिंसा के प्रतिरोध सिद्धांत के साथ विश्व को शांति, समाधान एवं समृद्धि की राह दिखायेगा। मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विदेश मंत्रालय के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जी-20 के नये प्रतीक चिन्ह एवं नारे का लोकार्पण किया और कहा कि 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' का नारा भारत के संस्कारों एवं संस्कृति से विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त करेगा। नये प्रतीक चिन्ह के कमल के पुष्प पर विराजित पृथ्वी एवं कमल की सात पंखुडियों के माध्यम से सातों महाद्वीपों की एकजुटता और सौहार्द से समृद्धि एवं प्रगति का संदेश मिलता है। नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में भारत की छवि लगातार बदलती जा रही है, भारत को दुनिया की महाशक्तियां भी स्थान देने लगी, उससे मार्गदर्शन लेकर अपनी नीतियों को बल देने लगी है। दुनिया को तो भारत की शक्ति का एहसास हो ही चुका है, साथ ही देशवासियों को भी भारतीय होने का गौरव महसूस होने लगा है। जी-20 यानि 20 देशों का समूह दुनिया की प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच है, इस मंच की अध्यक्षता भारत को करने का अवसर मिलता निश्चित ही एक नये, शुभ एवं श्रेयस्कर भारत का संकेत है। आज पूरी दुनिया भारत के महत्व को समझती है। दुनिया जानती है कि भारत जो कहता है वह करता है। भारत के प्रति दुनिया में बढ़ रहा विश्वास उसके प्रभावी नेतृत्व, नीतियों, नीतिपरकता, स्पष्टता और पारदर्शिता का परिणाम है। मोदी के नेतृत्व में भारत ने नया इतिहास गढ़ा है, स्वयं को सशक्त एवं ताकतवर बनाया है। दृढ़ता एवं साफ-सुथरी शासन-व्यवस्था से दुनिया को प्रभावित किया है। आर्थिक विकास को गति दी है। यही कारण है कि अब भारत में दुनिया के कई देश बेझिझक कारोबार के अवसर तलाश रहे हैं। भारत के सामने कई चुनौतियां भी हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते दुनियाभर में ऊर्जा और खाद्य संकट खड़ा हो चुका है।

■ ललित गर्ग

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# हरीतकीं भुक्ष्व राजन्!



- वैद्य ब्रजेश कुमार दुबे
पतंजली आरोग्य केन्द्र, रेड़मा चौक,
डालटनगंज, पलामू, झारखण्ड।
मो0 7903216488, 9334716688

**प्रचलित नाम :-** हरड, हर्रे, अभया, हरीतकी, शिवा,
**प्रयोज्य अंग :-** फल।
**स्वरूप :-** एक मध्यम कद का वृक्ष जिसकी छाल बादामी रंग की, इसके कोमल अंग जंग लगे जैसे रोमश, पत्र खुरदरे, पुष्प छोटे पीत श्वेताभ तथा बारीक मंजरियों में होते हैं। इसका फल लम्ब गोल, भारी जो पानी में डालने से डूब जाये, उत्तम समझा जाता है।
**स्वाद :-** कषाय ।
रासायनिक संगठन :- इसके फल में टैनिक अम्ल, गैलिक अम्ल, चैबुलिनिक अम्ल, एमिनोअम्ल,श्रेलष्मल (श्लेष्मल), ग्लायकोसाइड (एन्थ्रोक्वीनाइन) कार्बोदित, फोस्फोरीक अम्ल, सक्सीनिक अम्ल, इसके बीज में तेल पाया जाता है।
**गुण :-** पाचन, मृदुरेचन, दीपन, रसायन, शोथन्घ इत्यादि।
औषधिय वर्णन :- हरड़ या हर्र एक ऐसा स्वंयसिद्ध रसायन है, जिसके अनुपान भेद से सेवन करने पर रोग नहीं होते। विशुद्ध नीरोग गौ के मूत्र को मिट्टी के पत्र में छानकर उसमें छोटी हरड़ प्रायः सौ ग्राम या दो सौ ग्राम डाल दें। चौबीस घंटे के बाद उसे निकालकर एक सप्ताह छाया में सुखायें। इसके बाद गोधृत में मन्दाग्नि से उसे भूनकर काला नमक (आवश्यकतानुसार) मिला दें, तदन्तर चौड़ी शीशी में रख लें। नित्य दोपहर में भोजन के बाद तथा रात्रि में सोते समय एक-एक हरड जल के साथ चबा लिया करे, इसमें जीवन में कभी उदर विकार-मलाव रोध रोग होगा ही नहीं : क्योंकि - **सर्वेषामेव रोगाणां निदानं कुपिता मलाः** अर्थात् सभी रोगों की जड़ कुपित हुआ मल ही है ऐसा कहा गया है। हरीत संहिता जो कि आयुर्वेद का प्राचीन तथा प्राममिणक ग्रन्थ है, उसमें हरीत मुनि ने शिष्यभाव से महामुनि अगस्त्य जी से आरोग्य सम्बंधी जो प्रश्न किये, उनमें सर्वाधिक गुण हरड़ के बताये हैं। हरड़ को शिवास्वरूप (माता पार्वती) कहा है। वैद्यशिरोमणि लोलिम्बराज ने अपने वैद्यजीवन ग्रन्थ में श्वांस-कास की औषधि में हरड़ को 'शिवा' नाम से सम्बोधित किया है। यथा-
(घनविश्वशिवा) गुड़जा गुटिका
**त्रिदिनं वदनाम्बुजमध्यधुता।**
**हरति श्वशनं कसनं ललने**
**ललनेव हिमं हृदयोपगता ।।**
अर्थात लोलिम्बराज अपनी प्रियतमा धर्मपत्नी से कहते हैं कि प्रिये।
घन- मोथा, विश्व- सोंठ और शिवा- हरड इनको सममात्रा में लेकर फिर उसके बराबर पुराना गुड़ मिलाकर गोली बना तीन दिन नित्य चूसें तो रोगी के श्वास-कास ऐसे भाग जायें जैसे वरांगना (बराड्ग.ना) के साहचर्य से शीत पलायन कर जाता है।
तदनुसार एक वैद्य में एक राजा को ऋतु के अनुरूप हरड़ के सेवन की विधि बतलाते हुए आशीर्वाद दिया, कहा कि- हे राजन! आप ऋतु के अनुरूप हरड़ का सेवन करें, यथा -
**ग्रीष्मे तुल्यगुडां सुसैधवयुतां मेधाडवनद्धेडम्बरे,**
**तुल्या शर्करया शरद्यमलया शुंठया तुषारागमें।**
**पिप्वल्या शिशिरे वसन्तसमये क्षौद्रेण संयोजितम्**
**राजन् प्राप्य हरीतकीमिव रूजो नश्यन्तु ते शत्रवः ।।**
अर्थात हे राजन! जैसे ऋतु के अनुरूप-ग्रीष्म ऋतु में हरीतकी के बराबर गुड़ के साथ और वर्षा ऋतु में सेंधा नमक के साथ, शरद-काल में आंवला चूर्ण के साथ, हेमन्तकाल में सोंठ के साथ, शिशिर ऋतु में छोटी पीपल के साथ तथा वसन्त ऋतु में शहद के साथ हरड् का सेवन करने से रोगों का नाश हो जाता है, उसी प्रकार आपके शत्रु नष्ट हो जायं।
हरीत सहिंता में हरड़ की महिमा इस प्रकार बतायी गयी है-
**उन्मीलनी बुद्धिबलेन्द्रियाणां**
**निर्मूलिनी पित्तकफानिलानाम् ।**
**विरत्रंसिनी मूत्रशकृन्मलानां**
**हरीतकी स्यात् सह भोजनेन ।।**
अर्थात छोटी हरड़ भूनकर थोड़ा सेंधा नमक या काला नमक मिलाकर चूर्ण बना लें, उसमें से थोड़ा-सा भोजन के साथ ले लिया करें तो वह हरड बुद्धि, बल एवं इन्द्रियों में कार्य करने की क्षमता उत्पन्न करती है और वात, पित्त, कफ, इन त्रिदोषों का मूलतः शमन करती है तथा मल-मूत्र, पसीना आदि दुर्गन्धित मलों को संशोधित करके बाहर निकालती है।
इसी प्रकार हरीतकी के महात्म्य में एक प्रसंग और देखें -
**हरीतकीं भुंक्ष्व राजन मातेव ह्नितकारिणी।**
**कदाचित् कुपिता माता नोदरस्था हरीत की।।**
अर्थात हे राजन्! आप अनेक कटुक कुटक कषाय आदि औषधि न खाकर केवल हरड का ही नित्य सेवन करें, यह माता (शिवा)- के समान ह्नितकारिणी है। माता कभी-कभी किसी कारणवश कुपित हो भी सकती हैं, परन्तु उदर में स्थित हरड़ कभी किसी कारण वश कुपित हो भी सकती हैं, परन्तु उरद में स्थित हरड कभी कुपित न होगी। हरड़ प्रत्येक स्थिति में मनुष्य के अनेक रोग कष्ट करती है। महामुनि अगस्त्य तथा शिष्यभाव को प्राप्त मुनिवर हारीत के हरड़-गुणात्मक इस प्रसंग से मानवमात्र को आयु- आरोग्य एवं ऐश्वर्य की वृद्धि करने के लिये प्रेरणा प्राप्त करनी चाहिये।



## काव्य कोना

### अधूरे सपने

आधे अधूरे अधूरे अधूरे,
अपूर्णता में अपने,
फिर भी है आश्वस्त,
अधर से अधर में,
न उपर न नीचे लटका अधर में,
अधूरा वह सपना,
सपना अधूरा,
कभी हमने देखा,
कहानी बनी जिंदगानी बनी,
मध्यम के आगे न मध्यम के पीछे,
कभी जब दिखा मानस पटल पर,
उभड़े सभी और उभरते चले,
समन्वय बिठाया राग द्वेष से बचा कर,
जिंदगी स्वयं हँसा और हँसाया,
कहता चला और सुनाता चला,
हर एक कहानी अपूर्णता लिए है,
हरेक सपने में कुछ तो है छुटा,
अधूरा वह सपना,
सपना अधूरा।

❖ नाग मणि

# मार्निंग हैबिट्स को अपनाकर तेजी से करें वेट लॉस

यह बेहद आवश्यक है कि आप सुबह के समय कुछ देर की धूप अवश्य लें। इस समय मिलने वाली धूप आपको ना केवल एक किकस्टार्ट देती है, बल्कि वजन घटाने में मदद करती है। सूर्य के प्रकाश के कारण शरीर को विटामिन डी मिलता है। अधिकतर लोग इन दिनों अपने बढ़ते वजन के कारण परेशान रहते हैं। ऐसे में चाहते हैं कि उनका हेल्दी तरीके से वेट लॉस हो और इसके लिए उन्हें बहुत अधिक मेहनत भी ना करनी पड़े। इस स्थिति में सबसे जरूरी होता है कि आप अपनी कुछ आदतों में बदलाव करें। जी हां, ऐसी कई हैबिट्स होती हैं, जो आपकी वेट लॉस जर्नी को अधिक आसान बनाने में मददगार हो सकती हैं।




**लें हाई प्रोटीन ब्रेकफास्ट :** ब्रेकफास्ट को दिन का सबसे अधिक महत्वपूर्ण मील माना गया है। आप नाश्ते में क्या खाते हैं, इसका एक गहरा प्रभाव आपके वजन पर पड़ता है। अगर आप वेट लॉस करना चाहते हैं तो ऐसे में नाश्ते में प्रोटीन रिच फूड्स जैसे अंडा, पनीर व बेसन आदि को प्राथमिकता देनी चाहिए। प्रोटीन ना केवल आपको लगातार एनर्जी प्रदान करता है। साथ ही साथ, प्रोटीन को पचने में समय लगता है, जिससे आपको लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस होता है और आप ओवरईटिंग से बच जाते हैं, जिससे वेट लॉस में मदद मिलती है।

**अपनाएं 40 मिनट रूल :** यह देखने में आता है कि कुछ लोग ब्रेकफास्ट तो करते हैं, लेकिन उठने के बाद वे काफी देर तक नाश्ता नहीं करते हैं। हालांकि, वेट लॉस के लिए आपको 40 मिनट रूल अपनाने की जरूरत होती है। जिसका अर्थ है कि आप उठने के बाद 40 मिनट के भीतर अपना नाश्ता अवश्य कर लें। दरअसल, जब आप ऐसा करते हैं तो इससे आपका मेटाबॉलिज्म अधिक बेहतर तरीके से काम करना शुरू कर देता है। ऐसे में आपके द्वारा खाया गया भोजन फैट के रूप में स्टोर होने के स्थान पर एनर्जी में बदल जाता है। अगर आप प्रॉपर मील नहीं ले सकते हैं तो कम से कम कुछ नट्स ले लें। इसके बाद आप नाश्ता कर सकते हैं।

**लें पर्याप्त धूप :** यह बेहद आवश्यक है कि आप सुबह के समय कुछ देर की धूप अवश्य लें। इस समय मिलने वाली धूप आपको ना केवल एक किकस्टार्ट देती है, बल्कि वजन घटाने में मदद करती है। सूर्य के प्रकाश के कारण शरीर को विटामिन डी मिलता है। खासतौर से, हर सुबह लगभग 15 मिनट के लिए धूप वेट लॉस को अधिक स्पीड अप करती है।

**जरूर करें एक्सरसाइज :** यूं तो लोग अपने समय की सहूलियत के अनुसार एक्सरसाइज करते हैं, लेकिन अगर आप सच में हेल्दी तरीके से वजन घटाना चाहते हैं तो ऐसे में सुबह के समय एक्सरसाइज करने की आदत डालें। सुबह के समय एक्सरसाइज करने से आप खुद को अधिक एक्टिव महसूस करते हैं, जिससे आपकी बॉडी अधिक एक्टिव होती है और आपका वजन कम होना शुरू हो जाता है।



# समुद्री भोजन हमारे शरीर के लिए फायदेमंद है या नुकसानदेह

झींगा भारत के तटीय क्षेत्रों में एक प्रमुख डिश है। यह भारत में दक्षिण भारत में स्ट्रीट फूड में सबसे ज्यादा खाया जाने वाला सी फूड है जिसे तवे पर कई मसालो के साथ पकाया जाता है जो कि इसके स्वादिष्ट को और बढ़ा देता है। वजन कम करना इतना आसान नहीं है जितना कि कुछ लोग दावा करते हैं। अपने इच्छित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए लंबे समय तक कड़ी मेहनत करनी पड़ती है जिससे हमारे शरीर को खाने पीने की भी जरूरत होती है। यदि हम निरतंर खाते ही रहते हैं तो यह हमारे शरीर का वजन बढ़ा देते हैं जिससे शरीर धीरे-धीरे मोटापे का शिकार होने लग जाता है।
वैसे तो वजन घटाने के बहुत सारे तरीके होते हैं जो पोषक तत्वों से भरपूर होने के साथ साथ आपको प्रोटीन भी प्रदान करते हैं और इनकी सहायता से आप आसानी से वजन घटा सकते हैं। लेकिन एक प्रकार का भोजन ऐसा भी है जो न केवल पोषक तत्वों से भरपूर होता है, बल्कि स्वादिष्ट भी होता है और वह है समुद्री भोजन। तो आज हम जानेंगे कैसे सी फूड वजन घटाने में मदद करता है।

**समुद्री भोजन खाने से कैसे घटायें वजन**

**मछली :** बात करें सी फूड की तो मछली वजन घटाने का एक महत्वपूर्ण घटक है जो आपको तेजी से वेट लॉस में मदद करता है। यह एक ऐसा भोजन है जो खाने में एकदम पेट भर देता है लेकिन यह हल्का होने के कारण कम खाया जाता है इस सी फूड की यही एक खासियत है कि यह कम खाया जाता है।
मांस और मछली की बात करें तो मांस भी समुद्री भोजन का एक अच्छा घटक है लेकिन यह वसा से भरपूर होता है और वजन घटाने में कोई मदद नहीं कर पाता है। लेकिन मछली में प्रोटीन की मात्रा अधिक होने के कारण इसमें वसा की कमी हो जाती है जो सीधे सीधे वजन घटाने में सही साबित होती है। मछली दो प्रकार की होती है। दुबली मछली और वसायुक्त मछली। दोनों समान रूप से स्वस्थ और भरपूर होती हैं जो दिल की बीमारियों को भी दूर करती है।

**प्रॉन्स (झींगा) :** झींगा भारत के तटीय क्षेत्रों में एक प्रमुख डिश है। यह भारत में दक्षिण भारत में स्ट्रीट फूड में सबसे ज्यादा खाया जाने वाला सी फूड है जिसे तवे पर कई मसालो के साथ पकाया जाता है जो कि इसके स्वादिष्ट को और बढ़ा देता है। बाहर से आने वाले टूरिस्ट भी यह डिश जरूर खाना पसंद करते हैं। यह भी कम खाया जाने वाला सी फूड है जो वजन घटाने में सहायक होता है।

**केकड़ा :** पूरे भारत में केकड़ा सबसे पसंदीदा समुद्री व्यंजनों में से एक है। कोलकाता, दक्षिण भारत में केकड़ा तंदूरी, केकड़ा करी और केकड़े सूप भारत में सबसे ज्यादा प्रसिद्ध है। यह प्रोटीन से भरपूर होता है और वसा में कमी के कारण वजन घटाने में भी मदद करता है।
सीफूड को अधिकतर हृदय संबधी बीमारियों के रोकथाम से जोडा.जाता है। इनको खाने से हृदय रोग नहीं होता क्योंकि यह खून में ट्राइग्लीस्राइड लेवल को कम करता है।

### समुद्री भोजन चुनने से पहले किन बातों का रखे ध्यान

**एलर्जी :** सी फूड खाते समय यह ध्यान रखें कि कहीं आपको यह खाकर किसी प्रकार की समस्या तो नहीं हो रही है यदि आपको शरीर मे कुछ ऐसा महसूस होता है तो यह एलर्जी का एक परिणाम हो सकता है जिसे आपको अपनी डाइट में ध्यान देना होगा।

**एसिडिटी :** अक्सर देखा गया है कि कुछ लोग सी फूड को बहुत अधिक खा लेते हैं जिससे उन्हें एसिडिटी महसूस होने लगती हैं तो ऐसे में सी फूड की मात्रा को कम ही रखें जिससे ऐसी किसी भी प्रकार की समस्या से बचा जा सकें और अच्छे प्रकार से भोजन का लुत्फ उठाया जा सकें।

**अधपका सी फूड :** कई बार सी फूड अंदर से कच्चा रह जाता है जो शरीर को बहुत नुकसान पहुँचाता है तो कोशिश रहे कि इसे बनाते समय अच्छी तरह से पका लें।

# घर पर इस तरह बनायें चाय मसाला पाउडर

अधिकतर लोग अपने दिन की शुरूआत में चाय पीते हैं। हालांकि, चाय को लेकर हर व्यक्ति का टेस्ट अलग होता है। लेकिन चाय में अगर चाय मसाला पाउडर डाला जाए तो इसका स्वाद कई गुना बढ़ जाता है। यूं तो मार्केट में आपको अलग से चाय मसाला मिल जाएगा। चाय का सेवन करना अधिकतर लोगों को पसंद होता है। अधिकतर लोग अपने दिन की शुरूआत में चाय पीते हैं। हालांकि, चाय को लेकर हर व्यक्ति का टेस्ट अलग होता है। लेकिन चाय में अगर चाय मसाला पाउडर डाला जाए तो इसका स्वाद कई गुना बढ़ जाता है। यूं तो मार्केट में आपको अलग से चाय मसाला मिल जाएगा। लेकिन अगर आप चाहें तो कुछ मसालों की मदद से इसे खुद घर पर भी बना सकते हैं।

### चाय मसाला के लिए आवश्यक सामग्री

- एक चौथाई कप सूखी अदरक का पाउडर
- जायफल
- बड़े चम्मच हरी इलायची
- 7 से 8 दालचीनी स्टिक
- 1 से 1.25 बड़े चम्मच लौंग
- बड़े चम्मच सौंफ
- तीन चौथाई कप कटी हुई सूखी लेमन ग्रास
- 1 छोटा चम्मच काली मिर्च
- एक चौथाई कप सूखी गुलाब की पंखुड़ियां
- आधा कप सूखी तुलसी के पत्ते

### चाय मसाला बनाने की विधि

- सबसे पहले सूखी अदरक को मिक्सर ग्राइंडर में पीस लें।
- अब जायफल को अदरक के पाउडर के साथ पीस लें।
- अब आप पिसे अदरक और जायफल में लौंग, हरी इलायची, दालचीनी, लेमन ग्रास के पत्ते, सौंफ के बीज, गुलाब की पंखुडी और तुलसी के पत्ते डालें और इसका पाउडर तैयार कर लें।
- अब इसे एक कांच की बोतल में डालें। आप इसे कसकर बंद कर दें और किचन में सूखी ठंडी जगह पर स्टोर करें या एयर-टाइट जार को फ्रिज में रखें।
- जब भी आप भारतीय चाय बनाएं तो आप इस मसाला टी पाउडर का आवश्यकतानुसार उपयोग करें।
- ध्यान दें कि चाय मसाला मिक्स बनाने से पहले आपको मसालों को भूनने की जरूरत नहीं है।
- अगर आप बेसिक तरीके से मसाला टी पाउडर तैयार करना चाहती हैं तो ऐसे में इसमें सौंठ पाउडर, जायफल और हरी इलायची को पीसकर भी तैयार किया जा सकता है।

❖ मिताली जैन

# आंखों की रोशनी के लिए वरदान है काली मिर्च, रोज करना चाहिए इसका सेवन

काली मिर्च में एंटी इंफ्लेमेटरी तत्व पाए जाते है जो कि आँखों के लिए लाभदायक होते है इसके साथ ही काली मिर्च जीवाणुरोधक और इम्युनिटी बढ़ाने में सहायक होती है जिससे आँखों की रोशनी मजबूत बनी रहती है। कमजोर आँखों की रोशनी आजकल हर किसी की परेशानी है गलत खान-पान प्रदूषण और गलत दिनचर्या के कारण भी अब चश्मा लगाने के लिए बुढ़ापे का इंतजार नहीं करना पड़ता आप किसी भी उम्र के हो यह समस्या कहीं ना कहीं आपको जरूर परेशान करती होगी, छोटे बच्चे भी आजकल इस समस्या से ग्रसित है लेकिन आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बता रहे है जिससे आप अपनी आँखों की रोशनी को कुछ हद तक बचा सकते है। कहते है हमारे किचन में सेहत का खजाना है तो किचन की कुछ चीजे आपकी आँखों की रोशनी को कमजोर होने से बचा सकती है। आप सभी के किचन में काली मिर्च तो मौजूद तो होगी ही बस आप काली मिर्च को पीसकर शहद के साथ दो से चार बार सेवन करें इससे आपको कमजोर आँखों की रोशनी में फायदा होगा या रात में सोते समय एक चुटकी काली मिर्च को दूध में मिलाकर पियें और काली मिर्च के पाउडर को देशी घी में मिलाकर सेवन करें आपको आराम मिलेगा। काली मिर्च में एंटी इंफ्लेमेटरी तत्व पाए जाते है जो कि आँखों के लिए लाभदायक होते है इसके साथ ही काली मिर्च जीवाणुरोधक और इम्युनिटी बढ़ाने में सहायक होती है जिससे आँखों की रोशनी मजबूत बनी रहती है। काली मिर्च में विटामिन अ और विटामिन ए पाए जाते है जो आँखों के लिए लाभदायक है।

**नाईट विजन में भी लाभकारी काली मिर्च :** पोटैशयिम की प्रचुर मात्रा मौजूद होती है काली मिर्च में, इसके साथ ही इसमें पिपेरिन मौजूद होता है जो नाइट विजन बढ़ाने में मदद करता है ये सारे तत्व आँखों को यूवी रेज से बचाते है। आँखे कमजोर होने से सिर में भी दर्द भी सकता है उससे बचने के लिए आप काली मिर्च और तुलसी के पत्तों का काढ़ा बना कर पी सकते है।

**मोतियाबिंद से बचाव :** मोतियाबिंद जैसी बीमारी से बचने के लिए काली मिर्च का सेवन फायदेमंद माना जाता है। काली मिर्च में एंटीऑक्सीडेंट गुण मौजूद होते हैं। काली मिर्च की मदद से फ्री रेडकिल्स को कम करने में मदद मिलती है। आंखों के लेंस का बचाव के लिए भी काली मिर्च का सेवन करना चाहिए। ध्यान रहे कि आप ज्यादा मात्रा में काली मिर्च का सेवन ना करें नहीं तो आपको पेट में जलन की समस्या हो सकती है।

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार में वृद्धि होगी, परन्तु भागदौड़ भी अधिक रहेगी।

**वृष राशि :** मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में संयत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन राशि :** आत्मविश्वास बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त रहेगा। अति उत्साही होने से बचें। नौकरी में अफसरों से मनमुटाव हो सकता है।

**कर्क राशि :** व्यर्थ के विवाद एवं झगड़ों से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें। मन प्रसन्न रहेगा।

**सिंह राशि :** मानसिक शांति बनाए रखने के लिए प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या राशि :** शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मन परेशान रहेगा।

**तुला राशि :** मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। नौकरी में बदलाव के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक राशि :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**धनु राशि :** मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं।

**मकर राशि :** शैक्षिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है।

**कुंभ राशि :** मित्रों का सहयोग मिलेगा। भागदौड़ अधिक रहेगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में लाभ के अवसर मि?लेंगे। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें।

**मीन राशि :** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। उच्चशिक्षा के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। मन परेशान हो सकता है।

**KASHYAP'S DENTAL CLINIC**

**Dr. Vaibhav Kashyap**

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट







**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



## न्यूज गैलरी

### रोड एक्सीडेंट में मशहूर एक्ट्रेस कल्याणी का निधन

**मुंबई (एजेंसी)।** मनोरंजन जगत से हाल ही में एक बुरी खबर सामने आयी है। मराठी एक्ट्रेस कल्याणी कुराले जाधव का कल रात (12/11/2022) एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। कथित तौर पर एक्ट्रेस को कोल्हापुर रोड पर एक डंपर वाहन ने टक्कर मार दी, जब वह अपना रेस्टोरेंट बंद करके अपने घर जा रही थी। कल्याणी का रेस्टोरेंट हलोंदी सांगली फाटा में स्थित है और दुर्घटना रेस्टोरेंट के आसपास हुई है। कल्याणी ने कुछ दिन पहले ही कोल्हापुर में रेस्टोरेंट खोला था और रोज रेस्टोरेंट में मेहमानों को हैंडल करती थी। कल्याणी अपना बिजनेस और शूटिंग दोनों ही संभालती थीं। काम की बात करें तो कल्याणी कुराले जाधव को आखिरी बार शो 'दखंचा राजा ज्योतिबा' और 'तुझ जीव रंगला' में देखा गया था। इसके अलावा उन्होंने कई टीवी शोज में भी अहम भूमिकाएं निभायीं थी।



### विदेशी आक्रमणों के चलते रुक गया था आयुर्वेद का प्रसार : भागवत




**नागपुर (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि विदेशियों के आक्रमण के कारण आयुर्वेद का प्रसार रूक गया था, लेकिन अब उपचार की इस प्राचीन पद्धति को फिर से मान्यता मिल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि आयुर्वेद को वैश्विक मान्यता दिलाने के लिए कदम उठाने की जरूरत है। भागवत ने यह बात यहां आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, आयुर्वेद पर्व में कही। आयुष में आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी शामिल हैं। केंद्रीय आयुष मंत्री सर्वानंद सोनोवाल और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत भी इस अवसर पर उपस्थित थे। भागवत ने कहा कि लोगों के बीच आयुर्वेद का प्रसार विदेशियों के आक्रमण के चलते रूक गया था। लेकिन आयुर्वेद को फिर से मान्यता मिल रही है और समय आ गया है कि आयुर्वेद के ज्ञान का प्रसार किया जाये। उन्होंने कहा कि इसलिए, हमें आयुर्वेद को कैसे आगे ले जाना चाहिए? उपाय यह है कि हर किसी को वहनीय और सामान्य मेडिकल उपचार मिले और इसके लिये आयुर्वेद से बेहतर विकल्प नहीं है।

### रूस-यूक्रेन युद्ध का खूब लाभ ले रहा भारत

# रूस से तेल आयात हो गया दोगुना

■ अमेरिका व पश्चिमी देशों ने रूस से आयात पर लगा रखा है प्रतिबंध

- ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** अमेरिका ने रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद रूस पर तमाम प्रतिबंध लगा रखा है। लेकिन अपनी स्थिति व मजबूरी बता भारत ने न केवल रूस से व्यापार जारी रखा हुआ है बल्कि उसके साथ व्यापार दोगुना करने का भी फैसला कर लिया है। जिसमें विशेषकर रूस से कच्चे तेल के आयात की मात्रा में ज्यादे बढ़ोत्तरी हुई है। यह बढ़ोत्तरी रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद अमेरिका व कुछ यूरोपीय देशों व ब्रिटेन द्वारा रूस पर आर्थिक प्रतिबंध लगाये जाने के बाद रूस द्वारा भारत को कम कीमत पर तेल दिये जाने के चलते मौका का फायदा उठाने की भारत की कोशिश के तहत हुआ है।




मालूम हो कि रूस-यूक्रेन युद्ध से पहले रूस से भारत अपने कुल कच्चे तेल का एक प्रतिशत से भी कम ही आयात करता था। पर अब हालत यह है कि अपनी कुल आवश्यकता का लगभग 22 प्रतिशत आयात कर रहा है। उधर, इराक और सऊदी अरब से भी कच्चे तेल का आयात कर रहा है और वह कुल आयात का क्रमशः लगभग 21 व 16 प्रतिशत है। आयात दोगुना करने का यह फैसला बीते जुलाई में आरबीआई व वित्तीय सेवा विभाग की बैठक में और उसके बाद सितंबर 2022 में एक उच्च-स्तरीय बैठक के बाद हुआ।

इसके बाद 9 नवम्बर 2022 को विदेश मंत्री एस. जयशंकर तथा रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की मॉस्को में मुलाकात हुई जिसमें भारत ने कहा कि वह मॉस्को से खरीद जारी रखेगा। मॉस्को में मुलाकात के बाद विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा था कि तेल और गैस के दुनिया के तीसरे सबसे बड़े उपभोक्ता के रूप में और एक उपभोक्ता के रूप में जहां आय का स्तर बहुत अधिक नहीं है, यह सुनिश्चित करना हमारा मौलिक दायित्व है कि भारतीय उपभोक्ता के पास सबसे लाभदायक दरों पर माल पहुंचे। ऐसे में हमने देखा है कि भारत-रूस संबंधों ने हमारे फायदे के लिए काम किया है। यदि यह मेरे लाभ के लिए काम करता है, तो मैं इसे जारी रखना चाहूंगा। इस तरह रूस से आयात न केवल जारी है बल्कि दोगुना हो गया है।

## चीन की बातों पर नहीं हरकतों पर ध्यान देने की जरूरत : सेना प्रमुख

**बीजिंग (एजेंसी)।** सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने शनिवार को कहा कि चीन जो कहता है, उससे काफी अलग है और इसलिए भारत को चीनी कार्यों पर ध्यान देने की जरूरत है, न कि उनके लिखित ग्रंथों या लिपियों में क्या है, पर। सेना प्रमुख ने यहां इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में दिल्ली स्थित थिंक टैंक चाणक्य फोरम द्वारा आयोजित चाणक्य संवाद को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की।



उन्होंने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि जहां तक पीएलए के बल के स्तर का सवाल है, कोई महत्वपूर्ण कमी नहीं हुई है। सेना प्रमुख ने यह भी कहा कि एलएसी पर स्थिति स्थिर लेकिन अप्रत्याशित है। जनरल पांडे ने आगे कहा कि हमारे हितों और संवेदनशीलता की रक्षा करने में सक्षम होने के लिए एलएसी (वास्तविक नियंत्रण रेखा) पर हमारे कार्यों को बहुत सावधानी से जांचने की जरूरत है। चीन द्वारा एलएसी पर बुनियादी ढांचे के विकास के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह बेरोकटोक चल रहा था। सेना प्रमुख ने नयी ड्रोन तकनीक के इस्तेमाल की बात करते हुए कहा कि सेना आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में काम कर रही है और अच्छी प्रगति कर रही है।

## मिस्त्र में नहर में गिरी बस, 22 लोगों की मौत

**काहिरा (एजेंसी)।** मिस्त्र की राजधानी काहिरा के उत्तर में डकालिया प्रांत में एक बस नहर में गिरने से 22 लोगों की डूबकर मौत हो गयी। इस हादसे में छह लोग गंभीर हैं। इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट में मिस्त्र के स्वास्थ्य और जनसंख्या मंत्रालय के हवाले से बताया गया कि डकाहलिया प्रांत के आगा शहर में एक बस अचानक अनियंत्रित होकर मंसूरिया नहर में गिर गयी। इस रिपोर्ट में 35 यात्री सवार थे। हादसे की सूचना मिलने पर बड़े स्तर पर राहत अभियान चलाया गया। इस घटना में 22 लोगों की मौत की खबर है। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखवा दिया गया है। इस हादसे में छह लोग गंभीर हैं, जिन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक अधिकारी डॉ. शेरिफ माकन के अनुसार मृतकों में छह महिलाएं और तीन बच्चे शामिल हैं।



## ट्रक-ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर में पांच की मौत, दस घायल

**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना में सूर्यापेट जिले के मुनागना मंडल केन्द्र के बाहरी इलाके में शनिवार देर रात एक ट्रैक्टर ट्रॉली के ट्रक से टकरा जाने से उसमें सवार पांच लोगों की मौत हो गयी और दस अन्य घायल हो गये। पुलिस ने रविवार को कहा कि मुनागला गांव के करीब 38 लोग पास की सागर नहर के बांए किनारे पर स्थित अयप्पा स्वामी मंदिर में महापड़ी पूजा में शामिल होकर ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर घर लौट रहे थे। ट्रैक्टर ट्रॉली गलत रास्ते से आ रही थी और विजयवाड़ा-हैदराबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ट्रक से टकरा गयी। जिससे ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गयी और लोग उसके नीचे दब गए। दुर्घटना के सूचना मिलने के बाद पुलिस और अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया।

## हिमाचल में हुआ 74.61 प्रतिशत मतदान

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश की 68 सदस्यीय 14वीं विधानसभा के लिए शनिवार को हुए चुनावों के शाम तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार लगभग 74.61 प्रतिशत मतदान हुआ है, लेकिन अभी बैलेट से किये गये मतदान के आंकड़े आने बाकी है और इस तरह मतदान 75 प्रतिशत तक या इसे भी पार कर सकता है। अब देखना यह है कि क्या इस बार मतदान 2017 के 75.57 प्रतिशत के रिकार्ड को ध्वस्त कर देगा। राज्य में इससे पहले वर्ष 2012 में 72.69 प्रतिशत और वर्ष 2007 में 71.61 प्रतिशत मतदान हुआ था। निर्वाचन आयोग ने राज्य में इस बार 80 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा था। राज्य के अनेक मतदान केंद्रों पर शनिवार रात्रि 10.30 बजे के बाद तक मतदान होता रहा। शिमला विधानसभा क्षेत्र में स्थापित कुल 1044 मतदान केंद्रों में से 513 पर वेबकास्टिंग से माध्यम से मतदान का सीधा प्रसारण किया गया। चुनाव के लिए 7881 मतदान केंद्र स्थापित किये गये थे, जिनमें 7235 ग्रामीण और 646 शहरी क्षेत्रों में थे। इनके अलावा तीन सहायक मतदान केंद्र सिद्धबाड़ी, बड़ा भंगाल तथा ढिल्लवां में बनाए गए थे। राज्य में 157 मतदान केंद्र का संचालन का केवल महिलाकर्मियों ने किया।



■ 412 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में लॉक

## तीन दिवसीय इंडोनेशिया की यात्रा पर जायेंगे पीएम मोदी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन के तीन प्रमुख सत्र खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, डिजिटल परिवर्तन और स्वास्थ्य में भाग लेंगे। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने रविवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए तीन दिवसीय यात्रा पर सोमवार को इंडोनेशियाई शहर बाली के लिए रवाना होंगे, जहां यूक्रेन संघर्ष और इसके प्रभावों सहित वैश्विक चुनौतियों पर व्यापक विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। क्वात्रा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी और अन्य नेता वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा, पर्यावरण, डिजिटल परिवर्तन जैसे मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

## रिश्वतखोर तहसीलदार के घर मिली एक करोड़ नकदी और 60 तोला सोना

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई के पास अलीबाग की रिश्वतखोर तहसीलदार मीनल दलवी के घर छापा मारकर नवी मुंबई भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने एक करोड़ रुपये नगद और 60 तोला सोना बरामद किया है। एसीबी को शक है कि मीनल दलवी और उनके एजेंट के घर से और बरामदगी हो सकती है। इसलिए मीनल दलवी और उसके सहयोगियों घर छानबीन कर रही है। नवी मुंबई एसीबी सूत्रों ने इस मामले में रविवार को बताया कि तहसीलदार मीनल दलवी शिकायतकर्ता से उसका काम करने के लिए तीन लाख रुपये की रिश्वत मांग रही थी। 28 सितम्बर को इस मामले की शिकायत नवी मुंबई एसीबी कार्यालय में दर्ज करायी गयी थी। नवी मुंबई एसीबी तब से ही मीनल दलवी पर नजर रखे हुए थी। इसके बाद शिकायतकर्ता और मीनल दलवी के बीच रिश्वत की पहली किश्त दो लाख रुपये देने की बात तय हुई। नवी मुंबई एसीबी की टीम ने 11 नवम्बर को जाल बिछाकर शिकायतकर्ता से दो लाख रुपये लेते समय मीनल दलवी और उनके एजेंट राकेश चव्हाण को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एसीबी टीम आज भी मीनल दलवी और राकेश चव्हाण के घर तथा उनके सहयोगियों के घर की तलाशी ले रही है।



# मिसाल! केरल के इस्लामी संस्थान में पढ़ाई जाती है संस्कृत, छात्र पढ़ते हैं- 'गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु'


### छात्रों को बुनियादी ज्ञान प्रदान करने के साथ दूसरे धर्म के बारे में जागरूकता पैदा करना उद्देश्य

**तिरुवंतपुरम (एजेंसी)।** केरल के त्रिशूर जिले में एक इस्लामी संस्थान ने एक अलग ही मिसाल कायम की है, जहां लंबे सफेद वस्त्र पहने और सिर पर साफा बांधे छात्र अपने हिंदू गुरुओं की निगरानी में धाराप्रवाह संस्कृत के श्लोक और मंत्र पढ़ रहे हैं। संस्थान में एक शिक्षक छात्र को 'गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु, गुरु देवो महेश्वरा, गुरु साक्षात परब्रह्म, तस्मै श्री गुरुवे नमः' पढ़ने के लिए कहते हैं और छात्र ऐसा ही करते हैं। एक अन्य छात्र जब विभिन्न श्लोक का पाठ पूरा कर लेता है तो उसके शिक्षक संस्कृत में उससे कहते हैं, 'उत्तमम।' कक्षा में छात्रों और शिक्षकों के बीच संस्कृत में ही सारी बातचीत होती है। मलिक दीनार इस्लामिक कॉम्प्लेक्स (एमआईसी) द्वारा संचालित एकेडमी ऑफ शरिया एंड एडवांस्ड स्टडीज (एएसएएस) के प्राचार्य ओनाम्पिल्ली मुहम्मद फैजी ने कहा कि संस्कृत, उपनिषद, पुराण आदि पढ़ाने का उद्देश्य छात्रों में अन्य धर्मों के बारे में ज्ञान और जागरूकता पैदा करना है।

**एमआईसी** एएसएएस में छात्रों को संस्कृत पढ़ाने का एक और कारण फैजी की अपनी शैक्षणिक पृष्ठभूमि हैं क्योंकि उन्होंने शंकर दर्शन का अध्ययन किया है। उन्होंने कहा कि मैंने महसूस किया कि छात्रों को अन्य धर्मों और उनके रीति-रिवाजों व प्रथाओं के बारे में पता होना चाहिए।



लेकिन आठ साल की अध्ययन अवधि के दौरान संस्कृत के साथ-साथ 'उपनिषद', 'शास्त्र', 'वेदों' का गहन अध्ययन संभव नहीं होगा। फैजी ने कहा कि इसका मकसद इन छात्रों को बुनियादी ज्ञान प्रदान करने और इनमें दूसरे धर्म के बारे में जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने कहा कि दसवीं कक्षा पास करने के बाद आठ साल की अवधि में छात्रों को भगवद गीता, उपनिषद, महाभारत, रामायण के महत्वपूर्ण अंश छात्रों को संस्कृत में पढ़ाये जाते हैं। इन ग्रंथों का चयनात्मक शिक्षण इसलिए प्रदान किया जा रहा है, क्योंकि संस्था मुख्य रूप से एक शरिया कॉलेज है। यह संस्थान कालीकट विश्वविद्यालय से संबद्ध है और यहां उर्दू और हिंदी भी पढ़ाई जाती है।

## न्यूज गैलरी

### केंद्र सरकार के उदासीन रवैया के कारण एचईसी का हाल बेहाल : राजद

रांची। झारखंड प्रदेश राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार ने केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के उदासीन एवं ढुलमुल रवैए के कारण एचईसी का हाल बेहाल और स्थिति दैनीय बनी हुई है इसे सुदृढ़ और मजबूत करने में न केंद्र सरकार गंभीर है और न ही झारखंड भाजपा के मंत्री, सांसद। भाजपा की केंद्र में जब से सरकार आई है तब से कल कारखाने का हाल बेहाल है, भाजपा नेता बयान के बल पर सरकार को टिकाए हुए है इन्हे आम आवाम व गरीबों से कोई सरोकार नहीं है यही कारण है की आज एचईसी जैसे कारखाने बंद के कगार पर है, कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने से हराश और निरास है। एचईसी को बचाने के लिए झारखंड के केंद्र में मंत्री व भाजपा सांसद है उन्हें गंभीरता दिखाना चाहिए। राजद हर हाल में इसे बचाने का प्रयास करेगा बिहार के राजद सांसदों के माध्यम से लोकसभा और राज्यसभा में एचईसी को पुनर्जीवित करने हेतू एवं बदहाली के मामला को उठवाया जायेगा तथा संबंधित केंद्रीय मंत्री को वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए इसे सुदृढ़ और मजबूत करने की मांग रखी जायेगी।

### तीसरे दिन तक झारखंड को एक स्वर्ण दो रजत व एक कांस्य पदक मिला



रांची। भारतीय एथलेटिक्स संघ द्वारा 11 से 15 नवंबर तक असम के साई एथलेटिक्स स्टेडियम, गोहाटी में आयोजित 37वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में तीसरे दिन मिडले रीले में अरविंद बास्की, साकेत मिंज, दीपक टोप्पो, केसव कुमार की चौकड़ी ने बालक 16 वर्ष में 1:59.69 सेकेंड का समय लेते हुए झारखंड को रजत पदक दिलाया। इस उपलब्धि पर खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा, भारतीय एथलेटिक्स संघ के कोषाध्यक्ष सह झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मधुकान्त पाठक, झारखण्ड एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव सी डी सिंह, कोषाध्यक्ष आशीष झा, सीईओएसके पांडेय, झारखंड एथलेटिक्स संघ के उपाध्यक्ष डॉ प्रभात शंकर, कोच सह साई सैग के प्रभारी बिनोद सिंह, कोच आशू भाटिया, योगेश यादव, प्रभात रंजन तिवारी, टीम मैनेजर शैलेश शर्मा, वरुण कुमार, प्रभाकर वर्मा, किरण रानी, आलोक मिश्रा, संजय त्रिपाठी, सिकंदर महतो, सुखेर भगत, रविन्द्र मुर्मू, अजीत साहू, फादर रामू, राकेश सिंह, रणवीर सिंह,अजय नायक, सरोज यादव, अरविन्द कुमार,शशांक भूषण सिंह, प्रिया भारती,राज्य तकनीकी समन्वयक अनवर समेत संघ के पदाधिकारियों ने बधाई दी।

### खेलो इंडिया साइकिलिंग वुमन लीग के 42 किमी में पुष्पा कुमारी ने जीता कांस्य पदक



रांची। लुधियाना साइकिल वैली रोड में 12 से 13 नवंबर तक आयोजित दो दिवसीय खेलो इंडिया विमेन साइकिलिंग लीग मैं झारखंड की पुष्पा कुमारी ने सब जूनियर बालिका वर्ग में मांस स्टार्ट स्पर्धा साइकिलिंग प्रतियोगिता में 42 की.मी की दूरी पूरी कर तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक अपने नाम किया। उक्त पदक हासिल कर झारखंड राज्य का नाम रोशन करने पर झारखंड साइकिलिंग संघ के अध्यक्ष मधुकांत पाठक, झारखंड साइकिलिंग संघ के महासचिव शैलेंद्र पाठक, झारखंड साइकिलिंग संघ के उपाध्यक्ष अम्लान कुसुम सिन्हा, मुकुल टोप्पो, सुरजीत कुमार,अनिल खन्ना, पप्पू जी, झारखंड साइकिलिंग संघ के संयुक्त सचिव विनय विभाकर, झारखंड साइकिलिंग संघ कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह, एस.के पांडे, सुरेश कुमार, संजेश मोहन ठाकुर, विनय पांडे, रामगढ़ जिला साइकिलिंग संघ अध्यक्ष शि.डी सिंह, गोड्डा जिला साइकिलिंग संघ के सचिव रितेश झा, विनय कुमार पांडे अध्यक्ष धनबाद जिला संघ, साहिबगंज जिला साइकिलिंग संघ अध्यक्ष राजेश कुमार यादव, गढ़वा जिला सचिव अरविंद दुबे, ओम प्रकाश गुप्ता, गिरिडीह सचिव जितेंद्र महतो, सरायकेला खरसावां सचिव दिलीप गुप्ता दुमका जिला साइकिलिंग अध्यक्ष वरुण कुमार, नवनीत कुमार,अमित कुमार लोहरदगा सचिव दीपक कुमार, जामताड़ा सचिव सलिल कुमार तथा साइकिलिंग संघ के पदाधिकारियों एवं के प्रशिक्षक रामकुमार भट्ट, जे.एस.एस.पी.एस ने बधाई दी।

झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अष्टम प्रांतीय अधिवेशन का राज्यपाल ने किया उद्घाटन, कहा-

# मारवाड़ी समाज ने सामाजिक कार्य में अपना अतुलनीय योगदान दिया है



नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अष्टम अधिवेशन रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य में मारवाड़ी भवन में संपन्न हुई। अधिवेशन का शुभारंभ सुबह झंडोत्तोलन के साथ हुई। अधिवेशन का उद्घाटन झारखंड के महामहिम राज्यपाल रमेश बैस दीप प्रज्ज्वलित कर की। राज्यपाल का स्वागत एवं अभिनंदन झारखंड लोक नृत्य के साथ किया गया। तत्पश्चात स्वागत अध्यक्ष महेश पोद्दार ने राजस्थानी साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया गया। अधिवेशन में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्हें प्रांतीय अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल ने साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया गया। राज्यपाल रमेश बैस ने अधिवेशन ने मारवाड़ी समाज द्वारा चलाए जा रहे हैं। कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि कोरोना काल में मारवाड़ी समाज ने सामाजिक कार्य में अपना अतुलनीय योगदान दिया है। समाज में संस्कार में महिलाओं का भागीदारी होना चाहिए। उन्होंने सम्मेलन से आवाह्न किया कि अस्पतालों में आने वाले मरीजों के परिजन इधर-उधर भटकते हैं उनके ठहरने का उचित बंदोबस्त करना आवश्यक है। इसके लिए एक भवन का निर्माण रिम्स के आसपास करें। मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि मारवाड़ी समाज राज्य की आन बान और शान है। समाज गरीब निर्धन की सेवा करें। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय वर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया ने कहा कि कहा 87 साल पुरानी मारवाड़ी सम्मेलन सामाजिक संस्था पर हम सब को गर्व है। अधिवेशन में प्रांतीय अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल ने नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल को अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। तत्पश्चात राज्यपाल रमेश बैस, मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास तथा सभी सम्मानित अतिथियों ने संकल्प 2022 स्मारिका का विमोचन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ने की।

### गरीबों व वंचितों के लिए किए जाने वाला कार्य ही सच्ची समाजसेवा है

रांची। राज्यपाल रमेश बैस ने रविवार को मारवाड़ी भवन, रांची में आयोजित झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मलेन के अष्टम अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि असहाय, गरीबों एवं वंचितों के लिए किए जाने वाला कार्य ही सच्ची समाजसेवा है। समाज की सेवा करने वाले को ही भावी पीढ़ी भी याद रखती है। उन्होंने कहा कि समाजसेवा का अवसर व्यक्ति को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में मिलता है। रायपुर, छत्तीसगढ़ के अस्पतालों में उपचार कराने वाले मरीजों के परिजनों के रहने के लिए वहां के मारवाड़ी समाज ने जी प्लस फोर (जी+4) भवन का निर्माण कराया। वहां एम्स एवं डॉ. भीम राव अम्बेडकर मेमोरियल अस्पताल में यह सुविधा मौजूद है। रायपुर के मारवाड़ी समाज द्वारा रिम्स, रांची में भी मरीजों के परिजनों के आवासन के लिए एक जी प्लस फोर भवन के निर्माण का प्रस्ताव दिया गया है। रांची के इस सम्मलेन में उपस्थित प्रतिनिधिगण ने भी कहा भूमि मिलने पर वे भी मरीजों के परिजनों के लिए जी प्लस फोर भवन का निर्माण करा सकेंगे। राज्यपाल महोदय ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए एक अच्छा इंसान बनने के लिए बच्चों को संस्कारी होना जरूरी है। समाजसेवा के लिए दिल बड़ा होना चाहिए न कि शरीर। यदि कोई गरीब अपनी एक रोटी में से आधी रोटी भूखे व्यक्ति को देता है तो इसका बहुत महत्व है। राज्यपाल महोदय ने कहा कि शादी-विवाह एवं अन्य अवसरों पर की जाने वाली फिजूलखर्ची एवं प्रतिस्पर्धा स्वस्थ समाज के लिए उचित नहीं है।

## नगर निकाय चुनाव में पिछड़ों को आरक्षण दिये बिना चुनाव कराने की बात कर रही है सरकार : राजेन्द्र प्रसाद

नवीन मेल संवाददाता



रांची। पिछड़ों की उपेक्षा से आहत मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद कहा कि पिछड़ों व सदानों की उपेक्षा कर सरकार 1932 का खतियान करे या 1964 का आने वाले चुनाव में सरकार में शामिल किसी दलों को कोई लाभ नहीं होगा। एक तरफ पिछड़ों की आरक्षण को बढ़ाने की बात सरकार करती है और दूसरी तरफ पंचायतों में पिछड़ों को आरक्षण दिए बिना चुनाव कराती है और अब नगर निकाय चुनाव में पिछड़ों को आरक्षण दिए बिना चुनाव कराने की बात हो रही है, यह पिछड़ी जातियों को उनके अधिकारों से वंचित करने के साथ-साथ पिछड़ी जातियों की घोर उपेक्षा करने की षड्यंत्र जानबूझ कर की जा रही है। उक्त बातें मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने आज मोर्चा की बैठक में लोगों सम्बोधित करते हुए बैंक्वेट हॉल में कही। प्रसाद ने कहा यदि सरकार झारखंडियों के हित में कुछ अच्छा काम करती है तो सामाजिक संगठन के नाते मोर्चा ने उसका स्वागत भी किया है। लेकिन झारखंड के बहुसंख्यक सदान और 55%आबादी वाली पिछड़ी जातियों की सरकार उपेक्षा करेगी तो मोर्चा इसका घोर विरोध करेगा। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में पिछड़ी जातियों की और सदानों की उपेक्षा बन्द नहीं हुई तो फिर आने वाले समय में इसकी खामियाजा सरकार में शामिल दलों को भी भुगतना पड़ेगा। प्रसाद ने कहा कि निकाय चुनाव से पहले पिछड़ी जातियों का आरक्षण निर्धारित हो इसके बाद ही निकाय चुनाव हो। राजेन्द्र प्रसाद ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि पिछड़ी जातियों की जनगणना, और राजनीतिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति की सर्वेक्षण तुरन्त करवाये।

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में वार्षिक प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

रांची। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में रविवार को वार्षिक प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थीम आजादी का अमृत महोत्सव था। मुख्य अतिथि आईएसएस अधिकारी आशीष सिंहमार थे। आशीष सिंहमार ने कहा कि इस प्रदर्शनी को देखकर बच्चों में निहित क्षमताओं के बारे में पता चलता है। उन्होंने अनुशासन के साथ परिश्रम को सफलता का मूल मंत्र बताया। विद्यार्थियों को जवाबदेह नागरिक बनने का परामर्श देते हुए अभिभावकों को सलाह दी कि वे बच्चों को सही और गलत में अंतर करने एवं रोजगार चयन की स्वतंत्रता की शिक्षा दें। स्कूल के चेयरमैन डॉ एसबीपी मेहता ने सभी छात्र-छात्राओं व शिक्षक-शिक्षिकाओं को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता, प्राचार्य राज किशोर शर्मा व अन्य शिक्षकगण मौजूद थे।

59 वां वर्ष पूरा होने पर श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का प्रसाद किया वितरण

## 1000 से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद को किया ग्रहण

नवीन मेल संवाददाता



रांची। छावनीका परिवार के सौजन्य से श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे में 1000 से अधिक श्रद्धालुओं ने अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के द्वारा संचालित रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एवं धार्मिक संस्था एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 59 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के प्रांगण मे संस्था के सक्रिय छावनीका परिवार के सौजन्य से अपने माता पिता की स्मृति में प्रभात खबर के स्थानीय सम्पादक विजय पाठक, उदय श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, पवन पोद्दार, बिष्णु सोनी एव ज्ञान शर्मा के द्वारा वहां के जरूरतमंद ग्रामीणों एवं मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में आये हुए भक्त प्रेमियो, राहगीरों एवं बच्चों के बीच 59वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का विधिवत उद्घाटन कर वितरण कार्य शुरू किया गया। आज संस्था के सदस्यों ने श्री राज श्यामा (राधा-कृष्ण) एवं गुरू महाराज की फोटो पर चंदन वंदन कर वहा उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार विजय पाठक के द्वारा भगवान के दरबार में आरती कर विधिवत महिलाओं और पुरूष श्रद्धालुओं को चंदन का टिका कर के भजन संकीर्तन कर आज की 59वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण शुरू किया। आज के भंडारे में संस्था ने पुड़ी, भेजिटेबल पुलाव,आलु, कद्दू चना दाल टमाटर मिश्रित सब्जी एव खीर का वितरण किया।

मारवाड़ी कॉलेज में नये स्टूडेंट्स के स्वागत समारोह का आयोजन

## विद्यार्थियों को अपनी लगन व मेहनत से लक्ष्य हासिल करनी चाहिए : डॉ. आरआर शर्मा

नवीन मेल संवाददाता



रांची। मारवाड़ी कॉलेज, रांची में नए स्टूडेंट्स के स्वागत के लिए फ्रेशर्स वेलकम समारोह (परिचय 2022-2025) का आयोजन किया गया। समारोह में कॉलेज के बी.बी.ए विभाग के शिक्षक, कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मनोज कुमार और एच.ओ.डी उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.आरआर शर्मा सर और कॉलेज के हेड कोऑर्डिनेटर डॉ. तरुण चक्रवर्ती सर और कॉलेज के प्लेसमेंट सेल के हेड अनुभव चक्रवर्ती सर के द्वारा परफॉर्मेंस के आधार पर मिस्टर और मिस फ्रेशर का चुनाव किया गया तथा उनको सम्मानित किया गया। मौके पर बी.बी.ए डिपार्टमेंट के फैकल्टी इंचार्ज सुमित कुमार, राकेश सिन्हा व माधुरी और सीमा मैम मौजूद थे। सभी ने नए विद्यार्थियों को नेक और सच्चाई की राह पर चलने की सिख दी, वहीं सीनियर जूनियर रिलेशन को और बेहतर करने की भी सलाह दी। इस मौके पर स्टूडेंट्स ने गीत, संगीत, नृत्य और अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। रैंप पर छात्र-छात्राएं तो चले ही, साथ ही शिक्षक राकेश सिन्हा ने बच्चों के मनोरंजन के लिए एक गीत गया। फिर क्या था, मस्ती का लेवल बढ़ गया।`सभी ने खूब मस्ती किया। टीचर्स ने नए स्टूडेंट के साथ काफी बातचीत की उन्हें उनके भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के माध्यम से नए और पुराने छात्रों ने परिचय के माध्यम से एक दूसरे के साथ आपसी तालमेल, भाई-चारा और स्नेह का परिचय दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ऑर्गनिजर टीम तौसीफ अन्सारी, नैना विश्वकर्मा,साक्षी सेठ, अंजलि सिंह, अमन अली, सुमित कुमार, हिमांशु कुमार, प्रतीक्षा कुमारी का काफी योगदान रहो इस प्रोग्राम में सुपर सीनियर आयुष अग्रवाल, आर्यन मल्होत्रा, तुषार कुमार और अभिषेक यादव का भी सहयोग रहो बीबीए डिपार्टमेंट के मिस्टर फ्रेशर्स और मिस फ्रेशर्स (2022-2025) गोलू कुमार और साक्षी कुमारी रहे।

क्लिनिका क्योर हॉस्पिटल का हुआ उद्घाटन

## कम पैसों में बेहतर इलाज की दी जायेगी सुविधा : डॉ. अल्तमश

नवीन मेल संवाददाता




रांची। कम से कम खर्च पैसे पर गरीब, असहाय, कमजोर, बीमार मरीज, विभिन्न रोगों से ग्रसित रोगियों के लिए 24 घंटा स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध रहे , मरीज स्वस्थ होकर और परिजन अस्वस्त होकर अपने घर लौटे, इसी नेक इरादों के साथ क्लिनिका क्योर हॉस्पिटल की शुरूआत बरियातू रोड स्थित फायरिंग रेंज मैदान के नजदीक साईं अस्पताल के ठीक पीछे गांधी बिहार में किया गया है, ताकि हर किसी को कम पैसों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा यहां उपलब्ध हो सके। इस क्लीनिक क्योर अस्पताल उद्घाटन के हॉस्पिटल के सर्जन डॉक्टर अल्तमस, होपवेल अस्पताल के डॉक्टर शाहाबाज, डॉक्टर मुज्तबा, डॉक्टर मुजम्मिल, वार्ड 4 के पार्षद हुस्ना आरा सहित कई चिकित्सक, नर्स एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे। मौके पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए क्लिनिका क्योर हॉस्पिटल के सर्जन डॉ सैयद अल्तमश ने बताया कि बरियातू का पूरा क्षेत्र अस्पताल का हब माना जाता है। यहां निःशुल्क सेवा उपलब्ध कराने वाला रिम्स अस्पताल से लेकर महंगा से महंगा अस्पताल उपलब्ध है, लेकिन इस बीच में ऐसे लोग परेशान हो जाते हैं, जिनके पास पैसे की बहुत कमी है, तंगहाली है। ऐसे में परिजन को अपने मरीज की जान बचाने की जद्दोजहद रहती है। इन्हीं सब जरुरतमंदों लोगों को देखते हुए, बड़े अस्पताल के मैनेजिंग कमेटी के पैसों और मरीजों की प्रति कितना संवेदनशील होते हैं कि मृतक को भी पैसों के लिए बंधक बनाकर रखे रहते हैं, पैसे मिलते हैं तभी मृतक को उसके परिजनों को सौंपा जाता है। इस तरह के कई और समस्याओं से लोगों को परेशान होते देखा है, इसलिए कम पैसों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की सोच के साथ हम सब ने इस क्लिनिका क्योर हॉस्पिटल को स्थापित किया है। कौन कौन हैं इस टीम में: सर्जन डॉ सैयद अल्तमश,एनिथिसिया के डॉक्टर आफताब सहित प्लास्टिक सर्जन डॉक्टर विवेक गोस्वामी, बच्चों के स्पेशलिस्ट डॉक्टर रंजीत, महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर डॉ अखौरी तृप्ति प्रकाश, डा.सोनिया बंसल, लैबोरेट्री मेडिसिन, डॉ. रुचि एवं यूरोलॉजी में डॉ. प्रशांत, न्यूरोलॉजी में डॉ. वकार, फिजीशियन में डॉक्टर ए.के अग्रवाल, सहित करीब 24 डॉक्टर्स की टीम हैं।

11 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की नगर स्तरीय गीता गायन प्रतियोगिता सम्पन्न

## छात्रों को जीवन में सीखना एक निरंतर प्रक्रिया है : एमके सिन्हा

नवीन मेल संवाददाता



रांची। रविवार को डा. एपीजे अब्दुल कलाम नगर के अन्तर्गत शहर के 11 विद्यालयों के छात्र -छात्राओं की नगर स्तरीय गीता गायन प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता आर एस अग्रवाल ने की। मुख्य अतिथि सहायक क्षेत्रीय निदेशक सह प्राचार्य डीएवी हेहल एमके सिन्हा ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उन्होंने चिन्मय मिशन के चरित्र विकास के लिए किये जाने वाले इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने छात्रों को सही तरीके से शिक्षित करने के लिए शिक्षिकाओं व माता पिता के सही आचरण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सीखना एक निरन्तर प्रक्रिया है। छात्रों को पहले माता पिता, फिर गुरू और उसके बाद ईश पूजन करना चाहिए । संयोजक श्री वेद प्रकाश बागला ने कहा कि सामान्य सी लगने वाली प्रतियोगिता का एक बड़ा और गहरा उद्देश्य है ।व्यक्ति निर्माण से समाज निर्माण और समाज निर्माण से देश निर्माण है। श्रचिन्मय गीता गायन प्रतियोगिता के उद्देश्य पर प्रकाश डाला और कहा कि स्वामी चिन्मयानंद जी के अनुसार बच्चे राष्ट्रीय सम्पत्ति हैं अतः इनके समग्र विकास की जिम्मेवारी समाज की भी है। उन्होंने प्रतियोगिता के नियमों की जानकारी दी। कार्यक्रम संचालन चिन्मय युवा केन्द्र के श्री राजेश कौशिक ने किया, धन्यवाद ज्ञापन ट्रस्टी श्री प्रेम प्रकाश आर्य ने किया । मुख्य अतिथि महोदय को पुष्प लेकर कोषाध्यक्ष श्री विजय सरायका ने अभिनन्दन किया। अध्यक्ष श्री आर एस अग्रवाल ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। संयुक्त सचिव श्री अशोक अग्रवाल एवं प्रतियोगिता के सहयोगी संयोजक श्री प्रमोद कुमार ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान रूप किया । गणमान्य उपस्थिति में सर्वश्री राजीव रंजन प्रसाद, अशोक अग्रवाल,मनोज मित्तल, संदीप डिडवानिया , विशाल सरायका , कुणाल वदानी , बालेश्वर चौधरी, 150 की संख्या में माता पिता एवं सभी विद्यालय के संयोजक व संयोजिकाए थी। इस नगर के प्रतिभागी विद्यालयों का नाम निम्नलिखित हैं। ऑक्सफोर्ड स्कूल, डी ए वी हेहल, डीएवी नन्दराज मौडर्न स्कूल, शिव नारायण मारवाड़ी मध्य पाठशाला, लाल लाजपत राय स्कूल, स्प्रिंग डेल्स स्कूल, जीपी बुधिया सरस्वती शिशु मंदिर, डी ए वी आलोक पुंदाग। नगर स्तरीय प्रतियोगिता में ग्रुप ए ( नर्सरी से कक्षा 2) में 31 ग्रुप बी में 36, ग्रुप सी में 31 एवं ग्रुप डी में 28 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

पद यात्रा के साथ मधुमेह व हृदय रोग शिविर का भी आयोजन किया गया

## शिविर में 48 लोगों की जांच हुई, चिकित्सकों ने उचित उपचार व परामर्श दिया

नवीन मेल संवाददाता



रांची। विश्व मधुमेह दिवस के उपलक्ष्य में पद यात्रा कर रक्त शर्करा को नियंत्रित रखने को डॉ. वीके जगनाणी ने आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि अनियन्त्रित रक्त शर्करा अत्यधिक हानिकारक है एवं शरीर के प्रत्येक अंग को प्रभावित कर सकता है। अनियन्त्रित रक्त शर्करा के कारण पक्षाघात, हृदयाघात, रेटिनोपैथी (आंखों की रोशनी कम होना), नेफरोपैथी (वृक्क रोग), न्यूरोपैथी (नस तन्त्र रोग), डिस्लिपीडिमिया (वसा रोग) इत्यादि होने की सम्भावना कई गुणा बढ़ जाती है। पद यात्रा के साथ मधुमेह एवं हृदय रोग शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर में 48 लोगों की जांच हुई। इस शिविर में रक्त शर्करा, रक्तचाप, एच बी ए वन सी, फाइब्रोस्कैन (लीवर) कर डॉ वी के जगनाणी द्वारा उचित उपचार एवं परामर्श दिया गया। मधुमेह के साथ रक्तचाप अनियन्त्रित होना करेले पर नीम चढ़ा जैसा है। ऐसी स्थिति में उपरोक्त उलझनें कई कई गुणा बढ़कर जानलेवा भी हो सकती हैं। मधुमेह एवं रक्तचाप को नियन्त्रण रहने से हमलोग इन उलझनों से बच सकते हैं। इसके लिए हमलोगों को पौष्टिक सादा गृह निर्मित भोजन, पर्याप्त जल का सेवन करना चाहिए। प्रयास कर प्रतिदिन 1 घण्टा व्यायाम करना चाहिए। हमें अपने रोग के अनुसार चिकित्सीय परामर्श से ही ओषधि का सेवन करना चाहिए। कभी भी स्वयं उपचार का प्रयास न करें, हानि हो सकती है।

### पृष्ठ एक के शेष


**छत्तरपुर से भारी मात्रा में...**


आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। इस संबंध में छत्तरपुर डीएसपी अजय कुमार ने बताया कि पलामू एसपी के निर्देश पर शराब तस्करी करने वाले माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में छत्तरपुर थाने की टीम ने एक ऑपरेशन किया। जिसमें पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।


**सोन नदी पर पुल बनने से...**


उत्पन्न होंगे। सांसद ने लोगों की मांगें पूरी करने पर संसदीय क्षेत्र की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मंत्री नितिन गड़करी के प्रति आभार प्रकट किया है। पत्रकार वार्ता में भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय, जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी, सांसद प्रतिनिधि चंदन जायसवाल, महामंत्री संतोष दुबे, उमेश कश्यप, सुरेंद्र विश्वकर्मा, धनंजय तिवारी, वीरेंद्र नाथ दुबे आदि मौजूद थे।


**पुलिस ने किया लाठीचार्ज, छोड़े आंसू...**


थाना प्रभारी लक्ष्मण प्रसाद, चक्रधरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार सिन्हा, अंचलाधिकारी बाल किशोर महतो सहित सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस के जवान तैनात थे।

## न्यूज गैलरी

### शादाब ने तोड़ा अफरीदी का रिकॉर्ड, टी-20 क्रिकेट में पछाड़ा

**मेलबर्न (एजेंसी)।** रविवार को टी-20 विश्व कप के फाइनल में पाकिस्तान के स्पिन गेंदबाज शादाब खान ने एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम हासिल की। शादाब इस फाइनल मुकाबले में एक विकेट चटकाते ही टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पाकिस्तान की ओर से सर्वाधिक 98 विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। इसी के साथ उन्होंने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी को भी सर्वाधिक विकेट लेने के मामले में पछाड़ दिया है। शादाब से पहले अफरीदी 97 विकेट लेकर पाकिस्तान की ओर से टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। अफरीदी ने कुल 98 मैचों में 97 विकेट हासिल किए थे। पाकिस्तान के युवा गेंदबाज शादाब खान ने कुल 84 मैचों मे 98 विकेट लिए हैं।

### तमिलनाडु की आंध्र पर आसान जीत

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** विकेटकीपर बल्लेबाज एन जगदीशन की 112 गेंदों पर 114 रन की पारी की मदद से तमिलनाडु ने विजय हजारे एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप सी के मैच में रविवार को यहां आंध्र को 9 विकेट से करारी शिकस्त दी। तमिलनाडु ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया और फिर आंध्र को 205 रन पर आउट कर दिया। इसके बाद जगदीशन ने 12 चौकों और दो छक्कों की मदद से शतकीय पारी खेली। उनके अलावा बी साई सुदर्शन ने 73 रन बनाए जिससे तमिलनाडु ने 32.1 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर दिया। आंध्र एक समय एक विकेट पर 143 रन बनाकर अच्छी स्थिति में दिख रहा था, लेकिन इसके बाद उसने लगातार विकेट गंवाए। उसकी तरफ से सलामी बल्लेबाज अभिषेक रेडी ने 85 और कप्तान केएस भरत ने 51 रन बनाए। तमिलनाडु के लिए आर सिलाबरासन ने तीन जबकि साईं किशोर और संजय यादव ने दो-दो विकेट लिए। इसके अलावा इस ग्रुप में केरल, हरियाणा और गोवा ने भी जीत दर्ज की। शनिवार को इस ग्रुप के सभी मैच बारिश की भेंट चढ़ गये थे। केरल ने अरुणाचल प्रदेश को नौ विकेट से, हरियाणा ने छत्तीसगढ़ को वीजेडी विधि से 35 रन से जबकि गोवा ने बिहार को 88 रन से हराया।

### एशियाई एयरगन चैम्पियनशिप में भारत ने चार स्वर्ण जीते

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय निशानेबाजों ने कोरिया के डेगू में चल रही 15वीं एशियाई एयरगन चैम्पियनशिप में रविवार को सभी चार टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर अपना दबदबा कायम किया। भारत इस प्रतियोगिता में अब तक 10 स्वर्ण पदक जीत चुका है। अर्जुन बाबुता, किरण अंकुश जाधव और रुद्रांक बालासाहेब पाटिल की तिकड़ी ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में कजाकिस्तान को 17-11 से हराकर स्वर्ण पदक के साथ दिन की शुरुआत की। महिला निशानेबाजों ने इसके बाद अपने पुरुष समकक्षों का अनुसरण किया। मेहुली घोष, एलावेनिल वलारिवन और मेघना सज्जनर ने अपने टीम स्पर्धा के खिताबी मुकाबले में मेजबान कोरिया को 16-10 से हराया। नियर पुरुष टीम को पीछे नहीं रही। दिव्यांश सिंह पंवार, श्रीकार्तिक सबरी राज रविशंकर और विदित जैन ने खिताबी मुकाबले में मेजबान कोरिया को 16-10 के अंतर से हराया। तिलोत्तमा सेन, रमिता और नैन्सी की भारतीय जूनियर महिला टीम ने दक्षिण कोरिया 16-2 से हराकर इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में एक और स्वर्ण जीता।

# इंग्लैंड को चैम्पियन बना गये तीन खिलाड़ी, पाकिस्तान को हराकर साबित हुए 'हीरो'

**मेलबर्न (एजेंसी)।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने आईसीसी टी-20 विश्व कप 2022 के फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान को हराकर खिताब जीत लिया है। इंग्लैंड दूसरी बार चैम्पियन बना, इससे पहले उसने 2010 में आईसीसी टी-20 विश्व कप ट्रॉफी पर कब्जा किया था। हालांकि, इंग्लैंड के लिए चैम्पियन बनने का राह आसान नहीं रहा, क्योंकि अगर ऑस्ट्रेलिया का सुपर 12 में स्ट्राइक रेट खराब ना होता तो इंग्लैंड बाहर होती। दोनों टीमों के सुपर 12 के मुकाबले समाप्त होने तक बराबर 7-7 अंक थे, लेकिन इंग्लैंड का नेट रन रेट बेहतर था। खैर...जैसे तैसे इंग्लैंड चैम्पियन बन चुका है और इसके पीछे उनके तीन ऐसे खिलाड़ियों का हाथ रहा जो टीम के लिए 'हीरो' साबित हुए।




**सैम कुरेन :** लेफ्ट आर्म तेज गेंदबाज सैम कुरेन ने अपने प्रदर्शन के दम पर विरोधी टीमों को खूब नचाया। कुरेन टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेनेवाले दूसरे गेंदबाज रहे। उन्होंने छह मैचों में 13 विकेट चटकाए। कुरेन इकलौते ऐसे गेंदबाज रहे, जिन्होंने किसी एक मैच में पांच विकेट लिए हों। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ पर्थ में 10 रन देकर 5 विकेट चटकाये। फिर आयरलैंड के खिलाफ 31 रन देकर 2 विकेट लिए। न्यूजीलैंड के खिलाफ 26 रन देकर 2 विकेट तो श्रीलंका के खिलाफ 27 रन देकर 1 विकेट लिया। वहीं पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल मैच में भी कुरेन ने अपनी टीम को निराश नहीं किया। उन्होंने 4 ओवरों में महज 12 रन देकर 3 विकेट लिए, जिसकी बदौलत उनकी टीम खिताब जीतने में सफल रही।

**जोस बटलर :** इंग्लैंड के धांसू ओपनर व कप्तान जोस बटलर ने ओपनिंग करते हुए टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने का काम किया। वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनानेवाले बल्लेबाजों की सूची में चौथे स्थान पर रहे। बटलर शुरुआती दो मैचों में खास कमाल नहीं कर सके, लेकिन बाद में उन्होंने दमदार पारियां खेल टीम को फाइनल तक पहुंचाया। उन्होंने दो अर्धशतक जमाते हुए 6 मैचों में 45.00 की एवरेज के साथ 225 रन बनाए, जिसमें 24 चौके व 7 छक्के शामिल रहे। बटलर ने 18, 0, 73, 28, 80*, 26 रनों की पारियां खेलीं।

**एलेक्स हेल्स :** ओपनर हेल्स का बल्ला भले ही शुरुआती मैचों में नहीं चला हो लेकिन आखिरी पलों में उनकी दमदार पारियों ने टीम को ट्रॉफी तक पहुंचाने का काम किया। सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ उनकी नाबाद 86 पारी ने टीम को आसान जीत दिलाई। हेल्स भले ही फाइनल में एक रन बना सके हों, लेकिन उनकी पारियां उस दौरान निकलीं, जब टीम को सख्त जरूरत थी।

### सर्वश्रेष्ठ टीमें अपनी गलतियों से सीखती हैं : बेन स्टोक्स

**इंग्लैंड** ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेले गये आईसीसी टी-20 विश्व कप के फाइनल मैच में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया है। इंग्लैंड के बल्लेबाज बन स्टोक्स ने इसे बहुत अच्छी शाम करार देते हुए आदिल राशिद और सैम करन को इस जीत का श्रेय दिया है। बेन स्टोक्स ने मैच के बाद प्रेस वार्ता में कहा, 'फाइनल में खासकर लक्ष्य का पीछा करते हुए.. आप शायद इससे पहले की सारी मेहनत भूल जाते हैं, हमने कैसे गेंदबाजी की, आदिल राशिद और सैम करन ने हमें मैच जिताया। यह एक पेचीदा विकेट था और ऐसा जिसे आपने कभी महसूस नहीं किया था, इसलिए उन्हें 130 के आसपास सीमित करने के लिए गेंदबाजों को इसका काफी श्रेय देना होगा। स्टोक्स ने कहा, उसके साथ (आयरलैंड से हार) प्रतियोगिता में इतनी जल्दी होने के कारण हमें स्पष्ट रूप से इसे संबोधित करना था, जो कहना था कहो और फिर इसे जाने दो। इस तरह के टूर्नामेंट में आप अपने साथ सामान नहीं ले जा सकते, यह रास्ते में एक छोटा सा झटका था, आयरलैंड को श्रेय जाता है कि उसने हमें हरा दिया, लेकिन सर्वश्रेष्ठ टीमें अपनी गलतियों से सीखती हैं और इसे प्रभावित नहीं होने देती हैं। बहुत अच्छी शाम, विश्व कप में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना अद्भुत है.. लेकिन यह अच्छा रहा है।

# टी-20 वर्ल्ड कप 2022 : प्लेयर ऑफ द मैच व सीरीज चुने गये सैम करन

**मेलबर्न (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए आईसीसी टी-20 विश्व कप के फाइनल मैच में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए सैम करन की शानदार बॉलिंग (12 रन देकर तीन विकेट) की बदौलत पाकिस्तान को 137 रन पर रोकने के बाद बेन स्टोक्स (52) की अर्धशतकीय पारी की बदौलत एक ओवर शेष रहते 138 रन बनाते हुए खिताबी जीत अपने नाम की है। सैम करन प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए। करन ने प्रेस वार्ता में कहा कि प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड स्टोक्स को मिलना चाहिए था। करन ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मुझे यह मिलना चाहिए, मुझे लगता है कि जिस तरह बेन स्टोक्स ने फाइनल में अर्धशतक बनाने के लि वहां खेला था, वह हमारे लिए कई बार ऐसा करता है, उसे यह (प्लेयर ऑफ द मैच) मिलना चाहिए। हम इस अवसर का आनंद ले रहे हैं और यह बहुत खास है। बड़ी चौकोर बाउंड्री, इसलिए मुझे पता था कि मेरी इन द विकेट टाइप बॉलिंग काम करेगी और उन्हें हिट स्क्वायर ऑफ द विकेट बनाने की कोशिश करेगी। हमें लगा कि विकेट उतना अच्छा नहीं था जितना हमने सोचा था। यह हर जगह घूम रहा था और पीछा करना चुनौती थी। मैं अपनी धीमी गेंदों से विकेट में जाता हूं और बल्लेबाजों को अनुमान लगाने की कोशिश करता हूं। हम विश्व चैंपियन हैं, कितने अच्छे हैं। करन ने स्टोक्स को अविश्वसनीय करार देते हुए कहा कि वह अविश्वसनीय रूप से विशेष हैं। स्टोक्स वह है जिसे मैं देखता हूं और जब टीम को उसकी जरूरत होती है तो वह हमेशा सामने आता है, लोग उससे सवाल करते हैं लेकिन उससे कोई सवाल नहीं है। सच कहूं तो मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता, यह एक शानदार टूर्नामेंट रहा है। विश्व कप में मेरे लिए पहली बार और हमने इसे जीता है। अद्भुत भीड़, मैं टूर्नामेंट में आने के अनुकूल होना चाहता था।




### हार से दुखी हुए बाबर आजम, कहा- चैम्पियन बनने लायक है इंग्लैंड

**मेलबर्न (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने टी-20 विश्व कप के फाइनल में रविवार को यहां पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर दूसरी बार इस खिताब को अपने नाम किया। पाकिस्तान को आठ विकेट पर 137 रन पर रोकने के बाद इंग्लैंड ने 19 ओवर में पांच विकेट गंवा कर लक्ष्य हासिल किया। इंग्लैंड के लिए हरफनमौला बेन स्टोक्स ने नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं, पाकिस्तान दूसरी बार खिताब जीतने से चूक गया। इससे पहले पाकिस्तान ने 2009 में ट्रॉफी जीती थी, लेकिन अब बाबर आजम की कप्तानी में फिर इसे हासिल करने का मौका मिला तो वह चूक गये। फाइनल में मिली हार से दुखी बाबर आजम ने माना कि उनकी टीम ने स्कोर कम बनाया। बाबर ने कहा, 'इंग्लैंड को बधाई, वे चैम्पियन बनने के लायक हैं और अच्छी तरह से लड़े हैं।

### फीफा वर्ल्ड कप 2022 : पेले की भविष्यवाणी

## इस बार ब्राजील बनेगा चैम्पियन



**कतर (एजेंसी)।** फीफा विश्व कप का आगाज 20 दिसम्बर से कतर में होने जा रहा है। इस विश्व कप में कुल 32 टीमें हिस्सा ले रही हैं। फुटबॉल के इस सबसे बड़े टूर्नामेंट से पहले कई महान फुटबॉलर अपनी-अपनी फेवरेट टीमों की भविष्यवाणी कर रहे हैं। ब्राजील की टीम भी फीफा विश्व कप 2022 के लिए प्रमुख दावेदारों में से एक मानी जा रही है। ब्राजील ने दस टीमों के दक्षिण-अमेरिकी ग्रुप में अपराजित रहकर विश्व कप में जगह बनायी थी। ब्राजील की सफलता को देखते हुए फुटबॉल के महान खिलाड़ी पेले का भी मानना है कि इस बार फीफा विश्व कप ब्राजिल ही जीतेगी। पेले ने सोशल मीडिया पर भविष्यवाणी करते हुए कहा कि यदि, आप सब सोचते हैं कि मैं कहीं ज्यादी ही अति आत्मविश्वासी हूं, लेकिन मेरा यह मानना है कि ब्राजील एक बार फिर यह ट्रॉफी जीतेगा। गौर हो कि ब्राजील फुटबॉल टीम ने आखिरी बार फीफा विश्व कप साल 2002 में जीता था। ब्राजील फीफा विश्व कप 2022 में अपने अभियान की शुरूआत 24 नवम्बर को सर्बिया के खिलाफ खेलकर करेगी। टूर्नामेंट में ब्राजील ग्रुप-जी में शामिल है, इस ग्रुप में स्विट्जरलैंड और कैमरून की टीम भी शामिल हैं।

### पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने की पाकिस्तान की तारीफ, कहा -

## पाक का गेंदबाजी आक्रमण भारत से बेहतर

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत को टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल मैच में खराब गेंदबाजी प्रदर्शन के कारण इंग्लैंड के हाथों 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। अब भारत के पूर्व क्रिकेटर वसीम जाफर ने पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण की तारीफ करते हुए उसे भारत से बेहतर बताया है। जाफर ने पाकिस्तान के गेंदबाजी लाइन-अप में शाहीन अफरीदी, नसीम शाह और हारिस रऊफ जैसे गुणवत्ता वाले तेज गेंदबाजों का उल्लेख किया और टूर्नामेंट में अब तक के उनके प्रभावशाली फॉर्म पर प्रकाश डाला। उन्होंने उल्लेख किया कि कैसे शादाब और नवाज ने अलग-अलग विविधता प्रदान की और महसूस किया कि उनके पास टूर्नामेंट में भारत की तुलना में गेंदबाजी टैंक में बहुत कुछ है। उन्होंने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि पाकिस्तान का गेंदबाजी आक्रमण भारत से बेहतर है। खासकर तेज गेंदबाजी में उन्हें शाहीन शाह अफरीदी, हारिस रऊफ और नसीम शाह मिले हैं और ये सभी 140 से ज्यादा की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं। रऊफ आसानी से 150 का आंकड़ा छू सकते हैं और वह वास्तव में अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। शाहीन की मानें तो उन्होंने जिस तरह से गेंदबाजी की है उससे लगता है कि वह फॉर्म में वापस आ रहे हैं। नसीम बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहा है और शादाब एक शानदार ऑलराउंडर है। जाफर ने कहा कि उनके पास नवाज हैं, हालांकि उन्होंने उन्हें महत्वपूर्ण क्षणों में निराश किया है। कुल मिलाकर आप निश्चित रूप से कह सकते हैं कि पाकिस्तान के पास भारत से बेहतर गेंदबाजी आक्रमण है। हमने (भारत) टूर्नामेंट में अच्छी बल्लेबाजी की है और हमारी गेंदबाजी हमारी बल्लेबाजी से कमजोर दिखती है। यही कारण है कि हम हार गये।




### फाइनल में पाकिस्तान के पस्त होने पर सुनील गावस्कर बोले- उनकी हार पक्की थी

**मुंबई (एजेंसी)।** पाकिस्तानी खेमा मान रहा है कि अगर शाहीन अफरीदी अपने पूरे 4 ओवर फेंक देते तो शायद वो जीत जाते। लेकिन भारत के पूर्व महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कहा कि भले ही शाहीन शाह अफरीदी ने चार ओवरों का अपना कोटा पूरा कर लिया होता, पाकिस्तान की मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 विश्व कप 2022 के फाइनल में हार पक्की थी। हैरी ब्रूक को आउट करने के लिए कैच लेते समय शाहीन को चोट लग गई और वह कुछ देर के लिए बाहर चले गए। वह इंग्लैंड के लक्ष्य का पीछा करते हुए 16वें ओवर में लौटे, लेकिन लियाम लिविंगस्टोन को केवल एक ही गेंद फेंकने के बाद उन्हें फिर लौटना पड़ा। गावस्कर ने माना कि पाकिस्तान 15-20 रन कम था और उनके गेंदबाजों के पास खेलने के लिए पर्याप्त रन नहीं थे। गावस्कर से सवाल किया गया कि क्या शाहीन अफरीदी द्वारा गेंदबाजी ना करने से पाकिस्तान को नुकसान पहुंचा तो उन्होंने जवाब दिया मुझे ऐसा नहीं लगता, क्योंकि उनके पास बोर्ड पर पर्याप्त रन नहीं थे।

## हेड कोच लक्ष्मण के बाद, अब न्यूजीलैंड दौरे पर बीसीसीआई ने नया फील्डिंग कोच किया नियुक्त

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** मुनीष बाली को न्यूजीलैंड के सीमित ओवर दौरे पर भारतीय टीम का क्षेत्ररक्षण कोच नियुक्त किया गया और वह वीवीएस लक्ष्मण की अध्यक्षता वाले सहयोगी स्टाफ का हिस्सा होंगे।

राहुल द्रविड़ की अगुआई वाले सहयोगी स्टाफ को टी-20 विश्व कप के बाद ब्रेक दिया गया है जिससे लक्ष्मण 18 नवम्बर से वेलिंगटन में शुरू होनेवाले इस दौरे पर मुख्य कोच होंगे। भारत इस दौरे पर तीन टी-20 और इतने ही वनडे खेलेगा। न्यूजीलैंड में बाली, ऋषिकेश कानिटकर (बल्लेबाजी कोच) और साईराज बहुतुले (गेंदबाजी कोच) सहयोगी स्टाफ का हिस्सा होंगे। बाली आयरलैंड में भारतीय टीम का हिस्सा थे। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के अलावा इस साल के शुरू में कुछ समय के लिये इंग्लैंड में भी टीम के साथ थे। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि ये तीनों न्यूजीलैंड में लक्ष्मण के सहायक होंगे।




**भारत का न्यूजीलैंड दौरा**

- 18 नवम्बर, शुक्रवार- पहला टी-20, वेलिंगटन।
- 20 नवम्बर, रविवार- दूसरा टी-20, माउंट माउंगनुई।
- 22 नवम्बर, मंगलवार- तीसरा टी-20, ऑकलैंड।
- 25 नवम्बर, शुक्रवार- पहला वनडे, ऑकलैंड।
- 27 नवम्बर, रविवार- दूसरा वनडे, हैमिल्टन।
- 30 नवम्बर, बुधवार- तीसरा वनडे, क्राइस्टचर्च।

# इंग्लैंड पर खूब हुई पैसों की बरसात, अन्य की भी हुई कमाई




**मेलबर्न (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने टी-20 विश्व कप के फाइनल में रविवार को यहां पाकिस्तान को पांच विकेट से शिकस्त देकर दूसरी बार इस खिताब को अपने नाम किया। पाकिस्तान को आठ विकेट पर 137 रन पर रोकने के बाद इंग्लैंड ने 19 ओवर में पांच विकेट गंवा कर लक्ष्य हासिल किया। इंग्लैंड के लिए हरफनमौला बेन स्टोक्स ने नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली। इसी के साथ इंग्लैंड पर इनाम के तौर पर खूब पैसों की बरसात हुई। जानते हैं टूर्नामेंट के खत्म होने पर सभी 16 टीमों को कितना पैसा मिलेगा।

**इंग्लैंड को 13 करोड़ :** विनर टीम इंग्लैंड को 13 करोड़ रुपये दिये जायेंगे, तो वहीं फाइनल में हारनेवाली पाकिस्तान टीम को 6.52 करोड़ रुपये दिये जायेंगे। सेमीफाइनल में हारनेवाली टीम को भारी रकम मिलेगी। इसमें हारनेवाली टीम को 3.26 करोड़ रुपये दिये जायेंगे। सेमीफाइनल में भारत और न्यूजीलैंड की टीम हारी थी। यानी कि इन हारी दोनों टीमों को भी करोड़ों में रकम मिलनेवाली है। इसके अलावा सुपर 12 में जीत दर्ज करनेवाली टीम को इनाम के तौर पर 32 लाख रुपये दिये जायेंगे। सुपर 12 एग्जिट वाली टीम को 57 लाख हासिल होंगे। वहीं फर्स्ट राउंड जीतने वाली और एग्जिट होने वाली टीमों को 32-32 लाख रुपये दिये जायेंगे।

**पुरस्कार राशि की घोषणा -**

- विजेता - 13 करोड़ रुपये।
- उपविजेता - 6.52 करोड़ रुपये।
- सेमीफाइनल हारनेवाली टीमें - 3.26 करोड़ रुपये।
- सुपर 12 में जीतनेवाली - 32 लाख रुपये।
- सुपर 12 एग्जिट - 57 लाख रुपये।
- पहले दौर की जीत - 32 लाख रुपये।
- पहले दौर से बाहर निकलने पर - 32 लाख रुपये।

*-*-*-

